दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 21 | जयपुर | शनिवार, 23 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# प्रदेश की 7 विस सीटों पर उपचुनाव का रिजल्ट आज

## 18 से 22 राउंड में होगी वोटों की गिनती




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान की सात विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को हुए उपचुनावों के रिजल्ट 23 नवंबर (शनिवार) को आएंगे। प्रदेश के 7 जिला मुख्यालयों झुंझुनूं, अलवर, दौसा, टोंक, नागौर, उदयपुर और डूंगरपुर पर सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट गिने जाएंगे। इसके बाद ईवीएम के वोटों की गिनती होगी। पांच सीटों पर विधायकों के सांसद बनने और दो पर विधायकों के निधन की वजह से उपचुनाव हुए हैं। उपचुनावों के रिजल्ट सरकार और विपक्ष दोनों का सियासी नरेटिव सेट करेगा। इन 7 सीटों पर उपचुनाव हुए, उनमें भाजपा के पास सलूंबर को छोड़कर कोई सीट नहीं थी। दौसा सीट से कांग्रेस के मुरारीलाल मीणा, देवली-उनियारा से हरीश मीना, झुंझुनूं से बृजेंद्र सिंह ओला, खींवसर से हनुमान बेनीवाल, और चौरासी विधानसभा सीट से विधायक राजकुमार रोत के सांसद बन जाने से सीटें खाली हुई थी। संलूबर से भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा और रामगढ़ से कांग्रेस विधायक जुबेर खान का निधन होने की वजह से सीट खाली हुई है।

### एक सीट के अलावा अधिकतर पर पहली बार पहुंचेंगे विधानसभा

राजस्थान में दौसा, झुंझुनूं, चौरासी, रामगढ़, सलूंबर, देवली उनियारा और खींवसर सीट पर 13 नवंबर को मतदान हुआ था। सबसे ज्यादा मतदान खींवसर सीट पर हुआ था, दौसा में सबसे कम मतदान हुआ था। राजस्थान में चार सीटों पर त्रिकोणीय और तीन पर बीजेपी तथा कांग्रेस में सीधा मुकाबला है। इन सात सीटों में से चार कांग्रेस के पास थी, वहीं एक-एक सीट बीजेपी, आरएलपी और बीएपी के पास थी।

शनिवार को आने वाले परिणाम में किस पार्टी की जीत होगी और किसे हार का सामना करना पड़ेगा, इसका पता तो कल मतगणना के बाद ही पता चलेगा। लेकिन यह तय है कि जीतने वाले अधिकतर प्रत्याशी पहली बार विधानसभा में पहुंचेंगे।

#### दौसा- किरोड़ी की साख दांव पर

दौसा विधानसभा सीट पर मंत्री किरोड़ी लाल और कांग्रेस नेता सचिन पायलट की साख दांव पर लगी हुई है। यहां भाजपा के जगमोहन मीणा जीतें या कांग्रेस के दीनदयाल बैरवा, पहली बार विधायक बनकर विधानसभा में पहुंचेंगे। माना जा रहा है कि इस सीट पर दोनों पार्टियों के बीच कांटे का मुकाबला है।

#### झुंझुनूं- गुढ़ा बिगाड़ सकते हैं खेल

यहां से भाजपा के राजेन्द्र भाम्बू जीतें या कांग्रेस के अमित ओला, पहली बार विधायक बनकर विधानसभा के सदस्य बनेंगे। यहां से ओला परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। यहां से अमित ओला के पिता बृजेन्द्र ओला व दादा शीशराम ओला मंत्री व विधायक रह चुके। भाम्बू का भी यह तीसरा विधानसभा चुनाव है। वहीं राजेन्द्र गुढ़ा ने भी मजबूती से चुनाव लड़ा है, इसलिए उनपर भी सबकी निगाहे टिकी हुई हैं।

#### सलूम्बर- यहां त्रिकोणीय मुकाबला

यहां से भाजपा ने शांता देवी को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने रेशमा मीणा को टिकट दिया है, जबकि भारतीय आदिवासी पार्टी ने जितेश पर भरोसा किया है। यहां भी तीनों में से कोई भी जीते, विधानसभा में पहली बार जाएंगे। इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय नजर आ रहा है।

#### देवली-उनियारा- विवाद के बाद सबकी नजर

यहां से भाजपा के राजेन्द्र गुर्जर, कांग्रेस से केसी मीणा और निर्दलीय नरेश मीणा मैदान के बीच मुकाबला है। यहां भी निर्दलीय के वोट हार-जीत के समीकरण तय करेंगे। यहां भी केवल बीजेपी प्रत्याशी ही एक बार विधायक रह चुके हैं, ऐसे में इनके अलावा कोई जीतता है तो पहली बार ही विधानसभा जाएंगे। चुनाव के दौरान यहां विवाद व लाठीचार्ज, आगजनी व तोडफोड़ की घटना हो चुकी। इसलिए इस हॉट सीट पर सबकी नजरे टिकी हुई हैं।

#### रामगढ़- सहानुभूति की लहर

यहां से भारतीय जनता पार्टी ने पिछली बार के बागी सुखवंत सिंह पर भरोसा जताया है जबकि उनका मुकाबला कांग्रेस के आर्यन जुबेर खान से है। यहां आमने सामने का मुकाबला है। जो भी जीतेगा वह पहली बार विधानसभा में पहुंचेगा। इस सीट पर जुबेर खान के निधन के बाद सहानुभूति की लहर भी है।

#### चौरासी- बाप को मिल सकती है बढ़त

आदिवासी बाहुल्य वाले इस क्षेत्र से भाजपा ने कारीलाल ननोमा को, कांग्रेस ने युवा सरपंच महेश रोत को और भारतीय आदिवासी पार्टी ने यहां से अनिल कटारा को प्रत्याशी बनाया है। यहां से सांसद राजकुमार रोत की प्रतिष्ठा दांव पर है। भाजपा व कांग्रेस के लिए भी यह सीट महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यहां भी जो भी जीतेगा वह पहली बार विधानसभा में पहुंचेगा। अभी तक के अनुमानों के मुताबिक यहां बाप प्रत्याशी मजबूत माने जा रहे हैं।

#### खींवसर- बेनीवाल की प्रतिष्ठा दांव पर

यहां से भाजपा के रेवतराम डांगा जीतें, आरएलपी की प्रत्याशी कनिका बेनीवाल या कांग्रेस की डॉक्टर रतन चौधरी। तीनों में कोई भी जीते पहली बार विधानसभा में पहुंचेंगे। यह सीट हनुमान बेनीवाल की परम्परागत सीट रही है। आरएलपी के लिए प्रतिष्ठा की सीट भी है। यहां से बेनीवाल की पत्नी मैदान में है।

### उपचुनाव में 7 में से 6 सीटों पर 2023 से कम वोटिंग

**13 नवंबर 2024 को हुए मतदान में 7 सीटों पर औसतन कुल 69.72 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। वहीं, 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान इन क्षेत्रों में 74.74 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। सात सीटों में से 6 सीटों पर 2023 के विधानसभा चुनाव की तुलना में कम वोटिंग हुई थी। इन सात में सबसे ज्यादा 75 प्रतिशत से अधिक मतदान खींवसर और रामगढ़ सीट पर हुआ था। वहीं, खींवसर सीट पर उपचुनाव में विधानसभा चुनाव 2023 से 2.13 फीसदी ज्यादा वोटिंग हुई थी। खींवसर सीट पर 2023 के मतदान प्रतिशत 73.49 की तुलना में अब उपचुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़कर 75.8 हो गया। यहां आरएलपी उम्मीदवार कनिका बेनीवाल, भाजपा उम्मीदवार रेवतराम डांगा के बीच कांटे का मुकाबला है। दौसा सीट पर पिछली बार से 12.10 प्रतिशत कम वोट वोटिंग हुई थी। यहां मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा भाजपा उम्मीदवार हैं।**

### ईवीएम से सुबह 8:30 बजे से होगी काउंटिंग

**राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया- ईवीएम से वोटों की गिनती सुबह 8:30 बजे शुरू की जाएगी। इसके लिए 98 टेबल लगाई गई है। सभी 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 141 राउंड में ईवीएम से वोटों की गिनती होगी। वोटर्स की संख्या के आधार पर 18 से 22 राउंड में गिनती होगी।**



## सीबीआई ने नारकोटिक्स ब्यूरो के इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते पकड़ा

### केस के निपटारे के लिए मांगे थे 20 लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने चित्तौड़गढ़ के केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) के इंस्पेक्टर और बिचौलिए को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एक क्लिनिक के खिलाफ मामले के निपटारे के लिए 20 लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। बिचौलिए के मार्फत रिश्वत के 3 लाख रुपए लेते आरोपी इंस्पेक्टर को पकड़ा गया है। फिलहाल दोनों आरोपियों से सीबीआई टीम पूछताछ करने में जुटी है।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को परिवादी ने शिकायत की थी। इसमें चित्तौड़गढ़ के केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) के इंस्पेक्टर एक बिचौलिए के मार्फत 3 लाख रुपए की रिश्वत मांग रहे है। रिश्वत की रकम आरोपियों की ओर से उनकी क्लिनिक के खिलाफ मामले के निपटारे के लिए मांगी जा रही है। मामले निपटारे के लिए 20 लाख रुपए की रिश्वत की डिमांड की गई थी। उसके बाद आरोपियों की ओर से 8 लाख रुपए की रिश्वत मांग रखी गई।

## एमपी-यूपी समेत 6 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट

### कानपुर-गोरखपुर में विजिबिलिटी 500 मीटर; राजस्थान के माउंट आबू में तापमान 5डिग्री

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर।** देश में उत्तर भारत के राज्यों में ठंड और घने कोहरे का असर लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश में शुक्रवार को घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। घने कोहरे के कारण उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और कानपुर में बुधवार सुबह विजिबिलिटी घटकर 500 मीटर रह गई। उधर, राजस्थान के हिल स्टेशन माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में भी ठंड का असर कम नहीं हो रहा है। एमपी के 8 शहरों में टेम्प्रेचर 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। भोपाल में तापमान 10.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह पिछले 10 साल में नवंबर का तीसरा सबसे कम तापमान है। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी थमी, लेकिन तापमान माइनस में जम्मू-कश्मीर के पहाड़ों में बर्फबारी पिछले 2 दिनों से नहीं हो रही है। इसके बावजूद श्रीनगर में तापमान 0.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

शोपियां गुरुवार को देश का सबसे ठंडा जिला रहा। यहां तापमान माइनस 3.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। वहीं, अनंतनाग में माइनस 3.5 डिग्री, पुलवामा में माइनस 3.4 डिग्री पहुंच गया था। मौसम विभाग ने कहा है कि नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में तेज बारिश का दौर अभी जारी रहेगा।

### मुख्यमंत्री ने ली जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक

## प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना हमारा लक्ष्य, योजनाओं के लिए धन की नहीं आने दी जाएगी कमी : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। इसके लिए राज्य सरकार प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए धन की किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। विभागीय अधिकारी योजनाओं को चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त बजट का समय पर उपयोग करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन एवं अमृत 2.0 योजना के तहत चल रहे कार्यों तथा बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर इन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रमुख शासन सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी भास्कर ए. सावंत ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागीय योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की प्रगति की जानकारी दी।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल के मात्र 11 महीनों में ही जल जीवन मिशन के तहत 10.32 लाख कनेक्शन दिए जा चुके हैं। उन्होंने इस योजना के कार्यों में तेजी लाते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में लगने वाले नलकूपों एवं जल आपूर्ति प्रणाली के संचालन हेतु आवश्यक विद्युत की व्यवस्था सोलर प्लांट लगाकर की जाए। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में हुए कनेक्शनों के रख-रखाव के लिए स्थानीय ग्राम पंचायतों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाए।



#### अमृत 2.0 के तहत तय लक्ष्यों को शीघ्र करे पूरा-

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत चल रहे कामों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर जल प्रबंधन को और प्रभावी बनाए। साथ ही, स्थानीय नागरिकों एवं जन प्रतिनिधियों की जल प्रबंधन में भागीदारी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मल्टी स्टोरी इमारतों में जल कनेक्शन के लिए विस्तृत गाइडलाइन तैयार कर उचित कार्यवाही की जाए। शर्मा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में रिक्त पदों की स्थिति की भी समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य के युवाओं को रोजगार देना सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। अतः विभाग में राजपत्रित, अराजपत्रित, तकनीकी एवं चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के रिक्त पड़े 12 हजार से अधिक पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए।

## हिमाचल सरकार की सीपीएस केस याचिका सुप्रीम कोर्ट में मंजूर

बढ़ता राजस्थान

**शिमला।** हिमाचल सरकार की 6 मुख्य संसदीय सचिव को हटाने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्टेटस-को यानी यथास्थिति बनाए रखने को कहा है। इस मामले को पहले से चल रहे छत्तीसगढ़, पंजाब और पश्चिम बंगाल के केस के साथ जोड़ दिया है। इन राज्यों के सीपीएस केस भी कोर्ट में पहले से विचाराधीन हैं। वहीं सीपीएस केस को हाईकोर्ट में ले जाने वाले याचिकाकर्ताओं को भी नोटिस जारी कर 2 हफ्ते में सरकार की याचिका पर जवाब मांगा गया है। अब इस मामले में 20 जनवरी को सुनवाई होगी। एससी के स्टेटस-को के आदेश से सीपीएस हटे रहेंगे।

## प्रदेश में सर्दी तेज, माउंट आबू में पारा 5 डिग्री

### कोटा-सीकर में पारा औसत से 4 डिग्री नीचे आया; जयपुर-भिवाड़ी का एक्यूआई लेवल 300 से ऊपर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तरी हवाओं का प्रभाव बढ़ने के साथ ही राजस्थान के कई हिस्सों में सर्दी तेज हो गई। सीकर, कोटा और अजमेर में रात का न्यूनतम तापमान औसत से 4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया।

दिन में हल्की धुंध (कुहासा) छाने के चलते भिवाड़ी-जयपुर में दूसरे दिन भी एयर क्वालिटी इंडेक्स लेवल 300 से ऊपर दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों ने राजस्थान में अगले एक सप्ताह तक मौसम ड्राई रहने और तापमान में एक-दो डिग्री सेल्सियस की और गिरावट होने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा सर्दी हिल स्टेशन माउंट आबू में रही, जहां न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीकर में न्यूनतम तापमान 7 और फतेहपुर में 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उदयपुर में सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।



#### जयपुर-उदयपुर समेत कई शहरों में सीजन की सबसे ठंडी रात

राजस्थान में जयपुर, उदयपुर, चूरू, सीकर, माउंट आबू समेत कुछ अन्य शहरों में बीती रात सीजन की सबसे ठंडी रात रही। राजधानी जयपुर में न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस, कोटा में 12, चूरू में 8.6, उदयपुर में 9.2, अजमेर में 10.2 और भीलवाड़ा में 9.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। इन सभी शहरों में इस सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ।

#### एक्यूआई लेवल अब भी 300 के पार

जयपुर, भिवाड़ी के अलावा कोटा में कल (गुरुवार) एक्यूआई लेवल 300 के पार दर्ज हुआ। जयपुर में एक्यूआई लेवल 303, भिवाड़ी में 320 और कोटा में 309 पर दर्ज हुआ। नागौर (212), सीकर (215), हनुमानगढ़ (202), चूरू (262), बीकानेर (212) और झुंझुनूं (214) में एक्यूआई लेवल 200 से 300 के बीच दर्ज हुआ। वहीं अजमेर, अलवर, भरतपुर, दौसा, जोधपुर और श्रीगंगानर में एक्यूआई लेवल 200 से नीचे रहा।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# मोबाइल शॉप से हुई करोड़ों की चोरी मामला : पांच आरोपित चढ़े पुलिस के हत्थे

## पुलिस ने डेढ़ करोड़ के मोबाइल -सामान सहित 3 लाख 85 हजार रुपए की नकदी भी बरामद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जवाहर नगर इलाके में छह नम्बर को मोबाइल शॉप से हुई करोड़ों की चोरी की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से चार चोरी करने वाले और एक चोरी का माल खरीदने वाला है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित चुराए गए सामान को बांग्लादेश में बेचने की तैयारी में थे। लेकिन पुलिस ने इससे पहले ही इन्हें पकड कर उनके पास से डेढ़ करोड़ के 74 नए आईफोन, 10 आईपैड, 13 रियलमी फोन समेत अन्य मोबाइल और सामान बरामद कर लिए गए हैं। इसके साथ ही 3 लाख 85 हजार रुपए की नकदी भी बरामद की गई है। साथ ही वारदात के दौरान उपयोग में ली गई कार को जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर के

### आरोपित चोरी किए गए सामान को बांग्लादेश में बेचने की तैयारी में थे

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि छह नवंबर को सुबह जवाहर नगर थाना इलाके में पंचवटी सर्किल के पास मोबाइल की दुकान से चोरी की वारदात हुई थी। बदमाशों ने करीब 120 आईफोन, 150 अन्य फोन, आईपैड, मैकबुक समेत करीब 1.80 करोड़ रुपए का सामान चोरी किया था। पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप और पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम के निर्देशन में स्पेशल टीमों का गठन किया था। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड सफान खान (30) पुत्र अनवर खान निवासी बड़वानी मध्य प्रदेश हाल जूनी इंदौर, राम भरोसे पटेल (27) पुत्र महेश पटेल निवासी देवास मध्य प्रदेश हाल खदराना इंदौर, जतिन हाड़ा (18) पुत्र ओमप्रकाश हाडा निवासी देवास मध्यप्रदेश व राजेश उर्फ खन्ना उर्फ मामा (45) पुत्र अजय सिंह निवासी देवास मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है।

इनके साथ चोरी का माल खरीदने वाले समीर अहमद शेख (38) पुत्र मोहम्मद रफीक शेख निवासी गवंडी (मुंबई) हाल खारघर (मुंबई) को गिरफ्तार किया है। और पुलिस आरोपियों के कब्जे से 74 नए आईफोन, 11 नए आईपैड, एक मैकबुक, 13 नए रियलमी फोन बरामद किए गए हैं और आरोपी सफान खान के कब्जे से 15 इस्तेमाल किए गए आईफोन और





एक लाख रुपए नकद भी बरामद किए गए हैं। आरोपी राम भरोसे पटेल के कब्जे से 7 पुराने आईफोन 1 लाख रुपए नकद बरामद किए गए हैं। और आरोपी जतिन हाड़ा के कब्जे से 7 पुराने आईफोन और आरोपी राजेश उर्फ खन्ना के कब्जे से 16 इस्तेमाल किए गए फोन और 1.25 लाख रुपए नकद बरामद किए गए हैं। और कुल मिलाकर आरोपियों के कब्जे से 3.85 लाख रुपए बरामद किए गए हैं।

**चोरी की बाइक से दिया वारदात को अंजाम :** पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर मोटरसाइकिल चोरी की. उसकी सहायता से वारदात स्थल तक पहुंचे। जयपुर आने के लिए इंदौर से कार किराए पर ली थी। आरोपियों ने वारदात करते समय घटनास्थल से 50 किलोमीटर की दूरी पर अपने फोन और कार को छोड़ दिया था। वारदात से पहले ही मुंबई में चोरी का माल खरीदने वाले से बात कर ली थी।

# रेवाड़ी-फुलेरा शटल को अजमेर तक बढ़ाने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स)।** फुलेरा-अजमेर दैनिक रेलयात्री संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में दैनिक रेलयात्रियों ने पूर्व विधायक निर्मल कुमावत को ज्ञापन देकर रेवाड़ी-फुलेरा शटल को अजमेर तक बढ़ाने की मांग की हैं। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि रेवाडी से प्रतिदिन फुलेरा तक शटल संचालित होता है जो करीब प्रात: 9 बजे फुलेरा आकर दोपहर 12.30 बजे के करीब वापिस रेवाड़ी जाता है। फुलेरा से किशनगढ़-अजमेर तक सैकडों दैनिक रेल यात्री अपनें रोजगार हेत् यात्रा करते हैं जिन्हें इस ट्रेक पर यात्रा हेतू उपयुक्त साधन नहीं मिल पाते हैं इस शटल को एक्स्टेन्शन करने से दैनिक रेलयात्रियों को साधन उपलब्ध होगा ही साथ ही रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व की भी प्राप्ति होगी। प्रात: 7 बजे बाद प्रात: 10.30 बजे के मध्य अजमेर मार्ग पर कोई भी साधन उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण दैनिक रेलयात्रियों काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस दौरान सुनील गोठवाल,नीलेश जैन,पोखरमल चौधरी,सत्य प्रकाश बंसल, खुशाल कुमावत,सोमिल जैन, विजयपाल,जितेंद्र, रामेश्वर,दीपक वर्मा,रवि कुमावत सहित अन्य दैनिक रेलयात्री मौजूद थे।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्तरीय फर्टिलाइजर डिस्ट्रीब्यूशन रेगुलेटरी टास्क फोर्स की बैठक

## कृषकों को उर्वरक की मांग अनुसार आपूर्ति कर निर्धारित दर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय फर्टिलाइजर डिस्ट्रीब्यूशन रेग्युलेटरी टास्क फोर्स की प्रथम बैठक का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले में विभिन्न उर्वरकों की उपलब्धता, महीनेवार मांग एवं अधिक मांग बढ़ने वाले क्षेत्रों के चिह्निकरण के बारे में चर्चा की गई।

जिला कलक्टर ने सभी उर्वरक उत्पादक/आपूर्तिकर्ता संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि जिले में उर्वरक की मांग अनुसार आपूर्ति कर निर्धारित दर पर कृषकों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं विभागीय अधिकारियों को जमाखोरी व कालाबाजारी को रोकने के



लिए उर्वरक निरीक्षकों के माध्यम से प्रभावी गुण नियंत्रण कार्यवाही करवाने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में रबी फसलों में आगामी महीनों में यूरिया उर्वरक की मांग को देखते हुए जिले के आपूर्तिकर्ता /विक्रेताओं को अभी से यूरिया का अग्रिम भंडारण करने के निर्देश दिए ताकि समय पर किसानों को मांग अनुसार यूरिया उपलब्ध हो सके। जिला कलक्टर ने कृषकों को डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में एसएसपी व यूरिया अथवा एनपीके का उपयोग करने तथा मृदा परीक्षण प्रयोगशाला की सिफारिश अनुसार संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने के साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (उत्तर) मुकेश कुमार मुंड सहित अतिरिक्त निदेशक कृषि श्री एल.एन . बैरवा, संयुक्त निदेशक कृषि राकेश कुमार पाटनी ,संयुक्त रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग प्रीति यादव, पुलिस विभाग के अधिकारी ,विभिन्न उर्वरक उत्पादक आपूर्तिकर्ता संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणों और कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## जोन-5 में अवैध बिल्डिंग को किया सील, बाईस बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-05 के महेश नगर स्थित भूखंड संख्या सी-16 में बिना अनुमति के व्यावसायिक उद्देश्य से बनाई गई अवैध बिल्डिंग के खिलाफ पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की। इसके अलावा, जोन-14 में करीब 22 बीघा निजी कृषि भूमि पर बनाई गई दो अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णत: ध्वस्त किया गया। वहीं, जोन-10 में नई माता मंदिर, व्यास की मोरी, दिल्ली रोड, आमेर में आम रास्ते को कब्जे से मुक्त कराया गया। इसके अलावा, जोन-9 में ग्राम सिरोली और गोनेर में भी आम रास्तों को साफ किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि जोन-05 के महेश नगर स्थित भूखंड सी-16 पर बिना जेडीए की अनुमति के 5 मंजिला अवैध निर्माण किया गया था। निर्माणकर्ता को पहले नोटिस जारी किया गया था, लेकिन जब निर्माण नहीं हटाया गया, तो धारा 34(क) के तहत पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। इंजीनियरिंग शाखा की मदद से इंटों की दीवारों और खिड़कियों से प्रवेश द्वारों को सील कर दिया गया। इसके अलावा, जोन-14 के क्षेत्र में करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। इस पर जेसीबी मशीनों और मजदूरों की मदद से मिट्टी-ग्रेवल सड़कें और अन्य निर्माण सामग्री को ध्वस्त किया गया। जोन-10 में स्थित नई माता मंदिर के पास के रास्ते पर कब्जा कर झाड़ियों और दीवारों से अवरोध पैदा किया गया था, जिसे जेसीबी और श्रमिकों की मदद से हटवाया गया।

जोन-09 के सिरोली और गोनेर क्षेत्र में भी करीब 1 किलोमीटर तक पड़े कूड़े और मलबे को हटवाकर आम जनता को राहत दी गई। यह सारी कार्यवाहियाँ मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में की गईं, जिसमें विभिन्न जोनों के अधिकारियों और स्टाफ ने मिलकर अतिक्रमण और अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान चलाया। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा अक्टूबर 2024 से अब तक 65 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया है।



# डॉ.आकिब काज़ी ने बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी में फर्स्ट डिवीज़न से डिग्री प्राप्त की

## राज्यपाल हरीभाऊ किशनराव बागड़े की उपस्थिति में अपैक्स यूनिवर्सिटी जयपुर से हुई कनवोकेशन में सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** डॉ. आकिब काज़ी जी ने बीपीटी (बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी) डॉक्टर की डिग्री फर्स्ट डिवीज़न से राजस्थान के राज्यपाल (गवर्नर ) हरीभाउ किशनराव बागड़े की उपस्थिति में अपैक्स यूनिवर्सिटी जयपुर, राजस्थान से 25 अक्टूबर कनवोकेशन 2024 को प्राप्त की है। डॉ.आकिब काज़ी ने अपनी फिजियोथेरेपी की इंटर्नशिप एशिया के सब से बड़े अस्पताल सिविल हॉस्पिटल अहमदाबाद गुजरात से की है।

इस के अलावा वह (इग्नू यूनिवर्सिटी) एसएमएस मेडिकल कॉलेज (सवाई मान सिंह अस्पताल) गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज जयपुर से (सी. ऐच .बी.ऐच. सी.) होम बेस्ड हेल्थ केयर का कोर्स भी



डिस्टिंक्शन मार्क्स से पास कर चुके है। अजमेर मे हुज़ूर ख्वाजा गरीब नवाज़ की दरगाह के मुख्या वंशज (सज्जादानसीन) दीवान सैयद ज़ैनुल आबेदीन अली खान और सैयद नसीरुद्दीन चिस्ती द्वारा डॉ. काज़ी का सम्मान किया गया और दरगाह दीवान सहाब द्वारा डॉ. काज़ी के लिए दुआ की गयी। डॉ. आकिब काज़ी जी को बहुत शुभकामनाये।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग की 2 दिवसीय सीएमई कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

## स्टेण्डर्ड आफ पंचकर्म प्रोसीजर (प्रधान कर्म, वमन और विरेचन) पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान,मानद विश्विद्यालय के पंचकर्म विभाग द्वारा पंचकर्म प्रोसिजर (वमन, विरेचन)की श्रृंखला के तहत पर 22 से 23 नवंबर तक आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने आयुर्वेद एवं पंचकर्म की जानकारी देते हुए वर्तमान समय मे पंचकर्म उपक्रमो के मानकीकरण की नितांत आवश्यकताओ पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला की सराहना की। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में पंचकर्म चिकित्सा का बहुत बड़ा महत्व है पंचकर्म के द्वारा कई रोगों के उपचार को किया गया है। पंचकर्म की प्रक्रिया का पूरे देश में के एक मानकीकरण होने से आमजन को कई रोगों के निदान में पंच कर्म चिकित्सा पद्धति का लाभ मिल सकेगा।

पंचकर्म विभागाध्यक्ष डॉ गोपेश मंगल ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्देश्य पंचकर्म उपक्रमों के मानको को पूरे देश के लिये तैयार किया गया है, जिससे देश में पंचकर्म प्रोसिजर में एकरुपता आए तथा सभी देशवासियों को कई रोगों के निदान में पंचकर्म चिकित्सा का



समान लाभ मिल सके। राष्ट्रीय कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से 14 विशेषज्ञ सम्मिलित हुए, विशेषज्ञों द्वारा पूर्व कर्म वमन, विरेचन, आदि पंचकर्म विषयो पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई । राष्ट्रीय कार्यशाला के शुभारंभ समारोह मे कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, पंचकर्म विभागाध्यक्ष डॉ. गोपेश मंगल, डॉ. सर्वेश कुमार सिंह, डॉ. क्षिप्रा राजोरिया, डॉ. विपिन तंवर, पंचकर्म वैद्य डॉ. वैभव बापट और डॉ. अनुश्री डी.उपस्थित रहे।

# कच्ची बस्ती मुक्त भारत अभियान की जयपुर से हुई शुरुआत

## घुमंतू नागरिकों को शहरों में मिलेंगे स्थाई आवास एवं पट्टे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में ग्रामीण क्षेत्र में इक्कीस हजार घुमंतु अर्ध घुमंतु तथा विमुक्त जाति समाज के नागरिकों को निशुल्क पट्टे देने के बाद अब भजनलाल सरकार ने जयपुर शहर से शहर में भी स्थाई आवास प्रदान करने की दिशा में घुमंतु, अर्ध घुमंतु एवं विमुक्त जाति समाज को लंबे समय से रह रहे स्थान में पट्टे तथा स्थाई आवास उपलब्ध कराने की दिशा में अलग से आदेश दिए हैं। लंबे समय से घुमंतू समाज हित की दिशा में काम कर रही संस्था भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष एवं कच्ची बस्ती मुक्त भारत अभियान के प्रणेता अनीष कुमार ने बताया कि विकसित भारत के लिए कच्ची बस्ती मुक्त भारत की अवधारणा का मूर्त रूप लेना जरूरी हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस कल्पना को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा शहरी विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मजबूत पहल की हैं। जिसके चलते अब शहर में बसी कच्ची बस्तियों को यथासंभव यथा स्थान पर पट्टे देकर उन्हें विकसित कॉलोनी की श्रेणी में लाया जाना संभव हो पाएगा। कच्ची बस्ती मुक्त भारत अभियान के प्रणेता अनीष कुमार ने भजनलाल सरकार को इस मामले में संवेदनशील बताते हुए जयपुर जिला कलेक्टर डा जितेंद्र सोनी, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी, नगर निगम हेरिटेज एवं ग्रेटर के आयुक्त समेत सभी अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर संतुष्टि जताते हुए कहा हैं कि ऐसा भारत के



इतिहास में पहली बार हो रहा हैं ।जब सभी विभाग के अधिकारी यह ठान कर मैदान में उतर चुके हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प विकसित भारत बनाने के लिए कच्ची बस्ती मुक्त भारत अभियान को पूरे देश के लिए प्रेरणा बनाएंगे और कच्ची बस्ती में रहने वाले गरीब नागरिकों के जीवन को भारत की आजादी के बाद से ही मजबूरी में जी रहे नारकीय जीवन से मुक्ति दिलाएंगे। अनीष कुमार ने बताया हैं कि इस कार्य को करने के लिए उनकी संस्था किसी प्रकार का शुल्क नहीं लेती हैं और जनता को इस दौरान सक्रिय होने वाले दलालों से सावधान रहना चाहिए। यह भजनलाल सरकार द्वारा निशुल्क पट्टे तथा स्थाई आवास की योजना हैं इसका घुमंतू समाज के नागरिकों को सीधा लाभ मिले उसके लिए भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के हजारों कार्यकर्ताओं का आह्वान किया गया हैं।

# संगीत धरोहर को नई पहचान दिलाएगा उदयपुर का मलंग बिट्स बैंड

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** संगीत और कला से रचा-बसा उदयपुर, जिसे झीलों की नगरी के साथ-साथ सांस्कृतिक राजधानी के रूप में भी जाना जाता है, अब एक नई पहल के जरिए अपनी पहचान को और मजबूत कर रहा है। हाल ही में शुरू हुआ मलंग बिट्स बैंड शहर की छिपी हुई संगीत प्रतिभाओं को न केवल पहचान दिला रहा है, बल्कि उन्हें एक ऐसा मंच प्रदान कर रहा है जो उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का सपना देखता है। ऐसे हुई मलंग बिट्स की शुरुआत-मलंग बिट्स की नींव सिनेमा से जुड़े और उद्यमी मुकेश माधवानी ने अक्टूबर 2024 में रखी। मुकेश माधवानी ने बताया कि मलंग बिट्स केवल एक बैंड नहीं है, बल्कि यह हमारे शहर की कला और संगीत को सम्मान देने का प्रयास है। हमारा उद्देश्य है कि उदयपुर के युवा कलाकारों को उनकी कला को निखारने और दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिले। इस बैंड को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए मलंग बैंड की मैनेजिंग निर्देशक निधि सक्सेना ने टीम को जोड़ा और उसे आगे बढ़ाने के प्रयास किए। निधि सक्सेना ने बताया कि हमने मलंग बैंड की शुरुआत को बड़े पैमाने पर की है। मलंग बिट्स हर उस व्यक्ति के लिए है, जो संगीत में अपनी पहचान, काम और जीविकोपार्जन ढूंढता है। हमारा प्रयास है कि हम उदयपुर शहर की बेहतर प्रतिभाओं को आगे लाए, उन्हें मंच और रोजगार दें ताकि वे देश विदेश में अपना और उदयपुर का नाम रोशन कर सकें।

**मलंग बिट्स की विशेषताएं :** मलंग बिट्स सिर्फ एक बैंड नहीं है, बल्कि यह एक समुदाय है। यह बैंड न केवल लाइव परफॉर्मेंस देगा, बल्कि संगीत की नई रचनाओं पर भी काम करेगा। बैंड की संरचना इस



प्रकार की गई है कि यह न केवल संगीत प्रेमियों का मनोरंजन करे, बल्कि नई पीढ़ी को संगीत के प्रति प्रेरित करें। उदयपुर की प्रतिभाओं को नई पहचान- उदयपुर में कई युवा कलाकार ऐसे हैं जिनके पास प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन सही अवसर और उचित मंच नहीं मिलना उनके सपनों के आड़े आ रहा था। मलंग बिट्स ने इस कमी को दूर किया है। बैंड के माध्यम से अब ये कलाकार स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे। मलंग बैंड की टीम का भी कहना कि उदयपुर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही दिशा और अवसर की जरूरत है। मलंग बिट्स न केवल एक बैंड है, बल्कि यह उदयपुर के युवाओं के लिए एक उम्मीद की किरण है। संगीत से जुड़े आयोजनों में भागीदारी- मलंग बिट्स जल्द ही स्थानीय शादियों, सांस्कृतिक आयोजनों, और बड़े संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियां देगा। इसकी योजना केवल स्थानीय स्तर पर ही सीमित नहीं है, बल्कि इस बैंड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगीत समारोहों में ले जाने की तैयारियां भी चल रही है।

# शिक्षकों ने दी नृत्य की प्रस्तुतियां



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** स्वामी शरणम् शिक्षण संस्थान के अन्तर्गत संचालित एस. एस. कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, झामर कोटड़ा रोड़, उमरड़ा, उदयपुर में पंांच दिवसीय समाजापयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर के अन्तर्गत तृतीय दिवस पर छात्राध्यापिकाओं ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी।


महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूर्णिमा नराणिया ने कार्यक्रम का ब्योरा देते हुए बताया कि नृत्य हे परम्परा, नत्य ही जीने की कला। नृत्य ही दिलों को जोड़ता है, नृत्य चेतना का आधार उक्त विचारों को मन में संजोये हुए छात्राध्यापिकाओं ने षिविर में एकल नृत्य एवं समूह नृत्य की प्रादेषिकता के रंगों से भरी प्रस्तुतियॉ दी। जिसमे राजस्थानी संस्कृति की अनूठी छाप दिखाई दी सभी ने मिलकर कार्यक्रम का आनन्द लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के पद को संस्थान के निदेषक डॉ. सुभाष राजक ने सुषोभित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ मीता जोषी एवं श्रीमती हीना जैन रहे। एकल नृत्य में प्रथम उर्मिला मीणा एवं नीलू चौहान द्वितीय स्थान पूजा मेघवाल एवं तृतीय स्थान रेखा कुमारी ने प्राप्त किया। समूह नृत्य में प्रथम रीना डांगी, यामिनि, निर्मला, मोरन्तिका, तनुश्री व भावना राठौड़ समूह द्वितीय स्थान डिम्पल डांगी, गंगां मेघवाल समूह एवं तृतीय स्थान पर ज्योति, सुनिता, भूला, रेखा, दिव्या, सजनी पायल एवं गायत्री समूह ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में रंजना भटनागर, पूर्णेश कोठारी, शिव प्रसन्न सिंह दहिया, श्रीमती कोमल कटारिया एवं श्रीमती पायल पानेरी उपस्थित रहे।

# राजस्थान कृषि महाविद्यालय के पूर्व छात्र परिषद का राष्ट्रीय सम्मेलन कल

## देश-विदेश से 500 से अधिक छात्र लेंगे भाग

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** राजस्थान कृषि महाविद्यालय के पूर्व छात्र परिषद का राष्ट्रीय सम्मेलन 24 नवम्बर को राजस्थान कृषि महाविद्यालय में आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह बारहठ की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें डॉ.जगदीशलाल चौधरी, डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती,डॉ. मनोज महला, डॉ. एस.के .खण्डेलवाल, डॉ.एसके.भटनागर,डॉ. डी.पी. सिंह व महेन्द्र यादव मौजूद थे। पूर्व छात्र परिषद के संयुक्त सचिव एंव प्रवक्ता डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती ने बताया कि सम्मेलन के विशिष्ठ अतिथि के रूप में सांसद डॉ.मन्नालाल रावत होंगे जबकि अध्यक्षता राजस्थान कृषि वि.वि. के कुलपति डॉ. अजितकुमार कर्नाटक करेंगें।उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि सम्मेलन में वि.वि. एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने 36 जनों को सम्मानित किया जायेगा। जिसमें इन्द्रसिंह बारहठ स्मृति अवार्ड से बेस्ट शेक्षणोत्तर कर्मचारी को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की थीम भारत में सतत कृषि विकास के लिये कृषि उद्योगों की भूमिका होगी।



# सीआईडी सीबी रेंज सेल जोधपुर की कार्रवाई : विदेशी कोयले में मिलावट कर चोरी में इनामी सहित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

## गुजरात के रहने वाले है दोनों आरोपी, एक पर घोषित है 11000 का इनाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सीआईडी क्राइम ब्रांच रेंज सेल जोधपुर की टीम ने विदेशी कोयले में मिलावट कर चोरी करने के मामले में सांचौर थाने में दर्ज मुकदमे में वांछित 11000 के इनामी समा याकूब इब्राहिम पुत्र याकूब इब्राहिम (36) सहित मिठू मथडा इब्राहिम पुत्र इब्राहिम भाई मथडा निवासी गांधीधाम जिला कच्छ गुजरात को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले में दोनों आरोपी पिछले 19 महीनों से फरार चल रहे थे। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध एवं एजीटीएफ दिनेश एमएन ने बताया कि रशिया, इंडोनेशिया व यूएसए से महंगा कोयला गुजरात बंदरगाह पहुंचता है। उसके बाद ट्रकों में भरकर अलग-अलग जगह पर भेजा जाता है। इस दौरान बदमाश ट्रक चालकों से मिलीभगत कर कोयले को अपने स्थान पर उतार कर नकली कोयले की मिलावट कर वापस गाड़ी को आगे भेज देते है। वहीं असली कोयले को फर्जी बिलों के जरिए दूसरे लोगों को बेचा जाता है। एमएन ने बताया कि इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने पिछले साल अप्रैल महीने में उनके निर्देशन में सीआईडी सीबी की विभिन्न टीमों द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ एक साथ 13 जिलों में कार्रवाई की गई। सांचौर थाना अंतर्गत माखूपूरा में रीको क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 93 टन कोयला बरामद किया गया। मौके से पकड़े गये रविभाई मकवाना व रायशी काटुंआ निवासी जिला कच्छ गुजरात ने पुलिस पूछताछ में गुजरात के काण्डला बंदरगाह से कोयला भर कर लेकर आने वाले ट्रक चालकों से सम्पर्क कर इस बाड़े में सील तोड़ एक ट्रक में से करीब दो-तीन टन कोयला निकालकर उसमें उतने ही वजन का घटिया कोयला मिलाकर वापस ट्रक को सील कर भेजना बताया। आरोपी बाड़े में एकत्रित किये गये महंगे कोयले को अन्य ट्रक के अन्दर लोड करके ट्रक के सील लगाकर फैक्ट्रियों में भेजते थे। कोयला मंगवाने का काम जगूभाई ठक्कर, सलीम भाई उर्फ याकूब व मिठू काका निवासी गांधीधाम द्वारा किया




जाता, एकत्रित कोयला महेन्द्र भाई भानुसाती व प्रवीण भाई गुप्ता निवासी गांधीधाम को इनके द्वारा बेचा जाता।

# कायस्थ क्रिकेट फेस्टिवल-5 का आगाज

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (नि.स.)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कायस्थ समाज के 45 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागियों क लिए क्रिकेट फेस्टिवल-5 का आयोजन 21 दिसंबर से जोधपुर में पाल बालाजी मंदिर के निकट स्थित ठाकुर जी ग्राउंड में किया जाएगा । प्रतियोगिता में कुल छह टीमें बनाई गई है जिनके मैच 21,22,25,28 एंव 29 दिसंबर को प्रात: 10 बजे से कराए जाएंगे।

'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया है । विजेता टीम को हर वर्ष की भांति पुरस्कृत किया जाएगा । अनिल माथुर ने हमारे संवाददाता को बताया कि टूर्नामेंट की सभी तैयारियाँ पुरी कर ली गई है ।



## राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के पालना गृह में मिली नवजात बच्ची, गुरूवार देर शाम की घटना

# पीएमओ ने बताया बच्ची पूर्णतया : स्वस्थ, लालन-पालन के लिये जयपुर अनाथालय में भिजवाया जायेगा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के पालना गृह में गुरूवार देर रात्रि किसी के द्वारा एक नवजात बच्ची छोड़ जाने से सनसनी फैल गई। जैसे ही बच्ची के रोने की आवाज आई तो अस्पताल के सुरक्षा गार्ड जयसिंह ने उसे तुरन्त शिशू रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन यादव के पास पहुंचाया। चिकित्सकों की जाँच में बच्ची पूर्णतया़ स्वस्थ थी। बच्ची ने गुलाबी कपड़े पहने हुये थे। पीएमओ डॉ. चैतन्य रावत के अनुसार बच्ची कुछ घण्टे पूर्व ही जन्मी थी। फिलहाल वह अस्पताल में ही है। और जिसे लालन-पालन के लिये जयपुर स्थित अनाथालय भेजने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। वहीं दुसरी ओर पुलिस ने भी इस मामले की जाँच शुरू कर दी है।

पुलिस द्वारा बच्ची की पहचान कर उसकी माँ के बारे में जानकारी जुटाने के प्रयास किये जा रहे है। बड़ा सवाल यह है कि ऐसी क्या मजबुरी रही होगी जो उसके माता-पिता ने पैदा होते ही फूल सी नवजात बच्ची को अस्पताल के पालना गृह में छोड़ दिया।



## विभागीय कार्यों में रहे नियमितता, दोषियों के विरुद्ध करें कार्यवाही : आर्य

# जिला प्रमुख वंदना आर्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला परिषद साधारण सभा की बैठक, जन समस्याओं पर किया विचार - विमर्श

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** चूरू जिले में शुक्रवार को जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रमुख वंदना आर्य ने की। बैठक में सांसद राहुल कस्वां, तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। बैठक में विभिन्न जन समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने अधिकारियों से अपने विभागों में अनियमितताओं से बचने और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ सही तरीके से मिलना चाहिए और अधिकारी अपने कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करें। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों का नियमित रूप से मूल्यांकन करने को कहा और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर त्वरित कार्यवाही करने की निर्देश दिए। सांसद राहुल कस्वां ने अधिकारियों से आग्रह किया कि किसी भी समस्या का समाधान तुरंत किया जाए, विशेष रूप से जे जे एम (जयपुर जल मिशन) के लंबित कनेक्शन को शीघ्र पूरा किया जाए।

चूरू विधायक हरलाल सहारण ने टूटी सड़कों, बिजली कनेक्शन, और लाइन शिफ्टिंग जैसी समस्याओं पर ध्यान आकर्षित किया। तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया ने किसानों के मुद्दों पर संवेदनशीलता दिखाने की बात की। इसके



अलावा, अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न मुद्दों जैसे बिजली, पेयजल, कृषि, फसल खरीद, चिकित्सा सेवाओं और पीएम आवास योजनाओं पर चर्चा की। बैठक में कुछ मामलों में विभागीय कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए, जैसे राजगढ़ बीडीओ द्वारा बिना साधारण सभा की बैठक के प्रस्ताव भेजने के मामले पर कार्रवाई। सीईओ श्वेता कोचर ने बैठक का संचालन किया और विभिन्न योजनाओं और कार्यों पर चर्चा की। इस बैठक में सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए समन्वय स्थापित करने का संकल्प लिया।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई मिड-डे-मील समिति की समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में मिड-डे-मील समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में मिड-डे-मील योजना के तहत परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर चर्चा की गई, साथ ही मदरसों में पोषाहार वितरण सुनिश्चित करने, राजकीय विद्यालय में मिड-डे-मील की जांच तथा औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला कलक्टर ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को पोषाहार समय पर उपलब्ध कराने, स्टॉक एंट्री करने, मदरसों की स्थिति में सुधार करने के साथ-साथ विद्यालयों में 'किचन गार्डन' विकसित करने, किचन शेड व सिलेंडर की व्यवस्था दुरूस्त करने तथा मौसमी फल उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) श्रीमती सुमन पंवार, जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रिपिंग रहित बिजली आपूर्ति के लिये अभियंता करें सब स्टेशन एवं फीडर का नियमित निरीक्षण : आरती डोगरा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने अभियंताओं को बिजली की छीजत में कमी लाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि वितरण में हो रही हानि को कम करने के लिये जरूरी है कि अभियंता अपने क्षेत्र में सब स्टेशनों तथा 11 केवी फीडर का नियमित निरीक्षण करें। इससे उन्हें उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग रहित बिजली आपूर्ति करने, विद्युत तंत्र में सुधार के साथ ही छीजत को रोकने में भी मदद मिलेगी। डोगरा शुक्रवार को नीमराना के पॉवर ग्रिड कार्यालय में जयपुर डिस्कॉम के कोटपूतली वृत्त के अभियंताओं की बैठक में समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कोटपूतली सर्किल के पावटा तथा बहरोड़ सिटी एईएन कार्यालयों का निरीक्षण किया तथा गारंटी पीरियड में खराब हुये ट्रांसफॉर्मरों को तत्काल स्टोर में जमा कराने के निर्देश दिये, ताकि उन्हें शीघ्र बदलने की कार्यवाही की जा सके।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने कहा कि कि भार वृद्धि के प्रकरणों में आवेदकों को राहत देने के उद्देश्य से जयपुर डिस्कॉम ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। विद्युत भार में वृद्धि से संबंधित आवेदनों में इन दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही अमल में लायें, जिससे की आवेदनों का त्वरित निस्तारण किया जा सके। डोगरा ने घरेलू बिजली कनेक्शन तथा पीएम सूर्य घर योजना में कनेक्शन जल्द जारी करने के लिये मुख्यालय से दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने अभियंताओं को 100 यूनिट तक उपभोग वाले विद्युत उपभोक्ताओं की रीडिंग का



सत्यापन करने के भी निर्देश दिये। बैठक में कोटपूतली वृत्त के अधीक्षण अभियंता मनोज गुप्ता सहित अधिशाषी अभियंता एवं सहायक अभियंता भी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# दबाव की अनदेखी नहीं

हाल के सप्ताहों में अर्थशास्त्र के कुछ विद्वानों ने कहा है कि भारत में आर्थिक गतिशीलता में धीमापन आ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा मासिक बुलेटिन में प्रकाशित आलेख 'द स्टेट ऑफ इकॉनमी' (अर्थव्यवस्था की स्थिति) को हालांकि रिजर्व बैंक के नजरिये का परिचायक नहीं माना जा सकता है लेकिन इसमें कहा गया है कि दूसरी तिमाही में नजर आ रही सुस्ती अब समाप्त हो गई लगती है। हालांकि तस्वीर मिली जुली है लेकिन लग रहा है कि निजी खपत एक बार फिर घरेलू मांग को गति दे रही है। रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद चालू वर्ष की दूसरी तिमाही में 6.7 फीसदी और तीसरी तिमाही में 7.6 फीसदी की दर से बढ़ेगा। दूसरी तिमाही के आधिकारिक अनुमान अगले सप्ताह घोषित किए जाएंगे। बहरहाल, आलेख में एक उल्लेखनीय बात यह थी कि इसमें मुद्रास्फीति के हालात का विश्लेषण किया गया जिस पर विभिन्न मंचों पर बहस चल रही है।

यह नजरिया फिर से जोर पकड़ रहा है कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) को नीतिगत दरों का निर्धारण करते समय खाद्य कीमतों की अनदेखी करनी चाहिए। यह मांग भी हो रही है कि नीतिगत ब्याज दरों को कम किया जाए। ऐसा करने वालों में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं। इस संदर्भ में यह देखना दिलचस्प होगा कि मुद्रास्फीति के वास्तविक हालात क्या हैं और रिजर्व बैंक का रुख कैसा है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति की दर अक्टूबर में 6.2 प्रतिशत रही जबकि सितंबर में यह 5.5 फीसदी थी। उल्लेखनीय है कि सीपीआई खाद्य और सीपीआई कोर में मासिक आधार पर 2.2 और 0.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। हाल के महीनों में जहां खाद्य मुद्रास्फीति हेडलाइन दरों से संचालित रही वहीं अक्टूबर में कोर दरों में भी इजाफा हुआ। अक्टूबर में कोर मुद्रास्फीति की दर 3.8 फीसदी थी। चिंता की वजह यह है कि रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्रियों ने ऊंची खाद्य कीमतों के दूसरे दर्जे के प्रभावों को रेखांकित किया जाता है।

इस बात के भी संकेत हैं कि कुछ क्षेत्रों में जीवन यापन की लागत का दबाव वेतन भत्तों में भी नजर आने लगा है। हेडलाइन दरों के आने वाले महीनों में कम होने की उम्मीद है। इस पर करीबी नजर रखने की आवश्यकता है। यह बात भी रेखांकित करने योग्य है कि अगर हेडलाइन या खाद्य मुद्रास्फीति की दर आने वाले महीनों में कम होती है तो इससे कीमतों में इजाफे की दर धीमी होगी और उपभोक्ता तुलनात्मक रूप से ऊंची कीमत चुकाना जारी रखेंगे। हाल के वर्षों में कीमतों में टिकाऊ वृद्धि को देखते हुए, खासतौर पर खाद्य के क्षेत्र में मूल्य वृद्धि के कारण वेतन संबंधी वार्ता प्रभावित हो सकती है। ऐसे में केंद्रीय बैंक के लिए यह बात महत्त्वपूर्ण है कि वह मुद्रास्फीति के नतीजों को यथासंभव लक्ष्य के साथ सुसंगत बनाए और मुद्रास्फीति संबंधी अनुमानों को संभालें। वृद्धि की बात करें तो बुलेटिन में सही कहा गया है कि उच्च मुद्रास्फीति खपत मांग को प्रभावित कर रही है और कॉर्पोरेट मुनाफे और पूंजीगत व्यय पर भी असर पड़ रहा है। ऐसे में टिकाऊ उच्च वृद्धि के लिए मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखना आवश्यक है।

# विश्व में भारत की साख बढ़ाने की मोदी प्रतिबद्धता

**भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है।**

ललित गर्ग



दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी शृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी शृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' और गुयाना ने 'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से नवाजा। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है।

अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फिजी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बार, इंदिरा गांधी ने 4 बार, जवाहरलाल नेहरू ने 3 बार, जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1-1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे तो सारे शासकीय प्रोटोकाल को तोड़ कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए। यह अपने आप में अभूतपूर्व है कि विश्व के इतिहास में आज तक कभी भी किसी राष्ट्राध्यक्ष ने किसी दूसरे राष्ट्राध्यक्ष के पांव सार्वजनिक रूप से नहीं छूए हो। भारत की जनता ने महानायक मोदी को एक नए भारत के शिल्पकार के रूप में देखा। मोदी की हर देश की यात्रा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनी है। बात चाहे अमेरिका यात्रा की हो, वहां राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्भुत है कि "आप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। मुझे तो आपके आटोग्राफ लेने चाहिए।" आस्ट्रेलिया के सिडनी में जिस तरह से पूरा स्टेडियम वहां बसे भारतीयों ने ठसाठस भर दिया और पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठा। उसे देखकर तो आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस भी हैरान रह गए। दुनिया के बड़े नेता जहां मोदी को सर आंखों पर बैठा रहे हैं, वहीं भारत में मोदी की लगातार बढ़ती साख एवं सम्मान से समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। मोदी का जितना विरोध किया जा रहा है, उतनी ही उनकी प्रतिष्ठा एवं जनस्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। एक तरह से विरोध उनके लिये वरदान बन रहा है। इस युगनायक पर कीचड़ उछालने की जिस तरह की हरकतें की गई, वर्तमान में वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी है। पर इससे मोदी का वर्चस्व धूमिल होने वाला नहीं है। क्योंकि उनकी राजनीति एवं नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है।

आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह विलक्षण है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है। कठोर परिश्रम एवं अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने दुनिया को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है। कई अवसर ऐसे आये जब श्री मोदी ने यह सिखाया और प्रयोग करके दिखाया कि कैसे धैर्य और विनम्रता सबसे भरोसेमंद साथी है। इनके सहारे कठिन चुनौतियों से निपटा जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी में समय के साथ चलने और समय के पार देखने की अद्भुत क्षमता है। इसीलिए उन्होंने अपने नेतृत्व में जितनी योजनाएं बनाई वे सब वर्तमान को मजबूत बनाते हुए भविष्य को सुरक्षित करने वाली योजनाएं हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत समृद्ध भारत का मिशन पूरा करने और भारत को विश्व की प्रथम 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के महान लक्ष्य को पूरा करते हुए भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरते हुए विश्व नेतृत्व की क्षमताओं को उजागर कर रहा है। मोदी की सभी योजनाओं का उद्देश्य देश को विकसित बनाना और आर्थिक अर्थव्यवस्था को सुधारना है। नागरिकों को अच्छी सुविधाएं, आत्मनिर्भर जीवनयापन के अच्छे विकल्प, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छा रोजगार, बेहतर वातावरण आदि उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्किल इंडिया मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत ने वर्तमान भारत की तस्वीर बदल दी है। भारतीय लोकतंत्र में एक स्वर्णिम अध्याय शुरू हुआ है और उसमें निरंतर नये-नये आयाम जुड़ते जा रहे हैं जिसे समूची दुनिया आश्चर्य से देख रही है। 'सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र अब हर नागरिक का सूत्र वाक्य है। मोदी के नेतृत्व में कई परिवर्तनकारी पहल की गई हैं, जिनका भारत पर स्थायी प्रभाव पड़ा है। उनके 'स्वच्छ भारत' अभियान ने पूरे देश में स्वच्छता और सफाई के बारे में जागरूकता बढ़ाई है, जबकि 'मेक इन इंडिया' पहल का लक्ष्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलना है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**वृष**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

**मिथुन**
कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी। इससे आपका आर्थिक स्तर मजबूत बनेगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। छोटे प्रवास का योग है। वर्तमान समय में आपको कई कामों में सफलता मिलेगी। यश-कीर्ति प्राप्त होगी।

**कर्क**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे। काम समय से पूरा नहीं होगा।

**सिंह**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**कन्या**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे। आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा।

**तुला**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

**वृश्चिक**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**धनु**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**मकर**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

**कुंभ**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।


**मीन**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी संजू शर्मा। इनका जन्म 20 अप्रेल सन 1974 को हुआ। बी.कॉम कर राजकीय सेवाओं में शामिल हुई और आज

राजस्व अपील अधिकारी, अलवर पद को सुशोभित कर रही हैं। बेहद ईमानदार और शांत स्वभाव की इन महिला अधिकारी के सहज स्वभाव को लोग भली प्रकार से बताते हैं। चहरे पर मुस्कान लिए लोगों की बातों को ध्यानपर्वूक सुनना और उनके निस्तारण पर बल देना इनका व्यक्तित्व है। शानदार अधिकारी हैं इनके पति राजस्थान पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी हैं। वे भी आनन्द सिंधू हैं वे भी अनूठी शख्सियत हैं। संजू शर्मा विभिन्न बड़े पदों पर रही हैं। इससे पूर्व ये अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट प्रथम अलवर रही। अतिरिक्त निदेशक अस्पताल प्रशासन.1, राजस्थान मेडिकल एजूकेशन सोसाइटी मुख्यालय, जयपुर। उप महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक, अलवर.वृत.। भू-प्रबन्ध अधिकारी, अलवर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर अलवर।उप निदेशक क्षेत्रीय स्थानीय निकाय विभाग, अजमेर। उप महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक, अलवर। बंदोबस्त अधिकारी, अलवर। उपखण्ड अधिकारी, थानागाजी अलवर। परियोजना प्रबंधक, एससी विकास निगम, अलवर। एलएओ यूआईटी अलवर। आयुक्त, नगर परिषद अलवर। खण्ड विकास अधिकारी, उमरैण अलवर। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन अलवर। पद पर रही। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



संजू शर्मा
(राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी)

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 23 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- पोप एलेक्जेंडर तृतीय निर्वासन के बाद 1165 में रोम वापस लौटे।
- ब्रिटिश प्रधानमंत्री जान कार्टरे ने 1744 में इस्तीफा दिया।
- वियतनाम की राजधानी हनोई पर 1873 में फ्रांस के सैनिकों का अधिकार हो गया।
- इटली में 1890 में आम चुनाव हुये।
- लोमानी कांगो के युद्ध में बेल्जियम ने 1892 में अरब को हराया।
- अमेरिका के सेंट लुईस में 1904 में तीसरे ओलंपिक खेलों का समापन।
- जर्मनी की गुस्ताव स्ट्रेसीमैन की गठबंधन सरकार का 1923 में पतन हो गया।
- वियतनाम के हैफ्योंग शहर में 1946 में फ्रांसीसी नौसेना के जहाज में लगी भीषण आग, छह हजार लोगों की मौत।
- भारत में 1983 में पहली बार राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ।
- लंदन के व्यस्ततम ऑक्सफोर्ड सर्कस स्टेशन पर 1984 में आग लगने से करीब एक हजार लोग फंस गए थे।
- इथियोपिया के एक अपहृत विमान का ईंधन समाप्त होने पर 1996 में वो हिंद महासागर में जा गिरा। इस विमान में चालक दल सहित कुल 175 लोग सवार थे जिनमें से कम से कम 100 लोग मारे गए।
- साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता निराद सी चौधरी ने 1997 में अपने जीवन के 100 वर्ष पूरे किये।
- जी-20 की बैठक 2002 में नई दिल्ली में शुरू।
- अमेरिका ने 2006 में रूस की जेट निर्माण कम्पनी सुखोई से प्रतिबंध हटाया।
- ऑस्ट्रेलिया में 2007 में हुए चुनाव में लेबर पार्टी की जीत हुई।



- फिलीपींन्स में 2009 में 32 मीडियाकर्मियों की हत्या।

### 23 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- भारत में जन्मे प्रसिद्ध बांग्ला तथा अंग्रेजी लेखक और विद्वान नीरद चन्द्र चौधरी का जन्म 1897 में हुआ।
- हिन्दी दशक के प्रमुख यशस्वी कथाकार कृश्न चन्दर का जन्म 1914 में हुआ।
- डोनाल्ड टेनंट, अमेरिकी विज्ञापन एजेंसी के कार्यकारी का जन्म 1922 में हुआ।
- आध्यात्मिक गुरू साई बाबा का जन्म 1926 में हुआ।
- प्रसिद्ध पार्श्वगायिका गीता दत्त का जन्म 1930 में हुआ।

### 23 नवंबर को हुए निधन

- क्रांतिकारी इतिहासकार तथा पत्रकार सखाराम गणेश देउसकर का निधन 1912 में हुआ।
- वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस का निधन 1937 में हुआ।
- फ्रांस के प्रसिद्ध लेखक और कलाविद आंद्रे मैलरो का निधन 1976 में हुआ।
- संसद के लोकसभा सदस्य और संस्कृत के विद्वान् साथ ही आर्य समाज के नेता के रूप में प्रसिद्ध प्रकाशवीर शास्त्री का निधन 1977 में हुआ।
- 20वीं सदी के सबसे महान् लेखकों में शुमार रोल्ड डॉल का निधन 1990 में हुआ।

## विशेष आलेख

# जो बाइडेन विश्व युद्ध की आशंका में आग में घी डालने का काम कर रहे हैं ?

संजीव ठाकुर



अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बनते ही डेमोक्रेट पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के लिए आने वाले समय मे कांटे बोने और परेशानी पैदा करने के काम को अंजाम देने में लग गए हैं। उन्होंने रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को रूस के विरुद्ध फास्ट बैलेस्टिक मिसाइल्स इस्तेमाल करने के लिए एक समझौता कर उसे बड़ी मात्रा में मिसाइल की आपूर्ति भी कर दी है जिसके इस्तेमाल से दूरगामी क्षेत्र में भारी जान माल का नुकसान होने की संभावना बनती है और इसका इस्तेमाल यूक्रेन ने रूस के क्षेत्र में करना भी शुरू कर दिया और इसके फलस्वरुप रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्पष्ट रूप से घोषणा कर दी है कि वह अमेरिका की इस चाल को अच्छे से समझते हैं और यूक्रेन यदि इन मिसाइल्स का इस्तेमाल करता है तो वह परमाणु बम का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति द्वारा विश्व युद्ध की संभावना को रोकने की तो बात दूर उसे और भड़काने का प्रयास करने की कोशिश कर रहे हैं। इधर डोनाल्ड ट्रंप के जीतने और प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के उनके साथ अच्छे संबंधों के चलते भारत की आर्थिक स्थिति को अस्थिर करने एवं भारत सरकार को कमजोर करने के लिए अमेरिका के व्यापारी जॉर्ज सिरोस के माध्यम से भारत के बड़े व्यापारी अदानी के विरुद्ध अमेरिका की संघीय अदालत में मुकदमा चलवा कर उसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट भी जारी करवा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के भारत विरोधी व्यापारी जॉर्ज सीरोस के के व्यापारी पुत्र के संबंध संघीय अदालत के जज से मधुर संबंध पूर्व से ही स्थापित है और भारत तथा भारत के प्रधानमंत्री एवं अदानी को लक्ष्य रखकर षड्यंत्र रचा गया है जिससे प्रधानमंत्री मोदी की छवि को धुमिल किया जा सके। पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन अब भारत विरोधी हो चुके हैं और उनकी पार्टी की हार का एक बड़ा कारण प्रवासी भारतीयों को भी मानते हैं इन परिस्थितियों में इजराइल फिलिस्तीन युद्ध और रूस यूक्रेन युद्ध में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति आज में घी डालने का काम कर रहे हैं। जबकि डोनाल्ड ट्रंप कमर्शियल सोच वाले व्यक्ति हैं और विश्व युद्ध की किसी भी संभावना पर वे रोक लगाने का प्रयास करेंगे।

आज पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है ।परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैंद्य परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगेद्य इतिहास गवाह है की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें हैद्य इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है,उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं।रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था की यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह सी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है। स्पष्ट है कि रूस चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणु संपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं। और यह भी खुला और सर्व विदित तथ्य है अमेरिका का राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं अच्छे लगते हैं। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया की सेना अपने वार्षिक सैन्य अभ्यास की ओर अग्रसर होकर लगातार समुद्र तथा उत्तर कोरिया की सीमा पर चक्कर लगा रही है। उत्तर कोरिया इसे अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के हमले के पूर्वाभ्यास की तरह आंकलन कर रहा है । उधर अमेरिका जापान और दक्षिण कोरिया अपने त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु एवं मिसाइलों का मुकाबला करने हेतु संयुक्त रुप से बैलेस्टिक मिसाइल निर्माण तथा प्रयोग के सहयोग के लिए सहमति दे चुके हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# आवासीय बस्तियों में सरपट दौड़ रही बजरी भरी ट्रोलियां

## रोकने पर ग्रामीणों से झगड़े पर उतारू हो जाते हैं गिरोहबंद बजरी कारोबारी

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** बजरी माफिया का गढ़ कहे जाने वाले मलारना डूंगर कस्बे की स्थिति यह है कि अवैध बजरी खनन के कारोबार से जुड़े गिरोहबंद लोग आबादी क्षेत्र की तंग गलियों में ओवरलोड वाहन दौड़ा रहे हैं। इससे जहां सड़के क्षतिग्रस्त हो रही है। वहीं वाहनों की तेज रफ्तार से मानव जीवन को भी खतरा है। हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। ग्रामीण इन्हें टोकते हैं तो पुलिस प्रशाशन की सहमति की दुहाई देकर झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। आबादी क्षेत्र में बजरी के ओवरलोड वाहनों का संचालन बन्द करने की मांग को लेकर गत दिवस स्थानीय ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी संतोष कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंप कर यह आरोप लगाए। एसएचओ को भी अलग से ज्ञापन देकर ओवरलोड बजरी वाहनों पर कार्रवाई की मांग की। बात बजरी के गढ़ मलाना डूंगर तक ही सीमित नहीं है, सूरवाल थाने, पुलिस लाइन के सामने से गुजरती हुई जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर की आवासीय पॉश कॉलोनियों में मैं भी अब इनकी धमक सुनाई पड़ती है। सर्किट हाउस के पास एवं कोतवाली थाने के सामने से होकर कई ट्रैक्टर ट्राली बजरी की ओवरलोड होकर गुजरती हैं, शायद ये पुलिस को नजर नहीं आती हैं।

### यह बताया ग्रामीणों ने

मलारना डूंगर में गुरुवार को दादूपंथी मोहल्ले के दर्जनों ग्रामीण सामाजिक कार्यकर्ता रामराज सैनी के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां ज्ञापन के माध्यम से बताया कि अवैध रूप से बजरी परिवहन करने वाले सैकड़ो ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली 24 घंटे दादूपंथी मोहल्ले में होकर निकल रहे हैं। इनके संचालन से मोहल्ले के रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए। पेयजल सप्लाई की पाइपलाइन टूट गई। तेज रफ्तार दौड़ते ओवरलोड वाहनों के कारण बच्चे स्कूल जाने से भी कतराने लगे हैं। हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि 3 दिन पूर्व मोहल्ले वासियों ने इन्हें रोकने का प्रयास किया तो गिरोह में आए बजरी कारोबार से जुड़े लोग पुलिस की सहमति की दुहाई देकर झगड़े पर उतारू हो गए। गुरुवार सुबह भी यही हालात रहे। ट्रैक्टर ट्रॉली चालको ने मोहल्ले वासियों धमकी देकर कहा जब प्रशासन ने निकलने की छूट दे रखी है तो तुम कौन होते हो रोकने वाले। सुरेंद्र सैनी ने बताया कि ओवरलोड बजरी वाहनों के कारण कस्बे में अशांति हो सकती है। जिसकी जिम्मेदारी प्रशाशन की होगी।

### यहां से निकलते हैं बजरी के वाहन

भूखा बनास नदी से बजरी भरकर ट्रैक्टर ट्रॉली स्टेशन रोड से मुगल कुआ, मंडी कुआ, नंबर दो स्कूल के रास्ते दादूपंथी मोहल्ले में होकर बहतेड़ होते हुए गंगापुर सिटी सड़क मार्ग पर जाते हैं। इसी तरह बिच्छीदोना से आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली सैनीपुरा तिबारा से समेला निगोह नदी के रास्ते नंबर दो स्कूल पर पहुंचते हैं। ऐसा नहीं कि पुलिस को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। सब कुछ जानकर भी पुलिस चुप है।

### इनका कहना

ज्ञापन मिला है। पुलिस व खनिज अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जरूरत पड़ने पर में खुद भी संयुक्त टीम के साथ जाऊंगा। आरोप लगे हैं। अरोपों की जांच के लिए एसपी को लिखेंगे।

**संतोष कुमार शर्मा**
**कार्यवाहक एसडीएम मलारना डूंगर**

### इनका कहना है

अवैध रूप से बजरी के वाहन संचालन के बारे में ज्ञापन मिला है। यदि कहीं अवैध रूप से बजरी ले जाते वाहन मिले तो कार्रवाई करेंगे। निगरानी बढ़ादी गई है। आरोप निराधार है।

**संपत सिंह**
**थानाधिकारी मलारना डूंगर**





# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतगणना आज

## सामान्य पर्यवेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल पर अंतिम तैयारियों का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को हुए मतदान की मतगणना शनिवार को सुबह 8 बजे से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टोंक में शुरू होगी। सामान्य पर्यवेक्षक आशीष ठाकरे एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने शुक्रवार को मतगणना स्थल पर अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेटिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, मतगणना से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों को भारत निर्वाचन आयोग की गाईड लाईन एवं सर्तकता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने मतगणना कक्ष में काउंटिंग टेबल व्यवस्था, काउंटिंग टीम व काउंटिंग एजेंट्स की एंट्री, पोस्टल बैलेट की काउंटिंग, जनरेटर एवं विद्युत व्यवस्था, पेयजल, माईक, संचार, चिकित्सा, कम्यूटराइजेशन के लिए कम्प्यूटर व्यवस्था तथा मीडिया कक्ष समेत अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए कमरों व टेबिलों का निर्धारण किया गया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के ड्राइंग लैब में टेबल नंबर 1 से 4 पर डाक मतपत्र की एवं टेबल नंबर 1 से 8 पर ईवीएम की मतगणना होगी। साथ ही, कमरा एन-7 में टेबल नंबर 9 से 16 पर भी ईवीएम से मतों की गणना की जाएगी। कमरा एन-6 में टेबल नंबर 1 से 5 पर ईटीबीपीएस प्रि काउंटिंग होगी।

**सामान्य पर्यवेक्षक की उपस्थिति में मतगणना दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन हुआ :** देवली-उनियारा विधानसभा सीट के लिए शनिवार को होने वाली मतगणना को लेकर शुक्रवार को एनआईसी कक्ष में सामान्य पर्यवेक्षक श्री आशीष ठाकरे एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा की उपस्थिति में मतगणना दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। इसके साथ ही, आरक्षित दलों का भी रेंडमाइजेशन हुआ। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौकरिया, सीईओ परशुराम धानका, रिटर्निंग अधिकारी देवली-उनियारा शत्रुघन गुर्जर, एनआईसी के एडीआईओ रमेश चंद जैन, एडीआईओ सुशील कुमार अग्रवाल एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी बुद्धि प्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

# धरती जतन यात्रा में तालाब व पेड़ पूजन कर ग्रामीणो को किया जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** ग्राम विकास नवयुवक मंडल लापोड़िया के तत्वावधान में चल रही धरती जतन यात्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत शुक्रवार को डिग्गी, चांदसेन, सदरपुरा में पेड़ व सार्वजनिक तालाब पूजन कर ग्रामीणो को इनकी रक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

सचिव लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मंडल के तत्वावधान में पिछले 37 सालो से लगातार ग्रामीणों को सार्वजनिक तालाब व पेड़ो की रक्षा के प्रति जागरूक करने कके उद्धेश्य को लेकर धरती जतन यात्राऐं निकाली जा रही है। संस्था की ओर से इस वर्ष 38वीं यात्रा निकाली गई है। जिसमें शुक्रवार को क्षेत्र के डिग्गी, चांदसेन, सदरपुरा में धरती जतन यात्रा निकाली गई। सिंह ने बताया कि पर्यावरण सरंक्षण को बढ़ावा देने व ग्रामीणो को पेड़ो व सार्वजनिक तालाब जैसे जल स्त्रोंतो की रक्षा करने के प्रति जन जागृति लाने व इनका महत्व बताया गया। इस दौरान गांव के सार्वजनिक तालाबो पर ग्रामीणो को एकत्रित कर घाटो पर पूजन करवाया गया। साथ ही पेड़ो का पूजन करवा कर इन दोनो की रक्षा करने का संकल्प भी दिलाया गया। संस्था के नरसिंह राठौड़ ने बताया कि इस दौरान डिग्गी नगरपालिका अध्यक्ष हलिमा बानो, मदन सिंह, हेमन्त सिंह, रामनारायण मीणा, कल्याणसिंह, विजय नारायण शर्मा, हनुमान सैनी, सुरेन्द्र कुमार, संस्था कार्यकर्ता दशरथ शर्मा, राकेश शर्मा, महेश योगी, प्रकाश गुर्जर, रामअवतार सैनी, कुंजबिहारी वर्मा, बाबूलाल मीणा मौजुद रहे।

**समापन आज :-** सचिव लक्ष्मण सिंह ने बताया कि धरती जतन यात्रा कार्यक्रम का समापन शनिवार को होगा। समापन समारोह क्षेत्र के नगर ग्राम स्थित संस्था कार्यालय में दोपहर एक बजे आयोजित होगा। समापन समारोह में पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

## सभी विधानसभा क्षेत्रों में आज होगा ग्रामसभाओं तथा वार्डसभाओं का आयोजन

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** मतदाता सूचियों के अर्हता 1 जनवरी, 2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 23 नवम्बर, 2024 शनिवार को ग्रामसभाओं तथा वार्डसभाओं की बैठकों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामसभा तथा वार्डसभा की बैठकों में बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाता सूची के सम्बन्धित भाग का पठन कर मतदाता सूची में नाम जोडने हटाने तथा संशोधन सम्बन्धी आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। इसके साथ ही वोटर हैल्पलाईन एप्प, वोटर्स सर्विस पोर्टल, चुनावी पाठशाला तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता एवं विशिष्ट योग्यजनों को मतदान के समय पोस्टल बैलेट के माध्यम से होमवोटिंग की सुविधा की जानकारी भी दी जाएगी। वहीं 24 नवम्बर, 2024 को विशेष अभियान के अन्तर्गत जिले के सभी 975 मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारी प्रात: 9 बजे से सांय 6 बजे तक उपस्थित रह कर मतदाता सूची में नाम जोडने, हटाने तथा संशोधन सम्बन्धी आवेदन प्राप्त करेगें। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभम चौधरी ने बताया कि प्रथम बार मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए फार्म संख्या 6 में आवेदन किया जा सकता है। मृत/स्थाई रूप से स्थानान्तरित तथा दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए फार्म संख्या 7 एवं निवास का स्थानान्तरण, मतदाता सूची में दर्ज प्रविष्टियों में संशोधन डुप्लीकेट मतदाता फोटो पहचान पत्र एवं विशिष्ट योग्यजन के चिन्हीकरण हेतु फार्म संख्या 8 में आवेदन किया जा सकता है।

## विशेष योग्यजन प्रमाण पत्र अब निर्धारित दिवस व समय पर बन सकेंगे

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जिले में विशेष योग्यजनों को अपने प्रमाण पत्र बनाने के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए अब जिले में विशेष योग्यजन प्रमाण-पत्र (दिव्यांग प्रमाण पत्र) निर्धारित दिवस व समय पर करवाये जा सकेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीना ने बताया कि न्यायालय आयुक्त, विशेष योग्यजन के निर्देशानुसार अब जिला स्तर पर विशेष योग्यजन प्रमाण-पत्र (दिव्यांग प्रमाण पत्र) निर्धारित दिवस व समय पर करवाये जा सकेंगे। विशेष योग्यजन प्रमाण पत्र बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के कमरे नंबर 110 में प्रत्येक सोमवार को प्रात: 10:30 से सांय 4 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। इसके संबंधित कार्य केवल निर्धारित समयावधि में ही किए जाएंगे। प्रमाणपत्र हेतु जिला अस्पताल में मेडिकल बोर्ड संबंधित कार्य प्रत्येक सोमवार को ओपीडी समय मे किया जाता है, सीएमएचओ कार्यालय में भी सोमवार को ही विशेष योग्यजन डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट संबंधी जानकारी, संशोधन के लिए उपस्थित होकर कार्य करवा सकते हैं। इसके बाद सोमवार का दिवस नियत किया गया है। इसके साथ ही जिला अस्पताल को भी दिव्याग बच्चों एवं व्यस्कों के लिए चिकित्सा सुविधा हेतु फिजियोथैरेपी एवं चाईल्ड केयर सेन्टर के संचालन व सभी चिकित्सा संस्थानों को दिव्यांगजनों हेतु जांच, दवा, परामर्श आदि के लिए आसान पहुंच व बेरियर फ्री फेसिलिटी मुहैया करवाने के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए हैं।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित

# बजरी के अवैध खनन प्रकरणों में आपसी समन्वय से कार्यवाही करें : शुभम चौधरी



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** अवैध खनन/निर्गमन/भण्डारण की प्रभावी रोकथाम एवं मॉनिटरिंग के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि बजरी के अवैध खनन/निर्गमन/भण्डारण के संबंध में राजस्व, पुलिस, माईन्स, जिला परिवहन एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आपसी समन्वय के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उपखण्ड अधिकारी अपने विवेक व सूझबूझ का परिचय देते हुए व्यूरचना तैयार कर पुलिस, माईन्स के अधिकारियों को साथ लेकर पुख्ता कार्यवाही करें।

जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने कहा कि बजरी के अवैध खनन/निर्गमन/भण्डारण की कार्यवाही में पुलिस सहायता मांगे जाने पर सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में उपखण्ड अधिकारी सवाई माधोपुर अनूप सिंह, उपखण्ड अधिकारी बौंली चन्द्रप्रकाश वर्मा, उपखण्ड अधिकारी चौथ का बरवाड़ा दमोदर सिंह, तहसीलदार खण्डार पुष्कर सिंह, तहसीलदार मलारना डूंगर सन्तोष कुमार, तहसीलदार चौथ का बरवाड़ा नीरज सिंह, जिला परिवहन अधिकारी पी.आर. मीणा, एसीएफ अरूण शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवमानना प्रकरणों में शीघ्र जवाब प्रस्तुत करें : चौधरी



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** न्याय विभाग के लाट्स सॉफ्टवेयर पर प्रकरणों का अपडेशन, याचिकाओं व अवमानना प्रकरणों में जवाब प्रस्तुत करने के संबंध में शुक्रवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के विरूद्ध दर्ज प्रकरणों में किसी भी जिला स्तरीय अधिकारी की लापरवाही की वजह से फैसला सरकार के विरूद्ध न हो।उन्होंने सभी ओआईसी को निर्देशित किया कि अवमानना प्रकरणों में शीघ्र जवाब प्रस्तुत करें। राज्य सरकार के विरूद्ध प्राप्त स्थगनों में प्रशासनिक विभाग के माध्यम से नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित करवाएं। उन्होंने कहा कि लाट्स सॉफ्टवेयर पर अपलोड होने से शेष रहे प्रकरणों को शीघ्र अपलोड करवाए अधिकारी। उन्होंने एक वर्ष से अधिक समय से लंबित जवाब पेश करने के शेष रहे प्रकरणों में शीघ्र जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिए है। उन्होंने कहा कि 10 से 20 वर्ष व 20 वर्ष से अधिक समय से लंबित न्यायिक प्रकरणों में राज्य हित में नियमानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर धारा सिंह मीणा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बलिकाओ ने सीखे आत्मरक्षा के गुर




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** उपखण्ड क्षैत्र के किरावल स्थित राउमावि की 25 बालिकाओ ने आत्मरक्षा के गुर सीखे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सिकोईडिकोन संस्था के शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी एवं समन्वयक मनोज मीणा ने बताया कि संस्था द्वारा वर्तमान में चल रहे वातावरण में बालिकाओ को आत्मरक्षा के गुर सिखा कर उनको आत्मबल देने का प्रयास किया जा रहा है।

इन्हीं प्रयासो के अन्तर्गत शुक्रवार को संस्था के दक्ष प्रशिक्षक सुमनलता शर्मा ने विद्यालय की 25 बालिकाओ को विभिन्न तरीको का ज्ञान देकर आत्मरक्षा गुर सिखाए।

शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने आत्मरक्षा के दाव पेच व शंका होने पर अपने अनुभव से आत्मरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# पुलिस प्रशासन ने नाकाबंदी कर की वाहनो की सघन चेकिंग

कृष्णचन्द्र विजय




**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** मालपुरा वृत क्षैत्र के सभी पुलिस थानो की पुलिस ने उच्चाधिकारियो के आदेशो की पालला में तथा शनिवार को आने उप चुनावो के परिणामो को लेकर आने जाने वाले वाहनो की सख्त चेकिंग अभियान चलाया।

वृताधिकारी आशिष प्रजापत ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आद्रेशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल के निर्देशो में उप चुनाव परिणाम को देखते शुक्रवार को वृत क्षैत्र में कई स्थानो पर नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनो का सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में मालपुरा पुलिस ने थानाधिकारी चेनाराम के निर्देशन में क्षैत्र की सभी मुख्य सड़को से गुजरने वाले वाहनो का सघन निरीक्षण किया। इसके अलावा डिग्गी पुलिस थाना प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में स्टेट हाईवे पर नाकाबंदी कर वाहनो का सघन चेकिंगत अभियान चलाया।

# प्रागपुरा पुलिस की प्रभावी कार्रवाई: घरों में घुसकर नकबजनी करने वाली गैंग का भंडाफोड़

## एएसपी वैभव शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया खुलासा, नकबजनी गैंग के तीन आरोपीयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, प्रागपुरा क्षेत्र में 8 व अन्य थाना क्षेत्रों में 18 चोरी की वारदातों में थे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली-बहरोड़( बिल्लूराम सैनी )।** जिले में लगातार हो रही चोरियों व नकबजनी की वारदातों पर अंकुश लगाने व अपराधियों के धरपकड़ अभियान के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए प्रागपुरा पुलिस ने घरों में घुसकर नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों करण सिंह, अमन धानका और रोहित धानका को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों से पूछताछ में थाना प्रागपुरा क्षेत्र में 8 और अन्य थाना क्षेत्रों में 18 कुल मिलाकर नकबजनी की 26 वारदातों का खुलासा किया है।

**पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित-** जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि संपत्ति संबंधित अपराधों और नकबजनी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा और वृत्ताधिकारी विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन में प्रागपुरा थानाप्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर लगातार प्रयास करते हुए आरोपियों की पहचान की और उनके ठिकानों पर छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में करण सिंह पुत्र बच्चन धानका निवासी रईयो का बास, थाना पाटन नीमकाथाना, अमन पुत्र राजू धानका और रोहित पुत्र राजू धानका दोनों निवासी नाथूसर, थानागाजी जिला अलवर के हैं। पुलिस ने इनके पास से चोरी किए गए सामान की बरामदगी भी की है और इनसे पूछताछ जारी है।





### एएसपी वैभव शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया खुलासा

एएसपी वैभव शर्मा ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि लगातार प्रागपुरा क्षेत्र और जिले के लगते सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रही चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम का गठन किया गया और सफलता हासिल करते हुए प्रागपुरा पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।प्रागपुरा थाना क्षेत्र में आरोपियों ने 8 अप्रैल 2024 से 10 जुलाई 2024 तक कल 8 चोरी की वारदातों को कबूला है और अन्य थाना क्षेत्रों सरूण्ड, विराटनगर, नीमकाथाना, थानागाजी आदि की 18 चोरी नकबजनी की वारदातों को कबूला है। गिरफ्तार आरोपियों से अनुसंधान जारी हैं पूछताछ उपरांत और भी वारदात खुलने की संभावना है पुलिस द्वारा गहनता से पूछताछ जारी है।

## रामगढ़ का विधायक कल होगा सामने:कला कॉलेज में सुबह 8 बजे से होगी शुरू, 22 राउंड में होगी काउंटिंग पूरी

बढ़ता राजस्थान

**रामगढ़ ।** अलवर के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हुए उप चुनाव के वोटों की गिनती शनिवार सुबह 8 बजे से बाबू शोभाराम राजकीय कला कॉलेज में शुरू होगी। सुबह 11 बजे तक रुझान साफ हो सकेगा। वहीं दोपहर 12 बजे के आस-पास परिणाम आने की संभावना रहेगी। रामगढ़ में कांटे का मुकाबला माना गया है। उसके अनुसार वोट आए तो परिणाम आने में थोड़ा बहुत विलंब हो सकता है।

### मतदान 75.29 प्रतिशत रहा

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया- भारत निर्वाचन आयोग की ओर से रामगढ विधानसभा उप चुनाव के जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार रामगढ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2 लाख 74 हजार 445 मतदाताओं में से कुल 2 लाख 6 हजार 633 मतदाता ने मताधिकार का उपयोग किया है। जिसमें 1 लाख 8 हजार 27 पुरूष एवं 98 हजार 606 महिला मतदाता हैं, जिन्होंने वोट डाले।

### 22 राउंड में होगी मतगणना पूरी

बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में प्रात: 8 बजे से काउंटिंग शुरू होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतगणना के लिए समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए नियोजित सभी अधिकारी एवं कार्मिक प्रात: 6 बजे राजकीय कला महाविद्यालय अलवर में उपस्थित होंगे।

रामगढ़ में 284 मतदान केंद्र थे। ईवीएम स्ट्रांग रूम संख्या 2, 3, 4 (भू-तल) पर रहेगा। ईवीएम मतगणना के लिए कुल 21 टेबल एवं डाक मतगणना के लिए 5 टेबल लगेंगी। ई-पीबी गणना कक्ष संख्या 7 में होगी। जिसमें 3 टेबल रहेंगी। इसके लिए एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी (मतगणना) की नियुक्ति की गई है। मीडिया रूम कक्ष संख्या 31 में स्थापित किया गया है।

## कचहरी चिंता हरण हनुमान मंदिर पर हुए धार्मिक कार्यक्रम: महाआरती के बाद प्रसाद वितरण, रामचरितमानस पाठ का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना( नि.स. )।** कस्बे के कचहरी परिसर स्थित चिंताहरण दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के 15वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर को फूलों और रंगीन झालरों से सजाया गया।

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मनोज कुंभज ने बताया कि इस अवसर पर 24 घंटे का अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन कराया गया। पाठ के समापन पर गुरुवार को हवन यज्ञ के साथ महाआरती का आयोजन हुआ। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर महंत श्यामसुंदर शर्मा, बार संघ अध्यक्ष हेमराज सिंह सूपा, प्रेमशंकर सिंघल, बुद्धिराम सिंगोर, चौबसिंह सूपा, मोहन शर्मा, केके शर्मा, नरेश गौड़, धीरज चौधरी, सत्येंद्र गुप्ता, हेमन्त पाराशर आदि कई वकील मौजूद रहे।

## सिलाई प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** गायत्री शक्ति पीठ करौली कुंड अलवर पर शुक्रवार को माता भगवती सिलाई केंद्र में महिलाओ के लिए 3 महीने का सिलाई प्रशिक्षण कोर्स कंप्लीट करने के बाद सभी महिलाओ को सर्टिफिकेट प्रदान किए और विदाई दी गई और एक बच्ची जो आर्थिक रूप से कमजोर थी उसको भामाशाह श्रीमती शशि गुप्ता जी एवं श्री राम अवतार जी के द्वारा एक नई मशीन भी डोनेट की गई ।

दौरान गायत्री परिवार की मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी डॉ सरोज गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए सभी का आभार जताया। इस दौरान कई वरिष्ठ गायत्री परिजन मौजूद रहे।

## राजकीय पीजी कॉलेज में नशा मुक्ति संगोष्ठी का हुआ आयोजन: वक्ताओं ने कहा नशे से होता है शारीरिक - मानसिक पतन, छात्र-छात्रोंओ को दिलाई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे के राजकीय पीजी कॉलेज में गुरुवार को कार्यवाहक प्राचार्य रविना मीना की अध्यक्षता में नई किरण: नशा मुक्ति अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक संगठन शांति कुंज हरिद्वार गायत्री परिवार से जुड़े विजय सिंह, निर्भय सिंह और मुकुट राम शर्मा ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को तम्बाकू, गुटखा और शराब जैसे नशीले पदार्थों के सेवन के दूरगामी दुष्प्रभावों को अपने वक्तव्यों, पोस्टरों, पुस्तकों और अपने अनुभवों के आधार पर विस्तार से बताया और शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशे की लत से व्यक्ति को सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक और मानसिक नुकसान होता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की नशा मुक्ति समिति के सदस्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. हेमलता शर्मा, डॉ. रीता शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को स्वयं नशे से दूर रहने और परिजनों व परिचितों को भी नशे के दुष्प्रभाव बताकर जागरूक करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि नशे के कारण अपराधों में बढ़ोतरी होने के साथ ही पारिवारिक क्लेश बढते हैं

### कार्यक्रम में मौजूद अतिथि

कार्यकम का संचालन समिति के संयोजक डॉ. रवीन्द्र कुमार शर्मा ने किया। नशा मुक्ति अभियान के तहत कॉलेज के पास गांव नगला भगोरी को गोद लिया गया। कॉलेज छात्र-छात्राएं गांव में जाकर ग्रामीणों को नशे के सेवन से दूर रहने की अपील करेंगे। डॉ. जितेन्द्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लक्ष्य के अनुरूप समय सीमा में करें लंबित प्रकरणों का निराकरण - ज़िला कलेक्टर

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्व कार्यों को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से राजस्व अधिकारी पूरा करें, ताकि लोगों को अपने राजस्व से संबंधित मामलों में त्वरित न्याय मिल सके। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने यह बात ज़िला कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त राजस्व अधिकारियों से राजस्व समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।जिला कलक्टर श्रीमती अग्रवाल ने राजस्व न्यायालय में लम्बित प्रकरणों, नामान्तकरण, सीमा ज्ञान, पत्थरगढ़ी के लम्बित प्रकरणों पर समीक्षा, रास्ते के प्रकरण, नवीन राजस्व ग्रामों, मासिक मानचित्र में निस्तारित एवं लम्बित रहे प्रकरणों तथा गैर खातेदारी से खातेदारी के समस्त लम्बित प्रकरणों, ऑनलाईन भूमि सम्परिवर्तन के लम्बित प्रकरणों के सम्बन्ध में, राजस्व वसूली के प्रकरणों पर समीक्षा की एवं सभी तहसीलदारों को लंबित मुद्दों के निराकरण के लिए निर्देशित किया। बैठक में ज़िला कलेक्टर ने ज़िले की राजस्व वसूली एवं गिरदावरी की समीक्षा कर राजस्व अधिकारियो को प्रभावी दिशा निर्देश प्रदान किए । बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों में दायर अवमानना प्रकरणों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने ऐसे प्रकरणों पर जल्द से जल्द जवाब दाखिल करने सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पेंशन संबंधी प्रकरणों का भी निस्तारण त्वरित गति से करने के लिए, राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों का निस्तारण कर आमजन को राहत देने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया।बैठक के दौरान सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार नायब, तहसीलदार व राजस्व से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जनता के रखवाले खुद मौत के साए में: पुलिसकर्मियों के आवास जर्जर, प्लास्टर गिरने से कई बार हो चुके हादसे

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना कोतवाली परिसर में पुलिस कर्मियों के सरकारी आवास पिछले लंबे समय से जर्जर हालत में हैं। कई बार बिल्डिंग की छत से आरसीसी का प्लास्टर नीचे गिर चुके हैं। इससे कई बार कमरों में नीचे सो रहे कई पुलिसकर्मी हादसे में चोटिल होने से बाल बाल बचे। हाल यह है कि पीडब्ल्यूडी विभाग पुलिस कर्मियों के सरकारी आवास की बिल्डिंग को 10 साल पहले नाकारा घोषित कर चुका है। उसके बावजूद अभी तक पुलिस कर्मियों के लिए नए आवास तक नहीं बनाए जा सके हैं। इससे 24 घंटे दूसरों की सुरक्षा में तैनात रहने वाले पुलिसकर्मी खुद भय के साए में जीने को मजबूर हो रहे हैं। प्लास्टर गिरने के बाद छत में आरसीसी में डले हुए सरिया दिखाई भी देने लगे हैं। कई जगह तो सरिया निकलकर बाहर आ गये हैं। जिससे बिल्डिंग ओर भी कमजोर हालत में पहुंच चुकी है।

आपको बता दें इस जर्जर बिल्डिंग में कोई पुलिसकर्मी रात को सोना तो दूर उसके पास जाने की हिम्मत भी नहीं करते। कई पुलिसकर्मियों ने तो खुद कॉलोनियों में किराए के आवास ले रखे हैं। अगर यह बिल्डिंग अक्समात गिरती है। तो ओर भी बहुत बड़ा हादसा होने की संभावना है। बिल्डिंग के आगे बना थाना परिसर में एसएचओ चैम्बर, पुलिस हवालात, मालखाना, एचएम ऑफिस भी इसकी चपेट में आएंगे। गर्मियों के दिनों में तो पुलिसकर्मी बिल्डिंग के बाहर खुले में चारपाई बिछाकर सो जाते हैं लेकिन अब सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। पुलिस कर्मचारियों को सोने के लिए बहुत बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस थाने पर 15 कांस्टेबल सहित चार हैड कांस्टेबल, चार एएसआई, दो सब इंस्पेक्टर, दो चालक समेत कुल 33 पद स्वीकृत हैं। जिनमें से आवास की सुविधा केवल 12 पुलिसकर्मियों व एसएचओ को ही उपलब्ध है। बाकी जवानों को बैरक और बरामदों में समय काटना पड़ रहा है। आवास का संकट होने के कारण फैमिली के साथ रहने वाले कई पुलिसकर्मियों को आसपास ही किराए पर भवन लेकर रहना पड़ रहा है तो अनेक पुलिस कर्मी आवास की कमी के चलते परिवारों को साथ नहीं रख पा रहे है। ऐसे हालात में पुलिस कर्मी बच्चों की पढाई एवं परिवारों के साथ नही रख पाने की वेदना बनी रहती है। वैसे तो सरकार और पुलिस विभाग से कस्बे के पुलिस थाने को आदर्श होने का दर्जा प्राप्त है, लेकिन मूलभूत सुविधाओं के नाम पर पुलिसकर्मियों को आवास के साथ शौचालय और बाथरूम की पर्याप्त सुविधा भी नसीब नहीं है।

यही वजह है कि हर मौसम में थाने के पुलिसकर्मियों को सुरक्षित भवन की कमी के चलते अनेक परेशानी बनी रहती है। स्वीकृत नफरी के हिसाब से पुलिस कर्मियों के रहने को पुलिस थाने में आवासों की भारी कमी है। फिर भी पुलिस जवानों को जर्जर हाल भवनों के साथ थाने में बनी बैरकों में डेरा जमाना पड़ रहा है।




### किसी मौसम में नहीं उपयुक्त

थाने का पुराना भवन दशकों पुराना होने के कारण किसी भी स्थिति में रहने लायक नहीं है। उसके बावजूद भी जवानों और पुलिस अधिकारियों को उनके अंदर रहकर ही समय निकालना पड़ रहा है।

**इनका कहना है-** यह सही बात है कि पुलिस कर्मियों के आवास जर्जर हालत में है। इस बिल्डिंग को पूरा तोड़कर नए सिरे से बिल्डिंग बनाई जाएगी। इसके लिए पीडब्ल्यूडी से पत्राचार किया जा रहा है। वहीं उच्च अधिकारियों को इस बारे में अवगत करा दिया गया है।

कृष्णराज जांगिड़,
सीओ बयाना

फोटो केप्सन--बयाना कोतवाली में जर्जर बिल्डिंग

## वेंकटराचार्य आयुर्वेद पीजी श्रेष्ठ शोध अवार्ड 2024 की हुई घोषणा

### संयोजनम कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शोधार्थियों को किया सम्मानित




बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** विश्व आयुर्वेद परिषद द्वारा आयोजित प्रोफेसर (वैद्य) पी0बी0ए0 वेकराचार्य मेमोरियल ऑल इंडिया आयुर्वेद पीजी थीसिस अवार्ड 2024 आयुर्वेद के विषय द्रव्यगुण विज्ञान एवं रसभास्त्र एवं भैषज्य कल्पना के क्षेत्र में श्रेष्ठ शोध थीसिस का मूल्यांकन एक स्टेंडर्ड मापदण्ड के आधार पर सम्बन्धित विषय विशेषनो द्वारा किया गया।

संगठन के मीडिया प्रभारी डॉ पवन सिंह शेखावत ने बताया कि पूरे भारत वर्ष से विभिन्न आयुर्वेद महाविद्यालय से पी जी डिग्री प्राप्त सम्बन्धित विषयों के शोध छात्र-छाओं द्वारा तकरीबन 60 शोध थीसिस प्राप्त हुए जिनका मूल्यांकन दो चरणो में किया गया । प्राप्त परिणाम के अनुसार द्रव्यगुण विज्ञान विषय में प्रथम विजेता डा0 अनुश्री एस0 उरकुडे तथा द्वितीय विजेता डा0 श्वेता मण्डलोई रही। रसभास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विषय में प्रथम विजेता डा0 वैष्णवी के0 एम0 तथा द्वितीय विजेता डा0 नीलाम रावत रही। प्रथम विजेता एवं द्वितीय विजेता को क्रमश- 15000/- रूपये तथा 10,000/- रुपये नकद राशि तथा मोमेण्टो मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से माननीया उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी जी राजस्थान सर?कार के कर कमलों द्वारा संयोजनम कार्यक्रम में प्रदान किया गया। जिसमें राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान माननीय कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा एवं विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रेसीडेन्ट प्रो0 गोविन्द सहाय शुक्ला एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम विश्व आयुर्वेद परिषद द्वारा आयोजित संयोजनम् -2024 के तत्वावधान रास्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के प्रांगण में सम्पादित हुआ । विश्व आयुर्वेद परिषद द्वारा आयोजित इस बेस्ट थीसिस अवार्ड के टीम में चैयरमैन वैद्य के.के.द्विवेदी , आयोजन अध्यक्ष वैद्य किशोरीलाल शर्मा , आयोजन सचिव वैद्य संजय अग्रवाल,संयोजक वैद्य धर अनिसेठी, सह संयोजक वैद्य प्रशांत जी, वैद्य सुनीता एम. पी. तथा वैद्य मनोज अदलखा ने अपने महत्वपूर्ण योगदान दिए ।

## डकैती से संबन्धित गुनहगारों की शीघ्र गिरफ्तारी बावत ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** अलवर सीए एसोशिएशन व टैक्सबार एसोशिएशन द्वारा सीए नीरज गर्ग के आवास पर हुई डकैती व उनके बुजुर्ग माता पिता के साथ हुई लूटपाट,मारपीट व दुर्व्यवहार की वारदात के संदर्भ मे सभी सदस्यों द्वारा जिलाधीश महोदया व अतरिक्त पुलिस अधीक्षक को शुक्रवार को ज्ञापन दिया गया। सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए आकाश सिंघल, टैक्सबार एसोशिएशन के अध्यक्ष सीए महेश जैन द्वारा ज्ञापन देकर उक्त घटना के संदर्भ मे आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई तथा शीघ्र ही डकैतों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी हुआ सामान व राशि बरामद किए जाने व शहर मे इस तरह की वारदातों की पुनरावर्ती नहीं हो ।

## सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन कार्यक्रम का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर( का.स. )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय अलवर के तत्वावधान में नेशनल ग्रीन कोर योजना के अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ रैली के माध्यम से किया गया। रैली को हरि झण्डी मित्तल हॉस्पीटल के डायरेक्टर एवं आईएसजीएफके जिला अध्यक्ष एवं समाज सेवक गिरीश गुप्ता ने दिखाई। साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक का दायित्व भी निभाया। रैली पश्चात् सिंगल यूज प्लास्टिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार शर्मा जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट ने सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन पर अपनी वार्ता प्रस्तुत की एवं पर्यावरण पर सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रभाव पर योगेश वशिष्ठ शिक्षाविद् ने अपनी वार्ता प्रदान की।

# शिविर में नन्हे मुन्नो ने कहा हमारे पार्क में झूले लगवादो, मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किए जाने वाले सरकार आपके द्वार,जनसमस्या समाधान शिविर के क्रम में शुक्रवार को कोटा दक्षिण नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 52 में आयोजित किया गए। कोटा दक्षिण नगर निगम के ये 8 वार्ड रामगंजमंडी विधानसभा में आते है।

शिविर का शुभारंभ मंत्री मदन दिलावर ने प्रात: 11 बजे मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया। शिविर के प्रारंभ में उपस्थित जनसमूह को सरकारी विभागों की योजनाओं का एक एक कर विस्तृत विवरण दिया गया। और जो पात्र लोग थे और अभी तक आवेदन नहीं किया है उनका मौके पर ही आवेदन भरवा कर स्वीकृति जारी की गई। इसके बाद मंत्री मदन दिलावर ने शिकायत लेकर आए लोगों का नाम पुकारना शुरू किया और बारी बारी से उपस्थित जानो को बुलाकर उनकी समस्य सुनी और शिविर में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। शिविर में कुल 198 परिवेदनाएं प्राप्त हुई जिनका मंत्री महोदय ने निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। ज्यादातर समस्या नाली, पट्टान ,पेयजल समस्याओं को लेकर रही। जिनका उपस्थित नगर निगम और कोटा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने निस्तारण किए।

**फर्जी मदरसा :** विज्ञान नगर निवासी आरिफ हुसैन ढलवाल ने शिविर में उपस्थित होकर शिकायत दी कि छतरपुर विज्ञान नगर में अरुजूल बनात (रजिस्ट्रेशन नंबर 1145) नामक मदरसे संचालित है। जिसने फर्जी नामांकन दिखा रखा है। इसकी जानकारी अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को दी गई तो उन्होंने दिनांक 30/4/24 ,7/5/24 तथा 11/5/24 को जांच की गई। तीनों बार निरीक्षण में बच्चों का नामांकन शून्य पाया गया। अत: फर्जी नामांकन वाले मदरसे को बंद किया जाए एवं मदरसा संचालक व हेडमास्टर के खिलाफ पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराई जाए। मदरसा संचालन के लिए रखे गए पैराटीचर जो 12 वर्षों से फर्जी भुगतान उठा रहे है उनसे वसूली की जाए। इस मामले में जिला कलेक्टर कोटा को दिनांक 6/5/24 ,9/5/24 तथा 5/7/24 को भी ज्ञापन देकर शिकायत की गई है। इस पर शिक्षा मंत्री ने उपस्थित जिला अल्पसंख्या अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए । अधिकारी ने शून्य नामांकन एवं पैराटीचर समायोजन का प्रकरण बनाकर राज्य सरकार को भेज दिया है।

**बच्चों की मांग की पूरी :** शिविर के दौरान वार्ड नंबर 52 के निवासी छोटे छोटे बच्चे भी इकट्ठे होकर मंत्री के पास पहुंचे और अपने खेलने के लिए घर के सामने वाले पार्क में झूले लगाने की मांग की। जिस पर मंत्री दिलावर ने बच्चों की मांग को स्वीकार करते हुए एक माह के अंदर सब्जी मंडी वाले पार्क में झूले लगाने के निर्देश नगर निगम अधिकारियों को दिए।



# लोक सभा अध्यक्ष बिरला की पहल पर नगरीय क्षेत्रों में होंगे विकास कार्य

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी( अनन्त दाधीच )।** बून्दी के नागरिकों को नए वर्ष में विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। नगरीय क्षेत्रों में विकास के साथ आमजन के लिए सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर बून्दी सहित जिले की नगरीय निकायों में 270 करोड़ रुपए की लागत से चहुंमुखी विकास कार्य किए जाएंगे। जल्दी ही विकास की विस्तृत कार्ययोजना बनाकर विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जाएगा। बीते दिनों लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जिला कलक्टर को नगर परिषद और नगर पालिकाओं को फंड की कमी से निपटने के लिए हुडको से ऋण लेने के निर्देश दिए थे ताकि नगरीय क्षेत्रों में विकास कार्य बाधित नहो। इसके तहत नगर परिषद क्षेत्र के लिए 200 करोड़ रुपए और नगर पालिकाओं में विकास कार्यों के लिए 10-10 करोड़ रुपये के ऋण प्रस्ताव हुडको को भिजवाने के निर्देश दिए गए हैं। इस राशि से शहरी क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य होंगे और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## एक सप्ताह में भेजेंगे पीपीआर रिपोर्ट

गुरूवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने नगर परिषद आयुक्त, नगर पालिकाओं के अधिशाषी अधिकारियों तथा हुडको के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला कलक्टर ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष की मंशानुरूप जिले के नगरीय क्षेत्रों में विकास को लेकर कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है। बूंदी नगर परिषद क्षेत्र में 200 करोड़ व 7 पालिकाओं में 10-10 करोड की पीपीआर रिपोर्ट तैयार कर अगले सात दिनों में हुडको भिजवा दी जाएगी। इसमें सौंदर्यीकरण, आमजन को सुविधाओं उपलब्ध करवाने के कार्यों के अलावा ऐसे कार्य भी करवाए जिससे नगरीय निकायों में आय के स्त्रोत उपलब्ध हो। बैठक में नगर परिषद आयुक्त संतलाल मक्कड सहित नगर पालिकाओं के अधिकारी एवं हुडको के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बॉक्स क्रिकेट लीग का भव्य शुभारंभ आज

## शहर के क्बल और संस्था दिखाएगी क्रिकेट की दिवानगी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** यंग इंडियंस के तत्वावधान में दो दिवसीय बॉक्स क्रिकेट लीग का आयोजन 23 और 24 नवंबर को अनंतपुरा स्थित टर्फ पर किया जा रहा है। यंग इंडियंस के चैप्टर चेयर चिराग जैन ने बताया कि टूर्नामेंट में कोटा की प्रतिष्ठित छह टीमें भाग ले रही हैं। यंग इंडियंस द्वारा आयोजित बॉक्स क्रिकेट लीग की टीमों की जर्सी लॉन्चिंग शुक्रवार की गई। अनंतपुरा स्थित टर्फ पर आयोजित समारोह में सभी छह टीमों के कप्तानों ने अपनी-अपनी टीमों की विशेष डिजाइन की गई टी-शर्ट का अनावरण किया। यंग इंडियंस के चैप्टर चेयर चिराग जैन और प्रोजेक्ट चेयरमैन अंकित लड्ढा की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में एसएसआई, रोटरी, राउंड टेबल, सीए, यंग इंडियंस और कोटा क्लब के कप्तानों ने एक साथ मंच साझा किया। प्रोजेक्ट चेयरमैन अंकित लड्ढा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में एसएसआई, रोटरी, राउंड टेबल, सीए, यंग इंडियंस और कोटा क्लब की टीमें भाग ले रही हैं। सदस्य अतिवीर जैन ने बताया कि प्रत्येक टीम में 9-9 खिलाड़ी शामिल हैं। टूर्नामेंट में टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है, जिसमें प्रत्येक ग्रुप में तीन-तीन टीमें हैं। दो दिवसीय इस टूर्नामेंट में कुल नौ रोमांचक मुकाबले होंगे। छह टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक टीम में नौ खिलाड़ी शामिल हैं। ग्रुप मैच आठ ओवर के होंगे,जबकि सेमीफाइनल दस ओवर और फाइनल पंद्रह ओवर का होगा।सभी मैच शाम 5 बजे से रात 10 बजे के बीच खेले जाएंगे। जर्सी लॉन्चिंग के दौरान सभी कप्तानों ने अपनी-अपनी टीमों की तैयारियों पर चर्चा की और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से खेलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य शहर की प्रमुख संस्थाओं के बीच खेल के माध्यम से सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान सभी टीमों के प्रतिनिधियों ने टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। शाम को चाय के साथ हुई इस बैठक में टूर्नामेंट के नियमों और कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी कप्तानों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे शहर में खेल भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक पहल बताया।

# भारतीय मानक क्लब द्वारा एक्सपलोज़र विजिट के लिए छात्र-छात्रा हुए रवाना



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे से भारतीय मानक क्लब द्वारा एक दिन की एक्सपलोज़र विजिट झालरापाटन झालावाड़ के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमहला के (25 छात्र )व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रनायरा (29 छात्र /छात्राऐ )बस के द्वारा रवाना हुए। जिसको प्रधानाचार्य कालू लाल शर्मा एवं जगदीश भावसार ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। छात्र /छात्राओं के साथ उदय सिंह मीना, डॉक्टर नगमा सुल्ताना, रानी सिंधी,फोरुलाल मौजूद रहेगे।

# तस्करी कर ले जाया जा रहे हैं 45 किलो डोडा चुरा के साथ भटिंडा के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र के अजमेर चौराहे पर चित्तौड़ की ओर से पंजाब की ओर तस्करी कर ले जाया जा रहे हैं, 45 किलो डोडा चुरा के साथ भटिंडा के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि डीएसटी टीम के एएसआई अय्यूब मोहम्मद ने सूचना दी की अजमेर चौराहे पर तीन संदिग्ध व्यक्ति खड़े हैं जो डोडा चूरा तस्कर हो सकते हैं।

इस सूचना के आधार पर सुभाष नगर थाना अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे जहां पर बस के इंतजार में खड़े तीन व्यक्ति रिछपाल सिंह, लभजीत सिंह, और निक्का सिंह मिले जिनसे पूछताछ की तो तीनों ने खुद को भटिंडा का रहने वाला बताया उनके पास चार बेग थे, जिसमें क्या है इसके बारे में जब जानकारी चाहिए तो वह संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए।

जिस पर पुलिस ने बेग की तलाशी ली तो उसमें डोडा चूरा भरा हुआ मिला, पुलिस ने डीएसटी टीम के एएसआई अय्यूब मोहम्मद की मौजूदगी में मौके पर ही डोडा चुरा का वजन करवाते हुए तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर अवैध डोडा चूरा जप्त किया। जब्त किया डोडा चूरा 45 किलो है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख आंकी जा रही है।

# अवैध शराब से भरा हुआ कंटेनर और अंग्रेजी शराब की 272 पेटी पकड़ी

## शराब की कीमत लगभग 20 लाख रुपए बताई



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( सुनील मेघवाल )।** बून्दी जिले के केशवरायपाटन पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए केशोरायपाटन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब से भरे हुए कंटेनर को पूछताछ के लिए रोका तो पुलिस द्वारा कंटेनर को चेक करने पर पुलिस ने पाया कि कंटेनर में अवैध शराब के कई कार्टून अवैध शराब के पकडे है। केशवरायपाटन पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर अवैध शराब के कंटेनर को जप्त किया है। केशवरायपाटन सीआई देवेश भारद्वाज ने बताया कि बीती देर रात को मुखबिर की सूचना मिलने पर शूगर मिल चौराहे पर कंटेनर में पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही अलग अलग 4 ब्रांड की अंग्रेजी शराब की 272 पेटी पकड़ी गई है। शराब की कीमत लगभग 20 लाख रुपए की बताई जा रही है। पुलिस ने जालौर निवासी आरोपी सुरेश ओढ़ को गिरफ्तार कर कंटेनर को जब्त किया।

# दो अलग-अलग जगह से किए अजगर रेस्क्यू

बढ़ता राजस्थान



**बून्दी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी के क्षेत्रीय वन अधिकारी हेमेंद्र सिंह ने बताया कि उपवन संरक्षक रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व बूंदी संजीव शर्मा के निर्देश पर रेस्क्यूर युधिष्ठिर मीणा ने ठीकरदा के खेत में फसल बुआई के दौरान अजगर दिखाई दिया जिसकी सूचना पर अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू किया। अजगर करीब सात फिट का था। अचानक अजगर दिखाई देने पर खेत में मौजूद लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। अजगर को रेस्क्यू कर रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के जंगल में सुरक्षित छोड़ा इसके बाद दलेलपुरा गणेश घाटी के पास अजगर रेस्क्यू कीया जो करीब पांच फिट का था। युधिष्ठिर मीणा ने दोनों अजगर रेस्क्यू कर सुरक्षित रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में छोड़ा।

# योग ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने की योग-क्रियाएं, विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

## जिला स्तरीय योग ओलंपियाड संपन्न, विजेता हुए पुरस्कृत



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी,( नि.स. )।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के तत्वाधान में जिला स्तरीय योग ओलंपियाड महात्मा गांधी राज. विद्यालय बालचंद पाड़ा में संपन्न हुआ। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नवनीत जैन ने बताया कि जिलेभर से विभिन्न आयु वर्गों में विद्यार्थियों ने भाग लेकर आसन, प्राणायाम, क्रिया व बंध में योग क्रियाएँ कर उत्साह से भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) चंद्रप्रकाश राठौर रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक गुरुदत्त शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि जिला योगासन खेल संघ अध्यक्ष अंकुर निंबार्क, कार्यवाहक प्रधानाचार्य नवनीत जैन रहे। अतिथियों ने विभिन्न आयु वर्गों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय योग ओलंपियाड में बूंदी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**ये रहे विजेता-उपविजेता :** कार्यक्रम से जुड़े विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक विजयभान सिंह चैहान ने बताया कि जूनियर बालक वर्ग में स्वर्ण पदक सिद्धांत सोनी, रजत पदक धैर्य तिवारी, बालिका वर्ग में स्वर्ण भुवनेश्वरी पंचोली, रजत प्रतिक्षा सैनी ने प्राप्त किया। वहीं सीनियर बालक वर्ग स्वर्ण पदक हर्षित रावत, रजत पदक लोकेंद्र मीणा, बालिका वर्ग में स्वर्ण हेमलता सैन, रजत नंदनी सामरिया ने प्राप्त किया। दलीय प्रतिस्पर्धा में जूनियर बालक वर्ग में प्रथम व द्वितीय महात्मा गाँधी राज. विद्यालय, बालचंद पाड़ा, बालिका वर्ग में प्रथम व द्वितीय महात्मा गाँधी राज. विद्यालय, बालचंद पाड़ा, सीनियर बालक वर्ग में महात्मा गाँधी राज. विद्यालय बालचंद पाड़ा प्रथम, स्वामी विवेकानंद राज. मॉडल विद्यालय लाखेरी द्वितीय, बालिका वर्ग में महात्मा गांधी राज. विद्यालय बालचंद पाड़ा प्रथम, महात्मा गाँधी राज. विद्यालय, बड़ा नया गांव द्वितीय रहे।

**निर्णायक मंडल में ये रहे शामिल :** प्रतियोगिता निर्णायक मंडल में अंकुर निंबार्क, अरविंद गोस्वामी, लोकेश शर्मा, जगदीश सैनी, प्रभूलाल मीणा, सत्यनारायण सैनी व अन्य शामिल रहे।

# जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट में किए एमओयू की समीक्षा बैठक

## जिला कलेक्टर नमित मेहता ने एमओयू के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राइजिंग राजस्थान के जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट में किए गए एमओयू की समीक्षा की गई। बैठक में सभी एमओयू धारकों की उद्योग स्थापित करने में आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इन समस्याओं में भूमि कन्वर्जन, महंगी बिजली दरें, भूमि की आवश्यकता आदि प्रमुख थीं। जिला कलक्टर ने इन समस्याओं का समाधान करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) ओमप्रकाश मेहरा, ओएसडी नगर विकास न्यास सीएल मीणा को भूमि संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र महाप्रबंधक केके मीना को राज्य सरकार द्वारा उद्योगों को रीप्स योजना के तहत छूट के संबंध में जानकारी देने और रीको लि के अतिरिक्त महाप्रबंधक को नए औद्योगिक क्षेत्रों के बारे में जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया।

# सरस का दूध खराब होने का विडिया निकला झूठ गलत विडियो बनाने वाले के खिलाफ मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (सरस डेयरी) ने एक एजेंसी संचालक द्वारा दूध को खराब दिखाने वाले वीडियो को वायरल करने के मामले में कैथून थाना में शिकायत दर्ज कराई है। सरस डेयरी के विपणन प्रभारी राकेश कुमार जांगिड़ के अनुसार, 20 नवंबर को महावीर राठौर के पुत्र गुलाब चंद द्वारा सरस दूध एजेंसी पर एक वीडियो बनाया गया। वीडियो में छ्रझरू 180 रू दूध के पाउच को गर्म करने पर खराब होने का दावा किया गया। शिकायत के अनुसार, खाली पाउच में अन्य ब्रांड का दूध मिलाकर यह वीडियो बनाया गया।

**पूर्व कर्मचारी ने बनाया दबाव :** जांगिड ने बताया कि सरस डेयरी के पूर्व कर्मचारी बनवारी वर्मा, जो विपणन विभाग में 10 वर्षों तक कार्यरत थे,द्वारा महावीर राठौर पर लगातार फोन करके खराब दूध का वीडियो वायरल करने का दबाव बनाया गया।

साथ ही एजेंसी संचालक को निजि दूध कंपनी का दूध लेने के लिए कहा गया, जहां वर्तमान में बनवारी वर्मा कार्यरत हैं।

**तुरंत कार्रवाही :** अध्यक्ष राठौड ने बताया कि वह शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण दूध देने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे है और इसके लिए निरंतर प्रयासरत रहते है। जब उन्हे विडियों के बारे में जानकारी मिली तो उन्होने 19 नवम्बर के दूध की पुन: लैब में जांच करवाई और लैब में दूसरी बार सैम्पल दूध सही पाने बाद 3 सदस्य विजिलेंस टीम बनाकर विडियों की जांच करने हेतु भेजा। जांच में पाया गया कि एक निजि दूध कम्पनी के कर्मचारी बनवारी द्वारा यह षडियंत्र सरस डेयरी को बदनाम करने के उद्देश्य से किया गया था।

# इब्राहिमपुर स्कूल में हुआ एसयूपीडब्ल्यू शिविर का समापन

## समापन कार्यक्रम में ट्रेफिक पुलिस ने यातायात से जुड़े नियमो की जानकारी दी, साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सदर एसएचओ ने दी बच्चो को जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड सदर थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को समाज उपयोगी उत्पादक शिविर का समापन हुआ। स्कूल में शिविर समापन पर जहां स्कूली बच्चों को समाज उपयोगी उत्पादों की जानकारी दी गई,वहीं ट्रैफिक रूल्स के बारे में भी बाड़ी से पहुंचे ट्रैफिक इंचार्ज और टीम द्वारा जानकारी दी साथ में नागरिकों से जुड़ी विभिन्न धाराओं की सदर एसएचओ विनोद कुमार ने बच्चों को जानकारी दी और बताया कि वह किस प्रकार वर्तमान में चल रहे साइबर क्राइम से बच सकते हैं। स्कूल प्रधानाचार्य नीतू कुमारी गुर्जर ने बताया कि विद्यालय में कक्षा नवमी और दशमी के बच्चो के लिए पांच दिवसीय समाज उपयोगी उत्पादक शिविर का आयोजन 19 नवंबर से किया गया। वही कक्षा छह से आठ तक के बच्चो का तीन दिवसीय शिविर लगाया गया। दोनों शिविरों का आज समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में



सेवानिवृत्ति जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार गर्ग जहां मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह परमार ने बच्चो को शिक्षा से जुड़े नवाचारों से अवगत कराया। कार्यक्रम में बसेड़ी के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रूपसिंह मीणा और अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र मीणा भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान बाड़ी से पहुंचे ट्रैफिक इंस्पेक्टर रामवकील सिंह और ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा बच्चों को यातायात के नियमों की जानकारी दी। जिससे शिविर और रोचक हो गया। इस दौरान सदर एसएचओ विनोद कुमार ने नागरिकों से जुड़ी विभिन्न धाराओं की बच्चों को जानकारी दी साथ में बताया कि वह वर्तमान में चल रहे साइबर क्राइम और फ्रॉड से बचने के लिए मोबाइल का सावधानी से उपयोग करे। कार्यक्रम के दौरान ब्रजकिशोर द्वारा बच्चों को मोबाइल से होने वाले लाभ एवं हानियां की जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक मांगीलाल दूर्य ने किया। कार्यक्रम में स्कूल के वरिष्ठ अध्यापक दशरथ सिंह,भोरु लाल,शेरसिंह अमर सिंह,कुलराज सिंह,राघवेंद्र सिंह,रतनलाल वर्मा,विजय सिंह,मुकुल शर्मा एवं भोलाराम तिवारी मौजूद रहे।

**बच्चों ने बनाया शिविर को रोचक,खुद के बनाये नाश्ते को किया अतिथियों को सर्व :** 09वीं एवं 10वीं क्लास के स्कूली बच्चों के शिविर को रोचक बना दिया। उन्होंने अपने-अपने ग्रुपों में बनाए गए व्यंजन अतिथियों को सर्व किये। जिसमे लौकी का हलवा, ब्रेड पकोड़ा,पानी पुरी,गाजर का हलवा,अन्नकूट खिलाया गया।

# राजाखेड़ा में बिजली विभाग की कार्रवाई

## बकायदारों के ट्रांसफॉर्मर जब्त, अवैध लाइनों को हटाया

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राजाखेड़ा में गुरुवार को बिजली विभाग ने बकायदार उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की है। कई दिनों से जिन बिजली बिल जमा नहीं कराया है। उनके ट्रांसफॉर्मर जब्त कर अवैध लाइनों को हटाया गया। कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल ने अपनी टीम के साथ बकायादार डीसी, पीडीसी उपभोक्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की और उनको अपनी बकाया राशि छूट योजना में जमा कराने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही कस्बे से अवैध लाइन हटाने का अभियान चलाया गया। जिसमें टीम ने कस्बे के 3, 4, और 5 नम्बर फीडर पर कार्रवाई को अंजाम दिया है। टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी बकाया वसूली अभियान चलाया। जिसमें गढ़ी जाफर फीडर और नदोरा फीडर से 4 लाख की बकाया राशि पर 3 ट्रांसफार्मर उतारे गए। एक ट्रांसफॉर्मर 2 लाख की बकाया राशि पर जंफर खोल कर बंद किया है। टीम ने लोगों से अपील की वह अपना बकाया बिल समय से जमा कराए और जिन लोगों ने अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं लिए वे तुरंत कनेक्शन के लिए आवेदन करें, जिससे भविष्य में होने वाली कठोर कार्रवाई से बच सकें।

### कार्रवाई में ये रहे मौजूद

कार्रवाई करने वाली टीम में कनिष्ठ अभियंता के साथ हरेंद्र शर्मा, राजवीर सिंह, डालचंद, हरभान सिंह और एफ.आर.टी टीम के कर्मचारी मौजूद रहे।

# खेत में टूटकर गिरा बिजली का तार चारा और अनाज की बोरियां जलकर खाक पीड़ित किसान ने की मुआवजे की मांग

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** मनियां थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बिजली का तार टूटकर खेतों में गिर गया। बिजली के तार की चपेट में आने से खेत में रखा पशु चारा सहित अनाज जलकर खाक हो गया। पीड़ित ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। पीड़ित किसान उत्तम पुत्र रामजीलाल ने बताया कि उसके खेतों के ऊपर से जा रही बिजली लाइन का तार अचानक टूटकर गिर गया। करंट की चपेट में आने से खेत में रखे भूसा के कूप और अनाज की बोरियां जलकर खाक हो गई। खेत में आग लगने की खबर मिलते ही मौके पर ग्रामीण पहुंच गए। जहां किसानों ने पंप सेट लगाकर आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने से पहले ही किसान का खेत में रखा पशु चारा और अनाज जलकर खाक हो गया। जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई जा रही है। पीड़ित किसान ने बताया कि आग लगने की वजह से उसका अनाज और पशुओं का चारा जलकर खाक हो गया है, जिसके बाद किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# रेप के दोषी को 10 साल का कारावास 10 हजार रुपए का लगाया जुर्माना नाबालिग का अपहरण कर की थी वारदात

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग का अपहरण कर रेप करने के दोषी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक संतोष मिश्रा ने बताया कि महिला पुलिस थाना पर एक परिवादी ने 16 फरवरी 2017 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि उसकी 14 साल की नाबालिग बेटी 15 फरवरी 2017 को स्कूल पढ़ने गई हुई थी। जब बेटी स्कूल से घर नहीं आई तो पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को रिपोर्ट दी। जिस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिग को डिटेन कर कोर्ट में पेश कर बयान दर्ज कराए। साथ ही मेडिकल जांच कराई। जिसमें रेप की पुष्टि हुई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जहां से आरोपी को हाई कोर्ट से जमानत मिल गई। विशिष्ट लोक अभियोजक ने बताया कि जमानत जब्त होने के बाद आरोपी को वापस जेल में दाखिल कराया गया। मामले में लोक अभियोजक मिश्रा ने कोर्ट में 22 गवाह पेश कर दस्तावेजों को साबित कराया। नाबालिग का अपहरण कर रेप के मामले में न्यायाधीश राजकुमार ने दोनों पक्षों की बहस और लोक अभियोजक की दलील सुनने के बाद गुरुवार को आरोपी को दोषी करार देते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई हैं। जिसे पर कारावास के साथ दस हजार रुपये के अर्थदंड से भी दण्डित किया है।

# बीएलओ द्वारा प्राप्त किये जायेंगे दावें एवं आपत्तियों के फार्म

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के तहत शुक्रवार को उमादत्त पब्लिक विद्यालय में 23 नवम्बर को आयोजित होने वाली ग्राम सभा व वार्ड सभा के विषय में बताया गया। ग्रामसभा व वार्ड सभा में बीएलओ द्वारा मतदाता सूचियों का पठन-पाठन किया जायेगा तथा दावे एवं आपत्तियों के फॉर्म लिए जायेंगे। 24 नवम्बर को बीएलओ द्वारा मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व के विषय में बताया गया तथा कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार ही नहीं नैतिक कर्तव्य भी है तथा देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए हर मतदाता का मत महत्वपूर्ण होता है। पुनरीक्षण वर्ष के 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई व 1 अक्टूबर को कोई भी नागरिक जिसकी उम्र 18 वर्ष या इससे अधिक हो, मतदान करने के लिए अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। 17 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रत्येक व्यक्ति मतदाता के रूप में पंजीकरण हेतु संबंधित बीएलओ तथा वीएचए एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस मौके पर जिला स्वीप टीम द्वारा मतदान शपथ दिलवाई गई।

# गिर्राज सिंह मलिंगा को भरतपुर जेल किया शिफ्ट: कारागृह बदलने के लिए दिया था प्रार्थना पत्र, 2 दिन पहले कोर्ट में किया था सरेंडर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** भाजपा नेता गिर्राज सिंह मलिंगा को शुक्रवार को धौलपुर जेल से भरतपुर की सेवर जेल में शिफ्ट किया गया है। एईएन हर्षिदापति और जेईएन नितिन गुलाटी के साथ हुई मारपीट के मामले में बुधवार को भाजपा नेता और बाड़ी के पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने कोर्ट में सरेंडर किया था। भाजपा नेता गिर्राज सिंह मलिंगा को दोपहर 12 बजे धौलपुर पुलिस धौलपुर जेल से भरतपुर के सीवर जेल के लिए रवाना हुई। जेल में बंद बाड़ी के पूर्व विधायक और भाजपा नेता गिर्राज सिंह को कड़े पुलिस सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शिफ्ट किया गया है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से जेईएन-एईएन मारपीट के मामले में भाजपा नेता को 14 दिन में सरेंडर करने के आदेश दिए गए थे। जिसके बाद बुधवार को मामले के आरोपी गिर्राज सिंह मलिंगा ने धौलपुर एससी-एसटी कोर्ट में सरेंडर किया था। कोर्ट में सरेंडर करने के बाद भाजपा नेता ने सुरक्षा के चलते जेल बदलने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था।

# भाजपा नेता गिर्राज सिंह मलिंगा के सरेंडर का मामला : सर्व समाज ने पुलिस पर लगाए द्वेषता पूर्वक कार्रवाई करने के आरोप



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** भाजपा नेता गिर्राज सिंह मलिंगा के बुधवार को सरेंडर करने के बाद गुरुवार को सर्व समाज की बैठक हुई। जिसमें पुलिस पर द्वेषता पूर्वक कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए बताया गया कि पूर्व विधायक गिर्राज सिंह से सरेंडर करने के बाद आधा किलोमीटर तक परेड कराई गई। सर्व समाज ने इसे लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। राजपूत छात्रावास में हुई सर्व समाज की बैठक में वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भाजपा नेता गिर्राज सिंह मलिंगा ने एससी एसटी कोर्ट के समक्ष सरेंडर किया था। जिनके सरेंडर करने के बाद कोतवाली, निहालगंज और सदर थाने की पुलिस उन्हें कोर्ट परिसर से कोतवाली थाने के पास तक पैदल लेकर गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि धौलपुर एसपी भाजपा नेता के खिलाफ द्वेषता पूर्वक कार्रवाई कर रहे हैं। जिसकी सर्व समाज में निंदा की हैं। राजपूत छात्रावास में हुई बैठक के बाद सर्व समाज के लोग जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बाड़ी के पूर्व विधायक ने कोर्ट में सरेंडर किया था। जिसके बावजूद पुलिस उन्हें द्वेषता पूर्वक कार्रवाई करते हुए पैदल लेकर पहुंची। जहां बीच रास्ते से उन्हें पुलिस की गाड़ी में बिठाकर जेल तक भेजा गया। मामले में सर्व समाज के लोगों ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से न्यायिक जांच करने की मांग की हैं। राजपूत समाज की बैठक और ज्ञापन देने के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हंगामे की भेंट चढ़ी साधारण सभा की बैठक : मूलभूत सुविधाओं को लेकर अधिकारियों के जवाब नहीं देने पर पार्षदों ने किया हंगामा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर नगर परिषद द्वारा विकास कार्य नहीं कराए जाने से नाराज चल रहे वार्ड पार्षदों की मांग पर गुरुवार को साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। नगर परिषद ऑडिटोरियम में हुई बैठक में विकास कार्यों की मांग को लेकर जमकर हंगामा हुआ। धौलपुर शहर के विकास कार्यों की चर्चा में भाग लेने के लिए जिला कलेक्टर भी नगर परिषद के ऑडिटोरियम पहुंचे, जहां एक बार फिर से बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई।

धौलपुर शहर में सीवरेज कार्य, जल भराव, सड़क, लाइट, सहित दूसरी मूलभूत सुविधाओं को लेकर पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। पार्षदों द्वारा बताई गई समस्याओं पर मौके पर मौजूद जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने नगर परिषद के अधिकारियों से जवाब मांगा। मौके पर मौजूद नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने के बाद पार्षदों ने फिर से हंगामा कर दिया। पार्षदों के हंगामे के बाद विकास कार्यों को लेकर सभापति और पार्षदों के बीच तीखी नोक झोंक भी देखी गई। जहां विकास कार्य नहीं होने से नाराज पार्षदों ने एकमत होकर इस्तीफा देने की चेतावनी दे दी।नगर परिषद



ऑडिटोरियम में हुई बैठक के बाद जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी ने बताया कि नगर परिषद की आय बढ़ाने के लिए जमीनों की नीलामी की जाएगी। उन्होंने बताया कि धौलपुर शहर के सभी वार्डों में एक समान विकास कार्य कराने के लिए योजना तैयार की जा रही है। वहीं, राज्य सरकार को भी आय बढ़ाने के लिए एक प्रपोजल तैयार कर भेजा जा रहा है, जिससे राज्य सरकार द्वारा भी फंड रिलीज कराया जाएगा। आपको बता दें कि हाल ही में पार्षदों ने साधारण सभा की बैठक कराने के लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर इस्तीफा देने की चेतावनी दी थी, जिसके बाद गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया।

# शहर के ठाकुर पाड़ा स्थित सड़क किनारे माता बीजासेन के मंदिर में चोरी

## मंदिर के दरवाजे की कुंडी तोड़कर चोर ले गए चार दर्जन से अधिक पीतल के घंटे

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के ठाकुर पर स्थित बीजासेन माता के मंदिर में गुरुवार की देर रात चोरी की घटना का मामला सामने आया है। चोरों ने मंदिर के दरवाजे की कुंडी को काटकर अंदर प्रवेश किया और मंदिर में लगे दर्जनों पीतल के घण्टो को काटकर ले गए। चोरी की यह घटना पास के घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुई है।जिसमें दो संदिग्ध मंदिर से निकलते और अंदर जाते दिखाई दे रहे हैं। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मंदिर पहुंच मामले की जांच की है और चोरों की तलाश की जा रही है। बीजासेन माता मंदिर के श्रद्धालु अजय सिंह उर्फ बॉबी परमार ने बताया कि उनके घर के ठीक बगल में कुलदेवी बीजासेन माता का मंदिर है। जिसमें मोहल्ले के



सभी लोग पूजा अर्चना करते हैं। मंदिर के पुजारी जस्सो भगत को शुक्रवार की सुबह मंदिर आने पर जानकारी हुई। उनको दरवाजे की कुंडी टूटी मिली और अंदर जाकर देखा तो सारे पीतल के घंटे गायब थे। इस पर पुजारी ने सभी को चोरी की सूचना दी। जिस पर उनके साथ मोहल्ले के अन्य श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर में करीब चार दर्जन पीतल के घंटे चढ़े हुए थे। जो सभी गायब है। केवल एक घंटा मंदिर में लगा हुआ है जो वेल्डिंग था। इस वजह से चोर उसे नहीं ले जा सके। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस ने मंदिर पहुंच मामले की जानकारी ली है। पुजारी जस्सो भगत द्वारा चोरी की घटना को लेकर कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**शहर में बढ़ रहा क्राइम, थैला चोरी की घटना का नहीं हुआ खुलासा,महिला की चेन नहीं ढूंढ पाई पुलिस :** शहर में लगातार क्राइम बढ़ रहा है 27 अक्टूबर को शहर के हॉस्पिटल रोड धर्मशाला के पास खाद बीज विक्रेता रमेश चंद्र गोयल पुत्र नेमीचंद की स्कूटी पर लगे रूपयो से भरे थैले को चोर चुरा ले गया। जिसमें करीब साढ़े सात लाख रुपए की नगदी थी। जिसका पुलिस आज तक पता नहीं लगा पाई है।

वहीं 11 अक्टूबर को गंज दरवाजे से एक महिला चेन स्केचिंग का शिकार हुई थी। पीड़ित मीरा पत्नी पंकज गोयल ने बाड़ी थाने में रिपोर्ट दी थी। पुलिस उंस मामले में भी कोई कार्रवाई नहीं कर सकी है साथ में धौलपुर रोड स्थित तिवरिया हनुमान मंदिर पर घंटे की चोरी एवं दानपात्र में से नगदी की चोरी के मामले में भी कोई खुलासा नहीं हो सका है।

# कृषि विभाग द्वारा उर्वरक विक्रेताओं के गोदामों का किया गया भौतिक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में शुक्रवार को बाड़ी में मैसर्स आर ग्रुप ऑफ ऐजेन्सी, मैसर्स कृष्णा कृषि सेवा केन्द्र, मैसर्स सोहम खाद बीज भण्डार, मैसर्स मंगल ट्रेडिंग एजेन्सी, मैसर्स जय श्रीश्याम ट्रेडर्स, मैसर्स किसान एंटरप्राईजेज फर्मों का उर्वरक निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सहायक कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षकों द्वारा पोस मशीन व स्टॉक रजिस्टर का गोदाम के स्टॉक के साथ मिलान किया गया। उर्वरक निरीक्षक द्वारा बाड़ी के समस्त आदान विक्रेताओं को निर्धारित दर पर आदान विक्रय करने के निर्देश दिये गये एवं कृषकों को सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि गेहूँ तथा अन्य फसलों की बुवाई का समय चल रहा है। जिले में डी.ए.पी. की उपलब्धता कम है। कृषकों को फसल बुवाई हेतु डी.ए.पी. के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट एवं एन.पी.के. उर्वरकों के प्रयोग करने की सलाह दी गई।

# धौलपुर जिले को मिले 8 नए एएसआई : हेड कांस्टेबल से एएसआई प्रमोशन परीक्षा का आया परिणाम, भरतपुर पुलिस लाइन में हुई थी परीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के लिए हेड कांस्टेबल से एएसआई पदोन्नति शारीरिक दक्षता परीक्षा का भरतपुर पुलिस लाइन में गुरुवार सुबह आयोजन किया गया। वर्ष 2019-20 के 8 पदों के लिए हुई पदोन्नति शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद गुरुवार को ही साक्षात्कार परीक्षा आयोजित की गई। जिसका परिणाम शाम को घोषित कर दिया गया हैं। परिणाम सामने आने के बाद धौलपुर पुलिस को 8 नए एएसआई मिल गए।

भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश और धौलपुर एसपी सुमित मेहरड़ा की देखरेख में आयोजित कराई गई पदोन्नति शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद परिणाम जारी किया गया हैं। परिणाम जारी होने के बाद हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, सोनवीर, नीरज कुमार, प्रदीप कुमार, होरीलाल, प्रेम सिंह, ओमप्रकाश और रामराज को इसी पद पर पदोन्नति किया गया हैं। शारीरिक दक्षता परीक्षा से पूर्व 19 और 20 अक्टूबर को धौलपुर पुलिस लाइन में लिखित परीक्षा आयोजित कराई गई थी। जिसमें 34 हेड कांस्टेबल पास हुए थे। जिनकी गुरुवार सुबह भरतपुर पुलिस लाइन में शारीरिक दक्षता परीक्षा कराई गई।

भरतपुर पुलिस लाइन में हुई परीक्षा के दौरान 34 में से 9 हेड कांस्टेबल अनुपस्थित रहे।

आठ पदों के लिए हुई पदोन्नति परीक्षा में पांच पद सामान्य वर्ग, दो पद एससी वर्ग और एक पद एसटी वर्ग के लिए आरक्षित था। गुरुवार को ही परीक्षा के बाद 8 हेड कांस्टेबल को पदोन्नत किया गया है।



# तम्बाकू दुष्प्रभावों को लेकर छात्रों को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** विक्टर इन्फेंट सेकेंडरी स्कूल में तंबाकू मुक्ति के लिए एक महत्वपूर्ण संकल्प लिया गया । यह कार्यक्रम प्रभात संस्थान धौलपुर और युवा चेतना समिति बाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था । कार्यक्रम में प्रभात संस्थान के निर्देशक राकेश कुमार ने बताया कि टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2 .0 भारत भर में चलाया जा रहा है, इसलिए उन्होंने राजस्थान में तंबाकू सेवन के आंकड़ों पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर विद्यालय संचालक एवं निर्देश आशीष बंसल तथा सौरभ गोयल, रिंकू जिंदल, गरिमा बंसल, रचना परमार, प्रियंका जिंदल, आदित्य शर्मा, साधना शर्मा, मुस्कान शर्मा, तनीषा शर्मा, शिवानी शर्मा अमरीन, काजल गर्ग, सुरभि गर्ग, अनिता बंसल, सत्येंद्र शर्मा, सुनील शर्मा,राजकुमार बंसल, पवन शर्मा, केदार प्रजापति, नेहा शर्मा, मोहिनी, चांद बाबू सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।



# उचित वित्तीय प्रबंधन से करें ऋण आवेदकों के सपने साकार: शुभम्

## जिला स्तरीय बैंकिंग समन्वय/समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जिला स्तरीय बैंकिंग समन्वय/समीक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि बैंक अधिकारी बैंकों का उचित वित्प्रतीय बंधन कर वित्तीय स्वास्थ्य सुधारें। उन्होंने कहा कि सभी बैंक अधिकारी सरकार की योजनाओं के अन्तर्गत दिए जाने वाले ऋण लक्ष्यों को विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर पूर्ण करें। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। जिला अग्रणी प्रबन्धक परेशनाथ बनर्जी ने कहा कि सभी बैंक प्रतिनिधि 22 दिसम्बर को होने वाली लोक अदालत में एनपीए प्रकरणों में समझाइश के साथ ऋण वसूली करें। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों को सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत लक्ष्यनुसार पात्र आवेदकों को ऋण वितरित करने के निर्देश भी प्रदान किए! बैठक में आरबीआई मैनेजर सागर पंवार, डीडीएम नाबार्ड पुनीत हरित, बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक रामचन्द्र भाटी, आरएसईटीआई निदेशक नीरज गोपालिया, सहायक जिला अग्रणी प्रबन्धक रानू चाँदना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 20 मामलों को लेकर मुस्लिम समाज ने दिया ज्ञापन, सात दिनों में मांगे नहीं मानने पर धरना-प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** जहाजपुर अंजुमन कमेटी आम मुसलमानान ने 20 मामलों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि 14 सितंबर की घटना कि निष्पक्ष जांच करा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने, पुलिस ने अब तक एकतरफा की है मुस्लिम समाज द्वारा दर्ज तीनों मुकदमों कोई कार्रवाई नही करने, एनएचआईए पर लगी केबिनों को बिना नोटिस दिए नगर पालिका द्वारा तोड़फोड़ करने, वक्फ सम्पत्ति पर केबिनों लूट-पाट कर तोड़फोड़ करने, वक्फ सम्पत्ति को अतिक्रमण मुक्त करने, कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करने, पेटा कास्त में बनी कृष्ण नगर को ध्वस्त नहीं करने पर मामले को एनजीटी ले जाने, नृसिंह द्वारे के सामने सरकारी भूमि पर तारबंदी कर अवैध कब्जे को हटाने, लंका मुखी हनुमान मंदिर अवैध निर्माण कर नव निर्मित किया गया उसके कागज मांगे जाने, वन विभाग की भूमि पर बने मकानों को ध्वस्त कर वन विभाग भूमि पर बने धार्मिक स्थलों का सर्वे करने, नगर के ऐतिहासिक परकोटे अवैध रूप से तोड़ कर बनाई गई दुकानों के अतिक्रमण को हटाने, नगर में धार्मिक स्थलों व स्कूलों की तय परिधी से बिड़ी गुटखा तंबाकू के विक्रय पर कार्रवाई करने, जामा मस्जिद के यहां पर लगे बेरिकेडिंग को हटाने, शाहपुरा रोड़ बाइपास तालाब की पाल पर तारबंदी के कब्जे को अतिक्रमण मुक्त करने, वर्ष 2001 के बाद निर्मित धार्मिक स्थलों को हटाने, जिन दुकानों पर आगजनी तोड़फोड़ हुई उनको मुआवजा दिलाने सहित देवली उनियारा विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को रिहा करने की मांग की गई है। सात दिनों में मांगे नहीं माने जाने पर चमन चौराहे पर अंजुमन कमेटी के सानिध्य में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान अंजुमन सदर नज़ीर सरवरी, वक्फ बोर्ड सदर नसीब पठान, पुर्व चेयरमैन शरीफ चीता, पूर्व वॉइस चेयरमैन लतीफ पठान, सद्दीक पठान, इमरान कुरेशी, एडवोकेट फारूख अली सहित सैकड़ों मुस्लिम लोग मौजूद थे।

# भाजपा नगर मंडल कपासन द्वारा सदस्यता अभियान जारी

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत नगर क्षेत्र में आमजन को सदस्य बनाने का कार्य जारी है।भाजपा नगर मंडल महामंत्री एवं पार्षद अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि भाजपा सदस्यता अभियान की समय सीमा बढ़ने के बाद नगर के समस्त बूथों पर भाजपा पदाधिकारी आमजन को भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बना रहे है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर एवं सदस्यता अभियान के सहसंयोजक चेतन शर्मा द्वारा सोमवार को ऑनलाइन सदस्य बनाया। इस दौरान युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष मनीष बारेगामा आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला परिवहन विभाग ओवरलोड वाहनो के पंजीयन के निलम्बन की करेगा कार्यवाही, 119 वाहन मालिकों को भेजे नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमा )।** ब्यावर जिला क्षेत्र में खनिज परिवहन में संचालित वाहनो में निर्धारित क्षमता से अधिक माल परिवहन किए जाने पर जिला परिवहन कार्यालय की ओर से सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। ऐसे वाहनो पर जुर्माना सहित वाहनो का पंजीयन निलंबित किए जाने जैसी कार्यवाही की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गो पर कॉमर्शियल वाहन में जरुरत से अधिक माल ढोने की स्थिति में जिला परिवहन अधिकारी ने सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। उन्होने बताया कि जिससें अवैध एवं ओवरलोड परिवहन पर रोक लगाई जा सके। श्री चौधरी ने बताया कि ऐसे वाहनो की ई-रवन्ना की सूचना खान एवं भू विज्ञान विभाग द्वारा परिवहन विभाग को उपलब्ध करवाई जाती है। विभाग द्वारा ऐसे वाहनो की जांच कर मोटर वाहन अधिनियम धारा 113 का उल्लंघन पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाता है। साथ ही विभाग द्वारा लगातार क्षमता से अधिक ओवरलोड़ माल परिवहन करने वाले वाहनो के विरूद्ध सख्ती दिखाई जाएगी तथा मोटर वाहन अधिनियम की धारा 55 (1) (9) के तहत वाहनों का पंजीयन प्रमाण निलंबित किए जाने की कार्यवाही की जायेगी। विभाग द्वारा खान एवं भू विज्ञान विभाग द्वारा उपलब्ध सूचना के आधार पर 119 वाहनो को इस संबंध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। बार-बार माल ओवरलोड परिवहन करने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। जिसे रोकने के लिए विविधि प्रक्रिया अपनाकर विभाग ऐसे वाहनो का पंजीयन प्रमाण निलंबित करेगा एवं यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# सज्जनों की संख्या धर्म को बढ़ाती है - आचार्य श्री सुनील सागर

बढ़ता राजस्थान





**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** सज्जनों की संख्या धर्म को बढ़ाती है। सबसे पुण्यशाली हम लोग है जो भगवान की भक्ति कर रहे है। भक्ति भाव में बितना ही जीवन की सार्थकता है। उक्त बात प्राकृत ज्ञान केसरी, प्राकृत मार्तण्ड राष्ट्र संत आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने नव निर्मित श्री आदिनाथ जिनालय का भव्यतम श्रीमद् आदिनाथ जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के तहता षुक्रवार को जन्म कल्याण महोत्सव के तहत आयोजित मंगल प्रवचन के दौरान धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।

### सुन्दरता तो भीतर से आती है : आचार्य श्री

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित जन्म कल्याण महोत्सव के तहत धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने कहा कि भक्ति भाव में बितना ही जीवन की सार्थकता है। महावीर स्वामी जैसे विरले होते है जो तारने व तराने तथा नवकार के लिए जन्म लेते है। यह उनके पुण्य प्रताप ही है जो हजारों वर्श से हम उनका जन्म कल्याण महोत्सव मनाया जा रहा हैं। सबसे पुण्यशाली हम लोग है जो भगवान की भक्ति कर रहे है। जिसकी जहां भूमिका है वह व्यक्ति वहां सम्मानीय होता है। भूमिका के साथ ही सबकी अपनी पूज्यता होती है, सबका अपना सम्मान होता है।

हमें इस बात को समझना होगा। आचार्य श्री ने कहा कि जब जब धरती पर पाप बढ़ जाता है तब तब भगवान व तीर्थंकर के माध्यम से सारी दुनिया को मोक्ष का मार्ग मिलता है। जिसने जितने ऊंचे विचार बनाये, सोच ऊंची बनाई उसका उतना ही ऊंचा अभिशेक हुआ है। जनसंख्या नही सज्जन संख्या बढ़नी चाहिए। सज्जनों की संख्या धर्म को बढ़ाती है। जिनके जीवन में उत्साह है उनके लिए कुछ भी दुर्लभ नहीं। जो धर्म को नहीं छोड़ेगा तो धर्म भी उसको नहीं छोड़ेगा। जो धर्म की रक्षा करेगा, धर्म उन लोगों की रक्षा करेगा। सज्जनता सक्रिय होनी चाहिए। आज भी समाज में सज्जनों की कोई कमी नहीं है। मूल बात यह है कि सज्जन सक्रिय और संगठित नहीं हैं। आज सब जगह मिलावट है लेकिन बिना मिलावट वाली जिनवाणी मिल जाए तो यह जीवन का सौभाग्य है। व्यक्तित्व में ज्यादा लीपापोती के स्थान पर नैचुरल ब्यूटी को ज्यादा महत्व दिया जाना चाहिए।

आप जैसे है वैसे ही अच्छे है। तन की सुन्दरता थोड़े समय के लिए होती है जबकि मन की सुन्दरता जीवन पर्यन्त बनी रही है। सुंदर व्यवहार जीवन भर याद रहता है। अपने चेहरे और शरीर की सुंदरता से ज्यादा अपने व्यवहार की सुंदरता पर ध्यान देना चाहिए।

### आयोजित कार्यक्रम

महोत्सव समिति अध्यक्ष डॉ. ज्ञान सागर व सुनील पाटनी ने बताया कि शुक्रवार 22 नवंबर को जन्म कल्याण महोत्सव मनाया गया। इसके तहत प्रातः 7.30 बजें भगवान का जन्मोत्सव, 10.30 बजें जन्म कल्याण की षोभायात्रा निकाली गई। दोपहर में पाण्डुक शिला पर जन्माभिशेक, नामकरण आदि का वृतान्त वर्णित किया गया। अनुज जैन, पूर्णेश गोधा, षैलेश पाटनी, आशा वेद, रंजना रमावत आदि ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। डॉ. नेमीचंद अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को दीक्षा कल्याणक महोत्सव के तहत शनिवार को आचार्य श्री के मंगल प्रवचन के साथ ही शांति हवन, युवराज अभिशेक, मंगलाश्टक, भगवान की दीक्षा विधि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। शनिवार रात्रि को टीवी एवं फिल्म कलाकार राजा रेंचो का हास्य व्यंग्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

# बालिका को पेट्रोल पम्प व डी-मार्ट पर नौकरी देने के नाम पर झांसा देकर तेजाब व पेट्रोल व्यवसायी ने लूटी अस्मत

## पुलिस ने भी मामला बनाया हनीट्रेप का, महिला को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक अभिरक्षा में

बढ़ता राजस्थान





**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर के न्यारा पेट्रोल पम्प के मालिक व तेजाब व्यवसायी ने गत दिनों वाहट्सप पर लड़के व लडकियों के लिए आवश्यकता निकाली थी जिसमें पेट्रोल पम्प पर काम करने व डी-मार्ट पर महिलाओं को रखने की बात थी। इसी बात को लेकर ब्यावर के निकटवर्त्ती गांव की रहने वाली 21 वर्षीय बालिका ने नौकरी हेतु फोन पर बात की। बाद में पेट्रोल मालिक ने धीर-धीरे महिला से पूरी जानकारी प्राप्त की और बाद में वाहट्सप पर चेटिंग करने लगा। चेटिंग पर पेट्रोल व्यवसायी ने बालिका को बार-बार पैसे देने व उसके साथ कार में घुमने जाने, कपड़े, परफ्यूम और उसके लिए गिफ्ट आदि का भी लालच दिया। बालिका ने एक बार भी उसके लालच देने वाले आग्रह को नहीं स्वीकारा और तो और उस बालिका ने कहा कि केवल मुझे मेरे हक पैसा चाहिए, मेरी मेहनत का। पेट्रोल व्यवसायी सुनील कुमार सिंहल (52) ने आखिर इतनी चेटिंग करने के बाद उस बालिका का पता पुछकर उसके घर जाने को ललायित होने लगा। बालिका अकेली ही अपने कमरे में रहती थी वह ब्यावर में नर्सिंग कोर्स कर रही थी, पारिवारिक स्थिति ठीक नहीं थी इसलिए वह कोर्स करते हुए नौकरी के माध्यम से अपना खर्चा निकालना चाहती थी। जैसे तैसे करके 18 नवम्बर 2024 को सुबह बारह, साढे बारह बजे पहुँच भी गया। लडकी को अकेला देखकर उसने उसे उत्तेजित करने की कौशिश की और बाद में स्वयं ने ही उस बालिका के साथ अनैतिक कार्य को अंजाम देने लगा। बालिका के साथ अनैतिक कार्य करने से पहले उसने अपने मोबाईल फोन को ऑन कर अपने साथ उसका विडियों बनाने लगा। इस बात का लड़की ने जमकर विरोध किया। इतना ही नहीं जब पेट्रोल व्यवसायी सुनील ने उसकी अस्मत पर हाथ डालने लगा तो वह चिल्लाई और मोबाईल पर हाथ लगाकर उसे बन्द करने की भी कौशिश की। बालिका मजबूरी की इतनी मारी हुई थी कि वह एक बड़े व्यापारी के सामने कुछ बोलती तो उसे जिस तरह की धमकीयां दे रखी थी तो उसके साथ कुछ भी कर सकता था।

पेट्रोल व्यवसायी ने तो बालिका को यहां तक धमकी दी कि यदि पुलिस अथवा किसी उच्चाधिकारी के पास गयी तो तेरी यह विडियो वायरल कर दूंगा और गुंडों से खत्म तक करवा दूंगा। मैं बहुत पैसे वाला हूँ। जब इस बालिका के साथ जो कुछ हुआ उसको लेकर जब मोहल्ले वालों ने विरोध किया तो उस पेट्रोल व्यवसायी को रंगे हाथों पकड़ लिया और जमकर धुनाई की। इस बीच जब मौके से भागने की कौशिश की तो वह कई जगह गिर गया और उसके हाथ पर चोट आ गई। इसी मामले को लेकर जब बालिका साकेत नगर पुलिस थाने पहुँची तो उसकी ना तो रिपोर्ट ली और ना ही एफआईआर काटी। पीडिता बालिका आखिर अपने घर लौट आई इस बीच अधिवक्ताओं से सम्पर्क करने की कौशिश की। ब्यावर न्यायालय में अधिवक्ता शम्भु यादव ने बालिका की पीडा को सुनकर वह भी दंग रह गये और उन्होने भी साकेत नगर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराने का प्रयास किया। इस बीच बालिका के घर से जब पेट्रोल व्यवसायी भागा तो उसका मोबाईल व मोटर साइकिल भी वहीं रह गयी थी। अधिवक्ताओं के सामने उस बालिका ने मोबाईल व मोटर साईकिल की चाबी आदि भी थाने में सौंपी गई। पुलिस ने देर रात तक मामला दर्ज नहीं किया। आखिर जब देर रात में पेट्रोल व तेजाब व्यवसायी थाने पहुँचा तो उसने देर रात 11 बजे मामला दर्ज करा दिया। पुलिस ने पीडिता की और से मामला तो दर्ज नहीं किया लेकिन एक पैसे वाले पेट्रोल व तेजाब व्यवसायी के दवाब में आकर उसकी मदद करते हुए मामला दर्ज कर लिया।

इस मामले में एक युवक को भी गिरफ्तार कर लिया जो बताया गया कि महिला व पेट्रोल व्यवसायी के बीच समझौते की बात कर रहा था उसकी एवज में पैसे की डिमाण्ड कर रहा था। हालांकि इस मामले में बालिका ने एक बार भी पैसे की डिमाण्ड नहीं की बल्कि मामला दर्ज कराने की बात ही कहती रही। पुलिस ने इस सारे मामले को हनीट्रेप का बनाया और इस मामले में बालिका को गलत ठहराते हुए उसे मुल्जिम बना डाला। जबकि बालिका तीसरे दिन न्यायालय में अपनी और से वाद दायर करना चाहती थी लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने न्यायालय परिसर के सामने से उसे सीडी बनवाते हुए उठा लिया। बालिका को बगैर सुने ही इस तरह के मामलों को तूल देने से पहले अधिकारियों को संवेदनशीलता बरतनी चाहिए।

# जिला कलेक्टर खडगावत ने सिटी पुलिस थाने का किया निरीक्षण, रात्रि में 10 बजे बाद डीजे पर लगेगी पूर्णतया पाबन्दी

## स्कूल, कॉलेज के बाहर शिकायत पेटी या सुझाव बॉक्स लगाने के दिये सुझाव



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमा )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने शुक्रवार को सिटी थाने का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान जिला कलेक्टर ने स्वागत कक्ष का निरीक्षण किया। अपराध रजिस्टर की जांच कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि परिवादियों व पीड़ितों को थाना परिसर में सहज माहौल उपलब्ध हो व शिकायत को अच्छे से सुन उनका प्रक्रिया के तहत निष्पक्षता से जांच कर निस्तारण करने की कार्रवाई करें ।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए की रात्रि 10 बजे के पश्चात शहर में डीजे बजने पर पूर्णतया पाबंदी लगाना सुनिश्चित करें । जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए की संबंधित थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों व महाविद्यालयों में शिकायत बॉक्स व सुझाव पेटी रखी जाए जिससे कि विद्यार्थी स्वयं की शिकायत उस बॉक्स में डाल सके एवं नियमित अंतराल में शिकायत बॉक्स में प्राप्त शिकायतो का त्वरित रूप से निस्तारण करें । उन्होंने रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए पुलिस थानाधिकारी से रिकॉर्ड के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि रिकॉर्ड को अपडेट करें। उन्होंने निर्देश दिए कि रिकॉर्ड रूम में समस्त रिकॉर्ड का संधारण अच्छे से करे। इसके पश्चात जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय पुलिस के इस ध्येय वाक्य को पूर्णतया साकार करने के लिए आगे भी हमेशा प्रतिबद्ध रहे ।

जिला कलेक्टर ने थाना परिसर की साफ सफाई व स्वच्छता देखकर स्टाफ की सराहना की। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया , पुलिस उप अधीक्षक राजेश कसाना, थानाधिकारी विजय सिंह सहित सिटी थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# श्रीमद् भागवत प्रभात फेरी परिवार द्वारा दो कन्याओं को किया जायेगा कन्यादान



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमा )।** श्रीमद् भागवत प्रभात फेरी परिवार द्वारा पिछले 17 वर्षों से जारी कन्यादान कार्यक्रम के तहत रविवार 24 नवम्बर 2024 को प्रातः 7.15 पर स्थानीय रघुनाथ जी के मंदिर पर 103 वाँ कन्यादान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कन्यादान अजमेर की दो विवाह योग्य कन्याओं का कन्यादान किया जाएगा। यह 133वीं व 134 वीं कन्याओं का कन्यादान होगा। जानकारी देते हुए प्रभात फेरी संयोजक संजय घीया ने बताया कि प्रभात फेरी परिवार द्वारा चयनित परिवार की विवाह योग्य कन्या का कन्यादान बड़े ही धूमधाम से किया जाता है परिवार द्वारा कन्या को सोने चांदी के आभूषण पलंग गद्दे तकिए स्टील की अलमारी , प्रेस सिलाई मशीन , कूकर व अन्य घरेलू तथा जरूरतमंद सामान उपहार स्वरूप दिया जाता है।

# जिला मुख्यालय चितौड़गढ़ पर शिक्षक विरोध प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के तत्वावधान में अध्यापकों के स्थानांतरण एवं पदोन्नति की मांग को लेकर प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन होंगे।

जिसके अंतर्गत 25 नवंबर सोमवार को चितौड़गढ़ जिला मुख्यालय पर शिक्षकों द्वारा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जायेगा। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य व जिला संयुक्त मंत्री प्रदीप चौधरी ने बताया कि अध्यापकों के स्थानांतरण व पात्र शिक्षको की पदोन्नति की मांग को लेकर 25 नवंबर सोमवार को प्रदेशभर में जिला मुख्यालयों पर शिक्षक प्रदर्शन कर सरकार के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपें जायेंगे। साथ ही जयपुर शहीद स्मारक पर लिए निर्णय अनुसार आंदोलन के आगामी चरण में प्रत्येक जिले में विरोध सभा का आयोजन किया जायेगा। साथ ही उक्त जिला स्तरीय विरोध सभाओ में आंदोलन के आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की जायेगी। इधर संगठन के जिलाध्यक्ष जयपाल बुरड़क एवं जिलामंत्री सुरेश कुमार ने राज्य सरकार को आगाह करते हुवे कहाकि सरकार अध्यापकों के स्थानांतरण एवं पात्र शिक्षको की पदोन्नति अविलंब शुरू करे। अन्यथा प्रदेशभर में शिक्षकों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। संगठन की प्रदेश महिला समिति द्वारा भी जिला स्तर पर होने वाले विरोध प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं के शामिल होने का आव्हान किया गया है।

# निर्धारित समय में परिवेश पोर्टल पर फ़ॉर्म अपलोड नहीं होने पर खनन पट्टाधारक पर होगी कार्यवाही

## अधीक्षण खनिज अभियंता ने खनन पट्टाधारियों की बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बैगोरा )।** राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेश की अनुपालना में वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा 14 अक्टूबर 2024 को ओएम जारी किया गया, जिसमें स्पष्ट किया गया कि 15 जनवरी 2016 से 11 दिसंबर 2018 के मध्य डीईआईएए द्वारा जारी समस्त ईसी का एसईआईएए द्वारा री–अप्रैजल 7 नवंबर 2024 तक किया जाना अनिवार्य है। यदि कोई भी खनन पट्टा धारक इस तारीख तक एसईआईएए से ईसी का री–अप्रैज़ल प्राप्त नहीं किया जाता है तो 7 नवंबर 2024 के पश्चात वे खनन कार्य करने के लिये अनुमत नहीं होंगे, क्योंकि ऐसे प्रकरणों में उनकी ईसी अवैध मानी जाएगी।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नेएनजीटी में प्रार्थना पत्र पेश कर पुनः परीक्षण के लिये समय बढ़ाने की गुहार की थी जिसे माननीय एनजीटी में अस्वीकार कर दिया गया। इसके बाद खनिज विभाग द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष समय सीमा बढ़ाये जाने हेतु प्रार्थना किये जाने पर माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 12 नवंबर 2024 को पर्यावरण विभाग के परिवेश पोर्टल पर फॉर्म 2 आवेदन करने की समय सीमा को तीन सप्ताह के लिये बढ़ाया गया है एवं डीईआईएए द्वारा जारी समस्त ईसी को दिनांक 31 मार्च 2025 तक वैध माना गया है। इस सम्बन्ध में शासन के निर्देशों के क्रम में अधीक्षण खनिज अभियन्ता राजसमन्द द्वारा समस्त पट्टाधारियों की विभिन्न एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, विभिन्न आर.क्यू.पी. एवं सम्बन्धित खनि अभियन्ताओं के साथ बैठक आयोजित कर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना समय अवधि में किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।समस्त पट्टाधारियों को प्रेरित कर शेष फॉर्म 2 को परिवेश पोर्टल पर समयावधि में अपलोड कराये जाने हेतु कहा गया, अन्यथा खनन पट्टा धारक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पट्टाधारियों को विभागीय बकाया योजना का लाभ दिये जाने हेतु भी बताया गया।

# कुंवारिया के पीएचसी परिसर पर विकलांगो के लिए विशेष शिविर का आयोजन

## 113 मेसे 82 महिला पुरुषो का पंजीयन, शारीरिक दक्षता की जांच की

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( नि.स. )।** राजसमन्द जिले के कुंवारिया कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर पर शुक्रवार को ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार खोलिया के नेतृत्व में विकलांगों का विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में 113 में से 82 विकलांग महिला पुरुषों के जांच की गई हैं। शिविर की सूचना पर सुबह निर्धारित समय से विकलांग अपने दस्तावेज लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच गए दोपहर तक परिसर पर भीड़ रही। दोपहर के समय राजसमंद से पहुंची विशेष टीम द्वारा विकलांग महिला पुरुष की जांच की गई है। इस टीम में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.राजेंद्र सिंह फ़गड़िया व मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ लालचंद बेरवा द्वारा महिला पुरुषों के शारीरिक दक्षता की जांच की गई कर उनके प्रमाण पत्र बनाये गए। इस विशेष शिविर में डॉ पूजा गुर्जर, एलएचवी बिंदु, एएनएम पुष्पा सेन, गिरीश जा, प्रियंका मिश्रा, रूपनारायण वैष्णव सहित क्षेत्र की आशा सहयोगिनीयो ने अपनी सेवाएं दी।

# राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियों के बारे में छात्राओं को दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

निवाई( नि.स. )। राजकीय महाविद्यालय निवाई में शुक्रवार को राज्य महिला नीति व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य प्रो. दीपकराज जैन की अध्यक्षता में छात्राओं हेतु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृतियों की जानकारी दी गई। उन्होंने छात्रों को विभिन्न छात्रवृतियों की प्राप्ति हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सोना अग्रवाल ने छात्राओं को नियमित रूप से महाविद्यालय में उपस्थित होने तथा राज्य सरकार द्वारा प्रदत विभिन्न छात्रवृतियों का लाभ उठाने हेतु जागरूक किया। रूपा चैधरी ने राज्य सरकार द्वारा संचालित कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना, विधवाध्परित्यक्ता मुख्यमंत्री संबल योजना व स्वामी विवेकानंद एक्सीलेंस छात्रवृत्ति योजना सहित कई योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। सुमन धनिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# कन्या महाविद्यालय में स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन


बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. सावन कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ईएलसी नोडल अधिकारी डॉ, शोभा गौतम ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में 45 छात्राओं ने तथा स्लोगन प्रतियोगिता में 20 छात्राओं ने भाग लिया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वंशिका सेन, दूसरे स्थान पर राजनंदनी योगी तथा तीसरे स्थान पर नेहा खटीक तथा खुशी खटीक रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम अंतिम सेन एवं अर्पिता विजयवर्गीय द्वितीय चंचल प्रजापत एवं सोनिया माली तथा तृतीय स्थान पर प्रियांशी भट्ट एवं कोमल तेली रही। कार्यक्रम का संचालन रीना सालोदिया ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अंजलि अग्रवाल द्वारा दिया गया। डॉ. अनिल कुमार सुराणा ने छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सरोज मेहता, इंदु बाला पटवारी, प्रतिभा राव तथा सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# उद्यमिता के क्षेत्र में नवाचार में भारत का नाम रोशन करने वाले नवीन पाराशर का किया स्वागत सम्मान

बढ़ता राजस्थान





**भरतपुर( आशीष वर्मा )।** भरतपुर के नवीन पाराशर का उद्यमिता के क्षेत्र में नवाचार के लिए शुक्रवार को अमेरिकी फोर्ब्स पत्रिका में भारत के दस चुनिन्दा सफलतम दस व्यक्तियों में चयन हुआ व नाम प्रकाशित हुआ है। उन्होंने इस क्षेत्र में अपने नाम के साथ–साथ देश दुनियां में भरतपुर का नाम रोशन किया है इसके लिए उनके निवास पर ब्राह्मण समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने नवीन पाराशर व उनके पिता जनक बाबू शर्मा का प्रतीक चिन्ह ,पटका ,माला भेंट कर सम्मानित किया।ब्राह्मण समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश ने कहा कि नवीन पाराशर ने बहुत कम उम्र में उद्यमिता के क्षेत्र में नवाचार कर दुनियाभर में देश का नाम किया है उसके लिए सभी की ओर से बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कौशलेश शर्मा,रांगेय राघव कालेज के मैनेजिंग डायरेक्टर शिशुपाल लवानियां, सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद व विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष डॉ.सुशील पाराशर ,समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, डी ओ आई टी के अतिरिक्त निदेशक कमल किशोर शर्मा, सेवानिवृत्त लेखा अधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा ,अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णु दत शर्मा ,समता आन्दोलन के सक्रिय सदस्य अशोक कुमार0 शर्मा, तिलक नगर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य पंडित वनबारी लाल, एल आई सी के लाल चंद शर्मा, सेवानिवृत्त एस डी आई अशोक शर्मा, अमित गोरावर, मुकेश पाण्डेय मुखर्जी नगर आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए नवीन पाराशर ने सब का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

# किसान मूँग बेचने के लिए 3-3 दिन परेशान हो रहे हैं : सवाराम पटेल

बढ़ता राजस्थान



**जालोर ( फौजाराम मेघवाल )।** कांग्रेस नेता व पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल ने शुक्रवार आहोर को–ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लि.आहोर में समर्थन मूल्य पर मूँग बेचने आये किसानों से मुलाक़ात कर समस्याए सुनी व एसडीएम को किसानों के साथ मुखमन्त्री के नाम मौके पर ज्ञापन देते हुए समाधान करने का आग्रह किया। सवाराम पटेल सहित ज़िला परिषद सदस्य मांगीलाल प्रजापत व किसानों ने ज्ञापन में लिखा हैं कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार आहोर को–आपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लिमिटेड आहोर जिला जालोर द्वारा किसानों की मूंग की फसल की समर्थन मूल्य पर खरीद जारी है।

- किसान अपनी मूंग उपज को मंडी में तुलवाने के लिए खुले आसमान के नीचे 3–3 दिन का इंतजार करते है पेयजल, चाय–नास्ता, खाना, छाया आदि की कोई सुविधा आस–पास नही है, किसान परेशान है, फसल बुवाई, पिलाई का समय भी है कई किसान किराये के ट्रैक्टर–ट्रॉली में फसल लेकर आए है उनके प्रतिदिन किराया भी लगता है। इसलिय उसी दिन खरीद व तुलाई की व्यवस्था कि जाये ।
- प्रति किसान 25 क्विंटल मूंग खरीद की सीमा तय कि हुई है इस साल प्रति बीघा मूंग की पेदावार ज्यादा हुई है इसलिय मूंग खरीद सीमा भी बढ़ाई जाए ।
- जालोर वेयर हाउस द्वारा स्टोर ज्यादा बताकर मंडी द्वारा खरीदे गए मूंग जमा नहीं किये जाते है निर्देशित करावे कि स्थानीय व्यवस्था कर जमा करे ।
- इस साल जिन किसानों के मूंग की उपज हुई है उनके प्रति बीघा फसल पैदावार ज्यादा हुई है इसलिय जालोर जिले कि मूंग खरीद की सीलिंग को भी बढ़ाया जाए ।
- ट्रांसपोर्ट हेतु टेंडर में किसी पार्टी द्वारा रुचि नहीं लिए जाने से स्थानीय ट्रांसपोर्ट को कोटेशन पर नियुक्त किया गया है जिसके लिए पीडीएस दरों पर भुगतान का प्रावधान है। पीडीएस दरें लंबी दूरी के लिए लाभप्रद नहीं होने के कारण ट्रांसपोर्टर द्वारा जालौर वेयर हाउस से अधिक दूरी वाले वेयर हाउस के लिए परिवहन हेतु आनाकानी की जा रही है अतः पीडीएस दरों से 20त्न अधिक की दरें स्वीकृत करवाने का श्रम करवाएं ताकि परिवहन कार्य सुचारू हो सके।
- मूंग जमा करवाने के लिए वेयर हाउस जालौर का समाधान जल्द करवाने का श्रम करवाए।

ज्ञापन में निवेदन है कि किसान की फसल उसी दिन सोसायटी खरीदे, वेयर हाउस जालोर की स्टोर सीमा बढ़ाया जाये व जिले की मूंग खरीद सीलिंग को भी बढ़ाया जाए। इस मोके पर ज़िला परिषद सदस्य मांगीलाल प्रजापत , उकाराम चौधरी भवरानी, वेलाराम वादनवाड़ी सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

# कम्युटेशन कटौती को लेकर सेवानिवृत्त समतावादी अधिकारियों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( आशीष वर्मा )।** भरतपुर केपैन्शनर के कम्युटेशन की कटौती उनके पेन्शन से लगभग चौदह साल तक निरन्तर हर माह कटती रहती है।जब कर्मचारी ने कम्युट किया था उस समय ब्याज दरें 14त्न थीं लेकिन निरंतर ब्याज दरें घटती जा रही हैं परन्तु कम्युटेशन पर उसी पुरानी अधिक ब्याज दर से कटौती की जा रही है जो न्याय संगत नहीं है बल्कि पीड़ादायक है।इसी को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों अधिकारियों ने समता आंदोलन के बैनर तले मननीय प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन श्रीमान संभागीय आयुक्त भरतपुर के माध्यम से भिजवाए जाने हेतू सौंपा। ज्ञापन देते समय सेवानिवृत्त उपनिदेशक शिक्षा व शैक्षिक प्रकोष्ठ संभाग अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा संभाग अध्यक्ष व सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियन्ता हेमराज गोयल, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर,सेवानिवृत्त उपनिदेशक आयुर्वेद डॉ सतीश पाराशर, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता,सेवानिवृत्त मंडी सुपर वाइजर एवं ब्राह्मण समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ,प्रान्तीय संरक्षक शिक्षक संघ सियाराम व सेवानिवृत्त व्याख्याता अशोक पाराशर, सेवानिवृत्त सीमा प्रहरी संघ अध्यक्ष कमांडेंट ओमवीर सिंह ,समता आंदोलन के सक्रिय सदस्य अशोक कुमार,सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य परशुराम सूरौता, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा ,सेवानिवृत्त व्याख्याता दिनेश कुमार,सेवानिवृत्त वरिष्ठ अध्यापक वीरेन्द्र कुमार आदि अनेक समतावादी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भरतपुर ने टोंक को 8 विकेट से हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत हासिल की

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( आशीष वर्मा )।** राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा जयपुर में आयोजित की जा रही अंडर–14 राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भरतपुर की टीम ने टोंक की टीम को 8 विकेट से हराते हुए प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत हासिल की। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि जयपुर के नारायण क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में टोंक की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 28.1 ओवर में पूरी टीम 70 रन पर आउट हो गई जिसमें भरतपुर की तरफ से शानदार गेंदबाज करते हुए रिहान ख़ान ने 4 विकेट और मिलन चौधरी ने 2 विकेट लिए जवाब में 70 रनों का पीछा करते हुए भरतपुर की टीम ने 16.4 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया । भरतपुर की तरफ से सर्वाधिक अनमोल ने 35 रन और वशिष्ठ शर्मा ने 29 रन बनाए भरतपुर की टीम ने 8 विकेट से यह मैच जीत और मैच का मैन ऑफ़ दी मैच रिहान ख़ान रहे ।

भरतपुर की टीम का कल तीसरा और अंतिम लीग मैच सवाईमाधोपुर जिले की टीम से होगा यदि टीम यह अंतिम लीग मैच जीत गई तो राजस्थान के क्वार्टर फाइनल में पहुँच जाएगी। इस मौके पर जिला संघ अध्यक्ष अरुण सिंह सचिव शत्रुधन तिवारी और टीम कोच गौरव फौजदार मैनेजर संजीव चिनिया और देवेंद्र सिंह कालू अमरदीप कुमार राम बाबू त्रिमूर्ति, चतुर्भुज शर्मा, अमृत भारद्वाज, सुरेंद्र सिंह खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए टीम साथ में जयपुर में मौजूद थे। इस जीत पर जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया और कोषाध्यक्ष मुनेंद्र तिवारी संयुक्त सचिव अरुण कुमार गुप्ता जिला संघ के सदस्य नाहर सिंह पेगौर, विनोद शर्मा, मंगल सिंह, राजेश गुप्ता, बीनू सिंह एवं संघ के चयनकर्ता सूरज शर्मा, नरेश खत्री, लंकेश सियाराम ने संघ के कार्यालय पर मिठाइयां बांटी एवं खिलाड़ियों उत्कर्ष प्रदर्शन की सराहना करते हुए आगामी जीत की अग्रिम बधाइयां दी।

# अखिल भारतीय पालीवाल समाज की बैठक : 28 नवंबर से वागोल चौखलै के भलावतों का खेड़ा में खेलकूद प्रतियोगिता होगी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बैगोरा )।** अखिल भारतीय पालीवाल समाज की 44 श्रेणी मेवाड़ राजसमंद की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक गांव भलावतों का खेड़ा में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत भगवान चारभुजा नाथ की छवि पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके की गई। यह बैठक पालीवाल समाज के अध्यक्ष शंकरलाल पुरोहित की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें समाज के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से समाज में होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन पर विचार–विमर्श हुआ। बैठक में निर्णय लिया गया कि 28 और 29 दिसंबर को वागोल चौखलै के भलावतों का खेड़ा में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन समाज में पहली बार किसी चौखलै द्वारा किया जा रहा है। बैठक में रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देने और समाज में स्वयं सहायता समूह के गठन पर भी विचार किया गया, साथ ही पालीवाल बैंक की स्थापना पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दिशा में जल्दी ही ठोस कदम उठाए जाने की योजना है।खेलकूद प्रतियोगिता के बारे में समाज के शिक्षा मंत्री विष्णु पुरोहित और बागोल चौखलै के अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित ने विस्तृत जानकारी दी।

साथ ही, स्वयं सहायता समूह की स्थापना पर भी विचार किया गया। समाज के सामाजिक चेतना और जागरण मंत्री भारत कुमार पालीवाल ने भी अपने विचार साझा किए। बैठक में सुंदरलाल पुरोहित, लक्ष्मी लाल, रामचंद्र, गोवर्धन लाल, राकेश पालीवाल, श्यामलाल पालीवाल सहित कई सदस्यों ने इन दोनों विषयों पर अपनी राय दी और समाज के लिए उचित कदम बताये। बैठक में सामूहिक विवाह के आयोजन पर भी चर्चा की गई। पालीवाल समाज के महामंत्री सेवाराम बागोरा ने अन्य मुद्दों पर भी विचार व्यक्त किए।



उन्होंने बैठक में उपस्थित केंद्रीय कार्यकारिणी और पांचों चौखलै के कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन कार्यालय मंत्री जगदीश काका ने किया।

# नवोदय में पीएमश्री योजनान्तर्गत मोटिवेशन एवं कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( नि.स. )।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय राजसमंद में विद्यार्थियों के मोटिवेशन एवं कैरियर गाइडेंस हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम मीना ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रसिद्ध माइंड ट्रेनर एवं काउंसलर डॉ अनुकूल विद्यार्थियों से रूबरू हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में कुछ बेहतर करने हेतु लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी। विद्यार्थियों को ध्यान एकाग्रचित करने हेतु मेडिटेशन करने का तरीका समझाया तथा साथ ही किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों के बारे में आवश्यक जानकारी दी जिससे विद्यार्थी स्वयं को समझ कर इस अवस्था में होने वाली परेशानियां से बच सके। विद्यार्थियों को अपनी क्षमता को पहचाने और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की सलाह भी दी। इसके साथ ही उन्होंने बोर्ड कक्षा के विद्यार्थियों से बात की और उन्हें बताया कि किसी भी चीज को बार–बार करने पर वह हमारे सबकॉन्शियस माइंड में चली जाती है और इसके बाद हम उसे कभी नहीं भूलते क्योंकि सबकॉन्शियस माइंड की क्षमता 90 प्रतिशत है।

उन्होंने विद्यार्थियों को बार–बार अभ्यास करने और बिना किसी डर के परीक्षाओं सामना करने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य घनश्याम मीना ने बताया कि कार्यशाला में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने डॉ. अनुकूल के विचारों को बहुत पसंद किया। विद्यार्थियों ने उनसे संवाद कर अपनी समस्याओं का निवारण किया। सभी स्टाफ सदस्यों ने डॉ अनुकूल को धन्यवाद दिया ।

# बीआरपी कार्यकारिणी का हुआ गठन तेजाराम ढाका बने अध्यक्ष व पुराराम (पुरण संत) बने उपाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**जालोर ( फौजाराम मेघवाल )।** भीनमाल शहर के नेहरू बालोद्यान में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलास्तरीय बीआरपी कार्यकारणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर तेजाराम ढाका का मनोनयन किया। वही कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पुराराम को उपाध्यक्ष, मेघाराम को सचिव, भीखाराम को उप सचिव, भगवानराम को सहसचिव, अंतरी कुमारी को कोषाध्यक्ष, जगदीश कुमार को संयोजक, गोपीचंद सुथार को उप संयोजक, भंवरलाल को संगठन मंत्री, रितु कुमारी को उप संगठन मंत्री, विमला कुमारी को महिला प्रभारी दिनेश कुमार को मीडिया प्रभारी एवं जेठाराम, रोशनी असराराम व भगवती कुमारी को सदस्य मनोनीत किया गया।

# दो साल बाद दलजीत कौर की वापसी

## ड्रग एडिक्ट के रोल में आएंगी नजर, बोलीं- कभी सिगरेट को छुआ तक नहीं, सिंपल लाइफ जीती हूं



एक्ट्रेस दलजीत कौर दो साल बाद स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं। आखिरी बार वह टीवी शो ससुराल गेंदा फूल 2 में नजर आई थीं। अब वह जल्द ही वेब सीरीज चिट्टा वे में दिखाई देंगी, जिसमें वह एक ड्रग एडिक्ट का किरदार निभा रही हैं।

### इस रोल के लिए शुरू में थोड़ी हिचकिचाई

मुझे यह रोल तब मिला, जब मेकर्स को एक सिंपल और रियल दिखने वाले चेहरे की जरूरत थी। कहानी पंजाब के छोटे से गांव की है। उन्हें ऐसा चेहरा चाहिए था जो वहां के माहौल में फिट हो सके। भले ही मैं पंजाबी में बहुत फ्लूएंट नहीं हूं, लेकिन मेरी मम्मा पंजाबी बोलती हैं, जिससे मुझे भाषा को समझने और किरदार को अपनाने में थोड़ी मदद मिली। जब मुझे इस रोल के लिए अप्रोच किया गया, तो शुरुआत में मुझे थोड़ी हिचकिचाहट हुई। कहानी ड्रग्स पर आधारित है और बहुत डार्क और इमोशनल है। मैंने सोचा कि क्या मैं इतनी स्ट्रॉन्ग और इमोशनल कहानी निभा पाऊंगी। लेकिन मेकर्स ने मुझ पर भरोसा जताया और कहा कि उन्हें एक ऐसा एक्टर चाहिए जो न सिर्फ इमोशन्स दिखा सके बल्कि किरदार की मजबूती को भी पर्दे पर उतार सके। इस किरदार में बहुत गहराई है और कहानी सिर्फ उस लड़की के स्ट्रगल की नहीं है, बल्कि उसके साहस और बदलाव की भी है। मुझे खुशी है कि मेकर्स ने मुझे इस किरदार के लिए चुना।

### सिगरेट तक नहीं पी, ड्रग्स एडिक्शन का किरदार निभाना चुनौती था

यह किरदार निभाना मेरे लिए आसान नहीं था। मैं हमेशा से एक सिंपल लाइफ जीती आई हूं, जिसमें बच्चों का स्कूल, मम्मियों के साथ घूमना और दोस्तों से मिलना शामिल है। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मुझे लगा कि यह मेरी जिंदगी से बिल्कुल अलग है। कहानी बहुत डार्क थी। मैंने पहले कभी सिगरेट तक नहीं पी, तो ड्रग्स एडिक्शन को समझना और उसे पर्दे पर उतारना मेरे लिए एक बड़ी चुनौती थी।

वर्कशॉप्स में हमें यह सिखाया गया कि ड्रग्स लेने के बाद शरीर कैसे रिएक्ट करता है। हमें इसके लिए कई वीडियो दिखाए गए और फिर अपने एक्सप्रेशन्स और बॉडी लैंग्वेज पर काम करना पड़ा। एक सीन था जहां हमें चाशनी जैसा पदार्थ बनाना था, जो ड्रग्स का सिंबल था और उसे लेने के बाद का रिएक्शन दिखाना था। मैंने पूरी कोशिश की कि मनप्रीत के किरदार को बहुत ही रियल और ईमानदारी से निभा पाऊं।

### बेटे के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना चाहती हूं

**टीवी शोज में काम करना मेरे लिए हमेशा से बहुत खास रहा है। लेकिन अब मेरी प्रायोरिटी बदल गई है। जब मेरा बेटा छोटा था, तब मैं आसानी से काम और घर को बैलेंस कर लेती थी। लेकिन अब वह टीनएज में है और इस उम्र में बच्चों को अपने पेरेंट्स की ज्यादा जरूरत होती है। हालांकि मुझे अब भी टीवी शोज के ऑफर्स आते हैं, लेकिन मैं अब ऐसे प्रोजेक्ट्स को ही चुन रही हूं, जो मुझे अपने बेटे के साथ ज्यादा समय बिताने का मौका दें। बड़े टीवी शोज में टाइम कमिटमेंट बहुत होता है, जो अभी मेरे लिए मुमकिन नहीं है। इसलिए मैंने छोटे और फ्लेक्सिबल प्रोजेक्ट्स पर फोकस किया है।**

### अपने बेटे जेडन को लेकर डर तो लगा रहता है

जैसे हर मां अपने बच्चों को लेकर चिंतित रहती है। वैसे ही मुझे भी डर लगता है। आजकल के बच्चों को बहुत जल्दी नशे का शिकार बनाया जा सकता है। हाल ही में मेरे बेटे के स्कूल में एक जागरूकता प्रोग्राम हुआ था, जिसमें बताया गया कि बच्चे 6-7 साल की उम्र में ही ड्रग्स की लत में फंस सकते हैं। यह सुनकर मैं और बाकी माता-पिता बहुत शॉक्ड थे। मैंने महसूस किया कि अपने बच्चों के साथ बातचीत करना बहुत जरूरी है। उन्हें यह भरोसा देना चाहिए कि वे अपनी किसी भी समस्या को हमसे खुलकर शेयर कर सकते हैं। एक मां होने के नाते मेरी कोशिश रहती है कि मैं अपने बेटे के साथ एक फ्रेंडली बॉन्ड बनाऊं, ताकि वह मुझसे कुछ भी छिपाए नहीं। इस शो ने मुझे पर्सनल तौर पर भी जागरूक किया है कि किस तरह से बच्चों को इस गंभीर समस्या से बचाया जा सकता है। हां, लेकिन सच्चाई ये भी है कि अपने बेटे जेडन को लेकर डर तो लगा रहता है।

### ड्रग्स की समस्या सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित नहीं

मुझे लगता है कि बॉलीवुड को ड्रग्स से जोड़ना पूरी तरह गलत है। ड्रग्स की समस्या सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित नहीं है। यह पूरे समाज में एक बड़ी समस्या बन चुकी है। हमारी कहानी भी इस मुद्दे को उठाती है। इसमें दिखाया गया है कि ड्रग्स एडिक्शन किसी को भी प्रभावित कर सकता है, चाहे वह किसी भी बैकग्राउंड से हो। हमें इस समस्या को समझने और इसे रोकने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।

### ट्रैवलिंग हीलिंग का एक बेहतरीन तरीका है

अब मैं ट्रैवल ब्लॉगिंग कर रही हूं। ट्रैवलिंग मुझे नई चीजें सिखाती है और मुझे अपनी फिल्मों और शो में नए एंगल्स जोड़ने का मौका देती है। मेरा मानना है कि ट्रैवलिंग हीलिंग का एक बेहतरीन तरीका है।

जब भी मैं किसी नई जगह पर जाती हूं, तो वहां के लोगों और उनकी कहानियों को समझने की कोशिश करती हूं। इससे मुझे अपनी कहानियों को और बेहतर बनाने का मौका मिलता है। मेरा लक्ष्य सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना भी है।

# शिल्पा शेट्टी को राजस्थान हाईकोर्ट से बड़ी राहत

## जातिगत टिप्पणी करने पर एसटी-एससी एक्ट के तहत दर्ज हुआ केस बंद हुआ



गुरुवार को राजस्थान हाई कोर्ट में सलमान खान और शिल्पा शेट्टी के खिलाफ चल रहे एसटी-एससी केस की सुनवाई हुई थी। शिल्पा शेट्टी से जुड़ मामला कोर्ट ने एसटी-एससी एक्ट के तहत खारिज कर दिया है, वहीं सलमान के केस को पेंडिंग में डाला गया है। क्या था पूरा मामला? साल 2017 में राजस्थान के चुरू थाने में अशोक पंवार ने सलमान खान और शिल्पा शेट्टी के खिलाफ एसटी-एससी एक्ट के तहत शिकायत दर्ज करवाई थी। उन पर आईपीसी की धारा 157ए लगाई गई थी। आरोप थे कि शिल्पा ने एक पुराने इंटरव्यू में 'भंगी' शब्द का गलत तरह इस्तेमाल किया था, जिससे वाल्मीकि समुदाय का अपमान हुआ है साथ ही समुदाय के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है। इस इंटरव्यू में सलमान खान भी शिल्पा के साथ मौजूद थे।

गुरुवार को हुई सुनवाई में न्यायधीश अरुण मोगा की एकल खंडपीठ ने ये कहते हुए शिल्पा शेट्टी पर चल रहा केस खारिज कर दिया कि इस तरह की शिकायत बिना प्रारंभिक जांच के दर्ज नहीं की जा सकती हैं। शिकायत दर्ज करने से पहले इस मामले की पूरी तरह जांच की जानी चाहिए थी। कोर्ट ने ये भी कहा कि इसके कोई ठोस सबूत नहीं मिले हैं कि इस तरह का शब्द किसी को नुकसान पहुंचाने या अपमान करने के लिए इस्तेमाल किया गया था।

शिल्पा शेट्टी के वकील ने सुनवाई के दौरान अपनी दलील में कहा, जिस इंटरव्यू को लेकर सलमान खान और शिल्पा के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई है, वो अलग-अलग इंटरव्यू हैं। शिल्पा का इंटरव्यू 2013 का है, जिस पर चुरू में शिकायत दर्ज हुई है। शिल्पा पर जो धाराएं लगाई गई हैं, वो साल 2016 में लागू की गई थीं, जबकि शिल्पा का इंटरव्यू 2013 का है। शिल्पा शेट्टी का केस भले ही अदालत ने खारिज कर दिया हो, लेकिन सलमान खान का केस अब भी पेंडिंग है।

# स्वरा भास्कर ने ट्रोलर्स को लगाई फटकार

## पहनावे को लेकर किया गया था ट्रोल, बोलीं- पता नहीं था यह नेशनल लेवल की बहस का मुद्दा बनेगा

पिछले कुछ दिनों से स्वरा भास्कर को उनके पहनावे को लेकर ट्रोल किया जा रहा है। अब इस मुद्दे पर स्वरा ने अपनी राय रखी है और ट्रोलर्स की फटकार भी लगाई है। दरअसल, पिछले कुछ हफ्तों से स्वरा भास्कर की फोटो मौलाना सज्जाद नोमानी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इन फोटोज में स्वरा को सूट पहने और सिर पर दुपट्टा रखे देखा गया है। इन फोटोज के सामने आते ही स्वरा ट्रोलर्स के निशाने पर आ गईं। ट्रोलर्स ने उनके पहनावे पर तंज कसा और उन्हें रूढ़िवादी कहकर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया।

कुछ लोगों ने स्वरा को डबल स्टैंडर्ड का भी टैग दिया। लोगों का कहना था कि स्वरा ने ऐसे मौलाना से मुलाकात की, जिन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लेकर गलत बयान दिया था।

स्वरा अपने पति फहाद अहमद के साथ मौलाना नोमानी से मिलने उनके ऑफिस गई थीं। उनसे मिलने के बाद फहाद ने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, जनाब हजरत मौलाना सज्जाद नौमानी साहब की खिदमत में हाजिर हुए और उन्होंने हमे खूब दुआओं से नवाजा।

### लोग बोले- मुस्लिम से शादी के बाद बदला पहनावा

स्वरा भास्कर की इन फोटोज पर लोग कहने लगे कि मुस्लिम से शादी करने के बाद उनकी लाइफ स्टाइल पूरी तरह बदल गई है। पहले वो कैसे रहती थीं और अब सिर पर दुपट्टा रखना शुरू कर दिया है।



### स्वरा ने पोस्ट कर दिया जवाब

स्वरा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शादी के बाद की कुछ फोटोज शेयर करते हुए लिखा, मुझे अहसास नहीं था कि शादी के बाद मेरे पहनावे और लाइफ स्टाइल को लेकर नेशनल लेवल की बहस छिड़ जाएगी। संघी कीड़ों को ज्यादा चारा देने के लिए शादी के बाद की मेरी कुछ और तस्वीरें भी हैं। मुझे खेद है कि फहाद अहमद एक रूढ़िवादी मुस्लिम पति के स्टीरियोटाइप में फिट नहीं बैठते।

### पिछले कुछ समय से फिल्मी पर्दे से गायब है स्वरा

वर्कफ्रंट की बात करें तो स्वरा भास्कर काफी समय से किसी फिल्म या शो में नजर नहीं आई हैं। शादी के बाद से ही वह फिल्मों में एक्टिव नहीं हैं। एक्ट्रेस को लोग तनु वेड्स मनु और वीरे दी वेडिंग जैसी फिल्मों से जानते हैं। बता दें, 16 फरवरी 2023 में स्वरा भास्कर ने समाजवादी पार्टी के नेता फहाद अहमद से शादी की थी। इसी साल उन्होंने बेटी रबिया को जन्म दिया था।

### गूगल पर ट्रेंड कर रही हैं स्वरा भास्कर

सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल होने के बाद स्वरा काफी चर्चा में हैं। उन्हें गूगल पर भी काफी सर्च किया जा रहा है, जिसके चलते वह गूगल पर ट्रेंड कर रही हैं।

# आलिया भट्ट को मॉम नहीं मां कहती हैं बेबी राहा

## एक्ट्रेस की वीडियो से हुआ खुलासा, फैंस बोले- ये कितनी प्यारी बच्ची है

आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की बेटी राहा अक्सर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी रहती हैं। राहा की तस्वीरें और क्यूट एक्सप्रेशन लोगों को बहुत पसंद आते हैं। इसी बीच आलिया का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें राहा मां-मां कहती हुई सुनाई दे रही हैं। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, और फैंस भी इस पर अलग-अलग रिएक्शन दे रहे हैं। राहा ने लगाई आलिया को मां कहकर आवाज दरअसल, आलिया एक वीडियो बना रही थीं, जिसमें एक्ट्रेस अपने प्रोडक्शन हाउस से संबंधित जानकारी शेयर कर रही थीं। इस बीच पीछे से राहा की आवाज सुनाई देती है- मां। फैंस ने लुटाया प्यार आलिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फैंस भी इस पर खूब कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा, राहा किस तरह आलिया को मां कहकर बुला रही है। दूसरे ने लिखा, वाह, राहा की आवाज! तीसरे ने लिखा, ओएमजी!!! राहा आलिया को मां कहकर बुला रही है। कितना क्यूट लग रहा है।

6 नवंबर को राहा का जन्मदिन था बता दें, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा कपूर हाल ही में 2 साल की हुई हैं। उनके इस खास दिन पर नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर सहनी ने कुछ तस्वीरें शेयर की थीं, जिनमें राहा बेहद प्यारी नजर आ रही थीं।

# एक्सीडेंट के बाद शाहरुख खान देर रात मिलने पहुंचे थे

## एक्ट्रेस निक्की अनेजा बोलीं- आंख खुली तो पास बैठे थे, प्यार से मेरे बाल सहलाए



**टीवी एक्ट्रेस निक्की अनेजा वालिया ने हाल ही में शाहरुख खान से जुड़ा मजेदार किस्सा शेयर किया है। साल 2000 में निक्की एक टीवी सीरियल घरवाली ऊपरवाली का शूट कर रही थीं उसी दौरान उनका एक कार एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद वह करीब डेढ महीने तक हॉस्पिटल में भर्ती रही थीं। उन्होंने बताया कि एक्सीडेंट होने के बाद शाहरुख मीडिया की नजरों से बचते हुए देर रात उनसे मिलने पहुंचे थे।**

### शूटिंग के दौरान हुआ था हादसा - निक्की

निक्की अनेजा ने सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में बताया, 'शूटिंग के दौरान मेरा कार से एक एक्सीडेंट हो गया था उस कार ने मुझे बहुत दूर तक घसीटा। वो कार पूरी मेरे ऊपर चढ़ गई थी और मैं क्योंकि एक एक्ट्रेस हूं इसलिए मुझे अपना चेहरा बचाना था। एक्सीडेंट के बाद मुझे पास के हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया और मैं डेढ़ महीने तक हॉस्पिटल में रही थी।'

### यकीन नहीं हुआ शाहरुख मुझसे मिलने आए थे - निक्की

उस किस्से को याद करते हुए निक्की ने कहा, 'जब मैं हॉस्पिटल में थी तो एक रात मैं अचानक उठी और देखा कि शाहरुख खान अस्पताल में मेरे बिस्तर के बगल में बैठे हैं। मुझे यकीन नहीं हुआ मुझे लगा कि शायद मैं बहुत ज्यादा दवाई ले रही हूं जिसकी वजह से मुझे नशा हो रहा है और मुझे शाहरुख खान दिख रहे हैं।'

### आधी रात को आने के लिए शाहरुख ने मांगी माफी

निक्की अनेजा ने कहा, 'शाहरुख ने मुझसे कहा, मुझे माफ करना मुझे आधी रात को तुमसे इस तरह मिलने आना पड़ा। शाहरुख ने कहा बाहर मीडिया वाले थे तो मैं उनके जाने का इंतजार कर रहा था। इस वजह से मैं रात में ही तुमसे मिलने आ सकता हूं। निक्की ने बताया कि उन्होंने प्यार से मेरे बाल सहलाए थे।'

### फिल्म सिटी में ड्राइविंग सीख रहा था वो आदमी

निक्की ने बताया, 'मुझे लाल कलर की एक मारुति वैन ने टक्कर मारी थी और जब शाहरुख मुझसे मिलने आए तो उन्होंने मुझसे पूछा, क्या आपको लाल मारुति वैन ने टक्कर मारी थी? मैंने हां कहा और कहा, लेकिन आप ऐसा क्यों पूछ रहे हैं? तब शाहरुख ने बताया कि उन्होंने उसी लाल रंग की गाड़ी को उसी दिन फिल्म सिटी में देखा था। उन्होंने बताया कि उस गाड़ी चलाने वाले ने शूटिंग से 2 घंटे पहले ही कार चलाना सीखा था। इसलिए शूट के दौरान जब उसे गाड़ी रोकनी थी वो नहीं रोक पाया। निक्की ने बताया कि शाहरुख खान ने उनसे प्रोडक्शन हाउस पर मुकदमा करने के लिए भी कहा था।'

### निक्की और शाहरुख ने साथ किए प्रोजेक्ट्स और फिल्में

निक्की ने शाहरुख के साथ कई इंटरनेशनल शोज में काम किया था, जिन्हें वह होस्ट करती थीं। इतना ही नहीं, शाहरुख स्टारर फिल्म यस बॉस में पहले निक्की को लीड हीरोइन के रूप में साइन किया गया था। लेकिन किसी कारण की वजह से निक्की को पांच दिन की शूटिंग के बाद यह फिल्म छोड़नी पड़ी थी।

# ऐश्वर्या ने बेटी के बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर कीं

## बच्चन परिवार नहीं दिखा, तलाक की खबरों के बीच अभिषेक भी नहीं आए नजर

तलाक की खबरों के बीच ऐश्वर्या राय बच्चन ने बेटी आराध्या का बर्थडे अकेले ही सेलिब्रेट किया। उन्होंने इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उन्होंने बेटी को 13 साल की हो जाने पर बधाई दी है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस बेटी के साथ अपने पिता की बर्थ एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट करती दिखी हैं।

हालांकि, इन तस्वीरों में बच्चन परिवार का कोई सदस्य नजर नहीं आया। यहां तक कि आराध्या के पिता अभिषेक बच्चन भी नहीं दिखे। इससे तलाक की खबरों ने और तूल पकड़ लिया है।

बता दें, आराध्या बीते 16 नवंबर को ही 13 साल की हो गई थीं, लेकिन ऐश्वर्या ने 21 नवंबर को यानी पिता की बर्थ एनिवर्सरी के दिन बेटी के लिए बर्थडे पोस्ट किया।

इन तस्वीरों के साथ ऐश्वर्या ने कैप्शन में लिखा- जन्मदिन मुबारक हो मेरे जीवन का शाश्वत प्यार। सबसे प्यारे डैडी-अज्जा और मेरी प्यारी आराध्या।

ऐश्वर्या ने अमिताभ बच्चन को किया था विश 1 नवंबर को ऐश्वर्या राय ने अपना 51वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर न तो अभिषेक बच्चन ने उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई दी और न ही बच्चन परिवार के किसी दूसरे सदस्य ने। हालांकि, 11 अक्टूबर को अमिताभ बच्चन के 82वें बर्थडे पर ऐश्वर्या ने उनके लिए सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत पोस्ट किया था और एक्टर को बधाई दी थी।

कुछ दिन पहले कई रिपोर्ट्स में अभिषेक और एक्ट्रेस निमृत कौर की लिंकअप की खबरों का जिक्र था। इस पर एक्टर के करीबी सूत्र का कहना था कि यह सारी बातें महज अफवाह हैं। अभिषेक और ऐश्वर्या राय तलाक नहीं ले रहे हैं। अभिषेक इस मुद्दे पर सफाई इसलिए नहीं दे रहे हैं, क्योंकि उन्हें किसी भी तरह के विवाद से दूर रहने के लिए कहा गया है।

कैसे तलाक की खबरों ने पकड़ा तूल जुलाई में अभिषेक बच्चन अपने परिवार के साथ अनंत-राधिका की शादी का हिस्सा बने थे। रेड कार्पेट पर अभिषेक का पूरा परिवार मौजूद था, हालांकि उस समय ऐश्वर्या और बेटी आराध्या उनके साथ नहीं थीं। अभिषेक के पहुंचने के कुछ समय बाद ऐश्वर्या रेड कार्पेट पर बेटी के साथ पहुंचीं और पैपराजी को पोज दिए। अलग-अलग एंट्री लेने के साथ-साथ वो पूरी शादी में साथ नहीं दिखे। इसके बाद ऐश्वर्या राय अपनी बेटी के साथ वैकेशन पर गई थीं, तब भी उनके साथ अभिषेक मौजूद नहीं थे।



# ऐश्वर्या-अभिषेक के तलाक की खबरों के बीच अमिताभ की पोस्ट

### कहा- परिवार पर कम बोलता हूं, लोग ऐसी अफवाह फायदे के लिए उड़ाते हैं

ऐश्वर्या-अभिषेक की तलाक की खबरों के बीच अमिताभ बच्चन ने गुरुवार को अपने परिवार और निजी मुद्दों को अपने ब्लॉग में शेयर किया। उन्होंने लिखा, मैं परिवार के बारे में बोलने से बचता हूं, लेकिन कुछ लोग इन मुद्दों को अपने फायदे के लिए उड़ाते हैं। अमिताभ ने पोस्ट में बेटे-बहू का जिक्र तो नहीं किया है, लेकिन उनकी पोस्ट को तलाक के मुद्दे से जोड़ा जा रहा है। दरअसल ऐश्वर्या ने बुधवार देर रात बेटी आराध्या के 13वें बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर कीं। आराध्या का जन्मदिन 16 नवंबर को था। इसके सेलिब्रेशन में बच्चन परिवार से कोई भी शामिल नहीं हुआ। फोटो सामने आई तो ऐश्वर्या-अभिषेक के तलाक की खबरों ने फिर तूल पकड़ लिया। कुछ घंटे बाद अमिताभ का ब्लॉग सामने आया।

इंसान का जमीर और शतरंज का वजीर एक जैसा होता है..क्योंकि अगर दोनों मर गए तो खेल खत्म..

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# पेपरलीक मामले में 10 ट्रेनी एसआई को मिली जमानत

## कुल 19 आरोपियों ने लगाई थी याचिका



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती -2021 के पेपरलीक मामले में हाईकोर्ट ने 10 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर को जमानत दे दी है। वहीं, 9 आरोपियों की अपील खारिज की गई है। इन सभी ट्रेनी सब इंस्पेक्टर पर आरोप था कि लिखित परीक्षा से पहले इनके पास पेपर पहुंचा था। इन्होंने अन्य अभ्यर्थियों से भी पेपर शेयर किया था। जस्टिस जयपुर बेंच में गणेशराम मीणा की अदालत ने मामले में 19 आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर बहस के बाद कुछ दिन पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### अधिकतर की गिरफ्तारी मार्च में हुई थी

हाईकोर्ट से शुक्रवार को ट्रेनी एसआई करणपाल, एकता, मनोहर, सुरेंद्र, रोहिताश, राजेश्वरी, अभिषेक, प्रवीण, प्रेमसुखी, नीरज कुमार यादव को जमानत मिली है। वहीं, गिरधारीराम, जगदीश सिहाग, हरकू, चेतन सिंह, दिनेश सिंह, राजाराम,अंकित, भगवती और हनुमान की जमानत याचिका खारिज हो गई है। इनमें से अधिकतर आरोपियों को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने मार्च में गिरफ्तार किया था।

### पासिंग आउट परेड और नियुक्ति पर रोक जारी

वहीं, दूसरी तरफ एसआई भर्ती-2021 मामले में 10 दिसम्बर तक नियुक्ति पर रोक जारी रहेगी। अदालत ने 18 नवंबर 2024 को ट्रेनिंग ले रहे सब इंस्पेक्टर्स की पासिंग आउट परेड और उन्हें नियुक्ति देने पर रोक लगा दी थी। आज एक बार फिर जस्टिस समीर जैन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि सरकार का भर्ती को लेकर क्या स्टैंड है। इस पर सरकार ने जवाब देने के लिए 4 सप्ताह का समय मांगा। हालांकि, याचिकाकर्ता के अधिवक्ता हरेन्द्र नील व अन्य ने विरोध किया। कोर्ट ने सरकार को जवाब देने के लिए 10 दिसंबर तक का समय दिया है और यथास्थिति के आदेश दिए हैं। वहीं, ट्रेनी एसआई को पक्षकार बनाने को लेकर भी आज निर्णय दिया गया।

# ज्ञानवापी में सीलबंद वजूखाने के सर्वे की मांग



बढ़ता राजस्थान

**उत्तर प्रदेश (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में ज्ञानवापी से जुड़ी शुक्रवार को दो याचिकाओं पर सुनवाई हुई। एक नई याचिका 22 नवंबर को हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की। हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी में सीलबंद वजूखाने के एरिया के एएसआई सर्वे की मांग की। इसी जगह पर एक ठोस संरचना मिली थी, जिसे हिंदू पक्ष ने शिवलिंग होने का दावा किया है। हिंदू पक्ष अब इसका एएसआई सर्वे चाहता है। हिंदू पक्ष का कहना है कि ज्ञानवापी परिसर की बाकी जगह की तरह इस सीलबंद एरिया का भी सर्वे जरूरी है, ताकि वहां पर मंदिर की मौजूदगी साबित करने के लिए और सबूत मिल सके। सुप्रीम कोर्ट के 2022 में दिए आदेश के मुताबिक, वजुखाने वाली जगह अभी सील है। हिंदू पक्ष अब इस आदेश में बदलाव की मांग कर रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी को नोटिस भेजा है। 15 दिन में मुस्लिम पक्ष को जवाब दाखिल करना होगा। इसके अलावा पिछले महीने दाखिल एक याचिका पर भी आज सुनवाई हुई। हिंदू पक्ष ने मांग की थी कि ज्ञानवापी से जुड़े सभी 15 मामलों को इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया जाए, ताकि उन पर एक साथ सुनवाई हो सके। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी किया।

# मणिपुर हिंसा में अब तक 258 लोगों की मौत

## एक्शन में केंद्र; 10 हजार जवानों को भेजने की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में पिछले साल मई से मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जारी जातीय हिंसा में अब तक 258 लोगों की जान गई है। मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र की ओर से राज्य में सीएपीएफ की करीब 90 कंपनियां (तकरीबन 10000 जवान) और भेजी जाएंगीं। राज्य में 198 कंपनियां पहले से मौजूद हैं।

कुलदीप सिंह ने इंफाल में सुरक्षा समीक्षा बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, आतंकवादियों सहित कुल 258 लोगों की मौत हुई है। मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों में तोड़फोड़ और आगजनी के सिलसिले में 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि लूटे गए करीब 3,000 हथियार बरामद किए गए हैं।

### प्रत्येक जिले में बनेगा नियंत्रण कक्ष

उन्होंने कहा, हमें सीएपीएफ की लगभग 90 कंपनियां मिल रही हैं, जो राज्य में पहले भेजी गई 198 कंपनियों से अधिक हैं। उनमें से काफी संख्या में कंपनियां पहले ही इंफाल पहुंच चुकी हैं। हम नागरिकों और संवेदनशील स्थानों की जान-माल की सुरक्षा के लिए बलों का वितरण कर रहे हैं। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रत्येक जिले में समन्वय प्रकोष्ठ और संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित करेंगे। इस बैठक में सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, असम राइफल्स, एसएसबी, आईटीबीपी और मणिपुर पुलिस के प्रतिनिधि शामिल हुए। सिंह ने कहा, समन्वय, कामकाज, सीमांत क्षेत्र की सुरक्षा, राष्ट्रीय राजमार्गों की सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के लिए बलों की तैनाती के लिए कई एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार की गई हैं।

### कड़ी सुरक्षा के बीच दफनाया गया पीड़ितों का शव

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को बैठक के परिणाम के बारे में जानकारी दी जाएगी, जैसा कि सभी समान मामलों में किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिरीबाम में अपहृत और मारे गए छह लोगों सहित पीड़ितों सहित नौ शवों को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक दफनाया गया। शवों में तीन महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं, जिन्हें कथित तौर पर 11 नवंबर को कुकी-जो उग्रवादियों ने जिरीबाम के बोरोबेकरा इलाके से एक राहत शिविर से अगवा कर लिया था, जब कुकी युवकों का एक समूह सीआरपीएफ के साथ मुठभेड़ में शामिल था, जिसमें उनमें से 10 मारे गए थे। सिंह ने कहा, सीआरपीएफ चौकी पर हमला किया गया, जिसके दौरान 10 उग्रवादियों को मार गिराया गया। इसके तुरंत बाद, यह पता चला कि तीन महिलाओं और तीन बच्चों का अपहरण कर लिया गया था। उन्होंने कहा कि यह पता लगाया जाएगा कि अपहरण सुरक्षा बलों की मौजूदगी में हुआ था या नहीं। सिंह ने कहा कि अपहरण में शामिल उग्रवादियों के सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन (एसओओ) समूहों से संबंधित होने की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसकी जांच की जाएगी।




### एनआईए कर रही है जांच

**उन्होंने कहा कि एनआईए मामले की जांच कर रही है। एसओओ समझौते पर केंद्र, मणिपुर सरकार और कुकी उग्रवादी संगठनों के दो समूहों - कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) और यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) ने हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते पर 2008 में हस्ताक्षर किए गए थे और उसके बाद समय-समय पर इसे बढ़ाया जाता रहा। पिछले साल मई से इंफाल घाटी में रहने वाले मैतेई और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी-जो समूहों के बीच हिंसा ने भारी नुकसान पहुंचाया है और हजारों लोगों को बेघर कर दिया है।**



# उदयपुर-रॉन्ग साइड से आ रही कार की डंपर से टक्कर

## कार सवार सभी 5 लोगों की मौके पर मौत, देर रात हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** उदयपुर में डंपर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में 5 युवकों की मौत हो गई। मृतकों में हेड कॉन्स्टेबल का बेटा भी था। हादसा रात गुरुवार करीब 12 बजे सुखेर थाना क्षेत्र के अंबेरी में हुआ। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है।

थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत ने बताया- कार में देलवाड़ा (राजसमंद) निवासी हिम्मत खटीक (32), उदयपुर के बेदला निवासी पंकज नगारची (24), खारोल कॉलोनी निवासी गोपाल नगारची (27), सीसारमा निवासी गौरव जीनगर (23) और कानपुर खेड़ा निवासी नारायण पिता मांगीलाल गमेती सवार थे। ये अंबेरी से रॉन्ग साइड में देबारी की तरफ जा रहे थे। तभी स्कोडा शोरूम से आगे अचानक सामने से डंपर आ गया। ढलान होने की वजह से डंपर रफ्तार में था।

डंपर के ड्राइवर ने कार को बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे जगह नहीं मिल पाई। उसकी कार से टक्कर हो गई। आमने-सामने की टक्कर में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। इसमें सवार सभी युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर सुखेर थाने से पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों और क्रेन की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड में कराया। लोगों की मदद से शव बाहर निकाले गए। सभी शवों को एमबी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। मृतकों में चार युवक उदयपुर और एक राजसमंद का रहने वाला था। कानपुर खेड़ा (उदयपुर) निवासी नारायण शादीशुदा था। उसके तीन माह की बेटी है। अन्य चारों युवक अविवाहित थे।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए



बढ़ता राजस्थान

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया है। मौके से सभी के शव और 3 ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। भेज्जी के दंतेसपुरम, कोराजुगुड़ा, नागाराम के जंगल में डीआरएफ और सीआरपीएफ की कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। इलाके में सर्चिंग जारी है। इस साल 1 जनवरी से 22 नवंबर तक 207 नक्सली मारे गए हैं। बस्तर आईजी सुंददराज पी ने कहा कि इस मुठभेड़ में एके-47, इंसास, और एसएलआर समेत अन्य हथियार भी बरामद किए गए हैं। सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने इसे बड़ी सफलता बताया। जवान मौके पर ही हैं। लौटेंगे तो ज्यादा जानकारी मिलेगी।

### ओडिशा के रास्ते सीजी में घुसे थे नक्सली

सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि भेज्जी के जंगल में नक्सलियों का जमावड़ा है। इसके बाद जवानों को रवाना किया गया, जहां नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। एक दिन पहले ही भारी संख्या में नक्सली ओडिशा के रास्ते सीजी बॉर्डर में घुसे थे। इस दौरान ओडिशा पुलिस के साथ मुठभेड़ भी हुई थी। इसमें एक नक्सली मारा गया था, वहीं एक जवान घायल हुआ था। इसके बाद छत्तीसगढ़ फोर्स अलर्ट पर थी।

# राहुल ने एयर पॉल्यूशन पर वीडियो शेयर किया

## बोले- ये नेशनल इमरजेंसी, बच्चों का भविष्य छीन रहा और बुजुर्गों का दम घोंट रहा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उत्तर भारत में बढ़ते एयर पॉल्यूशन पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने अपने ट्वीटर अकाउंट पर वीडियो और मैसेज शेयर किया है। राहुल ने लिखा, उत्तर भारत में एयर पॉल्यूशन नेशनल इमरजेंसी है।

ये पब्लिक हेल्थ क्राइसिस है, जो हमारे बच्चों का भविष्य छीन रहा है और बुजुर्गों का दम घोंट रहा है। एक पर्यावरणीय और आर्थिक आपदा जो अनगिनत लोगों की जिंदगी बर्बाद कर रहा है। उन्होंने लिखा- हमारे बीच सबसे गरीब लोग सबसे ज्यादा पीड़ित हैं, जो अपने आस-पास की जहरीली हवा से बच नहीं पाते। परिवार स्वच्छ हवा के लिए तरस रहे हैं, बच्चे बीमार पड़ रहे हैं और लाखों लोगों की जिंदगी खत्म हो रही हैं। पर्यटन घट रहा है और हमारी वैश्विक प्रतिष्ठा गिर रही है। राहुल ने कहा- कुछ दिनों में संसद की बैठक होने वाली है। वहां सांसदों को हमारी जलती आंखे और गले की दिक्कत से पॉल्यूशन की परेशानी याद आएगी। ये हमारी जिम्मेदारी है कि हम एक साथ आएं और चर्चा करें कि भारत इस संकट को हमेशा के लिए कैसे खत्म कर सकता है।

# प्रधानमंत्री के संरक्षण से अडाणी का अवैध व्यापार फला-फूला, अडाणी पर बीजेपी क्यों सफाई दे रही है : डोटासरा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अडाणी मामले में बीजेपी और पीएम मोदी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। डोटासरा ने कहा- बीजेपी वाले और प्रधानमंत्री अडाणी के बारे में एक शब्द नहीं बोलेंगे। अमेरिकी कोर्ट से अडाणी को समन जारी होने पर बीजेपी को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सफाई देने की कहां जरूरत थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस तो अडाणी को करनी चाहिए थी। लेकिन बीजेपी को क्या जरूरत पड़ गई?

डोटासरा ने कहा- देश में हर चीज का ठेका अडाणी को ही मिल रहा है। यह हम सबके लिए चिंता का विषय है। हर चीज अडाणी को इसलिए मिल रही है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री से अडाणी की सेटिंग है। प्रधानमंत्री के संरक्षण में अडाणी का यह व्यापार अवैध रूप से फल फूल रहा है। इसलिए कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि उनकी जांच की जाए। दोषी अफसरों और नेताओं को पकड़ा जाए। उन्हें जेल में डाला जाए। जो मध्यम वर्ग के लोग इन्वेस्ट करते हैं, उन्हें धोखे से बचाया जाए। डोटासरा कांग्रेस वॉर रूम में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। डोटासरा ने कहा- अडाणी कांग्रेस राज में इन्वेस्ट कर गया। इन्वेस्ट करना पाप नहीं है। उस इन्वेस्ट के नाम पर धोखाधड़ी करना भ्रष्टाचार करना लोगों को ठगना अपराध है। निवेशकों से धोखाधड़ी करना अपराध है। अडाणी पर अमेरिकी कोर्ट में दस्तावेजों के बाद अब साफ हो गया है कि निवेशकों से धोखाधड़ी की। रिश्वत देकर महंगी बिजली बेचने की डील का भार आम लोगों पर ही पड़ा है। इस पूरी घटना की जांच होनी चाहिए।

डोटासरा ने कहा- समरावता की घटना पर मुख्यमंत्री कुछ नहीं बोले। मुख्यमंत्री तो दिल्ली की पर्ची पर ही बोलेंगे।

### पीएम ने लाल डायरी पर न जाने क्या क्या आरोप लगाए, अब उनका क्या हुआ

**डोटासरा ने कहा- पीएम मोदी ने इतनी बड़ी-बड़ी बातें की थीं। पता नहीं क्या-क्या आरोप लगाए थे। लाल डायरी के नाम पर देश के प्रधानमंत्री के मुंह से क्या-क्या नहीं बुलवाया। अब कहां गई वो सब बातें? उन सारी बातों का क्या हुआ?**

**आरोप लगा करके बिल में घुस जाना यह नहीं होना चाहिए, आप कोई आरोप लगते हैं तो जांच करने के लिए स्वतंत्र हैं। यह सरकार भी स्वतंत्र है। ऊपर वाले भी स्वतंत्र हैं। अब तो दोनों मिलकर जांचें करें। अब तो अमेरिका भी साथ रहेगा।**


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com